CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 261 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपा : महबूबा मुफ्ती पेज 2



मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी के दफ्तर में जमा कराई खेल टाइम्स



अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती सम्पादकीय



अमेरिका में शटडाउन हुआ लागू, सरकारी कामकाज ठप पेज 12

# मुजफ्फरनगर: हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, छह की मौत

## एक की हालत गंभीर, करनाल से अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रहा था परिवार

शाह टाइम्स संवाददाता

**तितावी (मुजफ्फरनगर)।** बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। कार चालक को नींद की झपकी आने पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां- बेटा सहित तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई और एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर है।

हरियाणा के करनाल जिले के फरीदपुर के रहने वाले महेंद्र जुनेजा कैंसर से पीड़ित थे। 22 सितम्बर को हार्ट फैल होने से महेंद्र की मौत हो गई थी। बुधवार को उनकी अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी परिवार के लोग दो कारों में सवार होकर करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। एक कार में सवार महेंद्र की पत्नी, एक बेटा, दो बहनें, एक -शेष पृष्ठ दो पर



■ अर्टिगा कार में चालक के अलावा परिवार के छह लोग थे सवार, मृतकों में मां-बेटा सहित 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल

### मृतकों के नाम

महेंद्र की पत्नी मोहिनी (45), बड़ा बेटा पीयूष (22), जीजा राजेंद्र (60) निवासी पानीपत, बहन विम्मी (50), छोटी बहन अंजू (46) और ड्राइवर शिवा (24) शामिल हैं।

### ड्राइवर रात को हिमाचल से आया था

हादसे में जान गंवाने वाला ड्राइवर शिवा पुत्र विनोद भी करनाल के फरीदपुर गांव का ही रहने वाला था। उसके 2 छोटे भाई अरुण और मोहित हैं। शिवा की 3 साल पहले दिल्ली की काजल से शादी हुई थी। उसका एक डेढ़ साल का बेटा रोनित है। परिवार ने बताया कि शिवा मंगलवार रात को हिमाचल में स्थित ज्वालाजी के दर्शन करके लौटा था। वह बुधवार को हरिद्वार नहीं जाना चाहता था, लेकिन कार मालिक ने आकर कहा कि बुकिंग हो चुकी है, इसलिए जाना पड़ेगा। इसके बाद शिवा घर से चला गया।

# घुसपैठियों से चुनौती मिल रही, सतर्क रहना होगा: मोदी

■ कहा: संघ के पास डेमोग्राफी में बदलाव रोकने का रोडमैप

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आरएसएस के शताब्दी समारोह में बुधवार को कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई। चाहे प्रतिबंध लगे, या साजिश हुई हो। सभी का मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है।

उन्होंने इस मौके पर आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक जो लगातार देश सेवा में जुटे हैं। समाज को सशक्त कर रहे हैं, इसकी भी झलक इस डाक टिकट में है। मैं इसके लिए देश को बधाई देता हूं। डाक टिकट पर शराष्ट्र सेवा के 100 वर्ष (1925-2025) लिखा है। सिक्के पर एक तरफ 100, सत्यमेव जयते और भारत/इंडिया लिखा है। दूसरी तरफ, भारत माता और संघ कार्यकर्ताओं की आकृति उकेरी गई है। पीएम ने कहा कि डटकर मुकाबला करना है। दूसरे देशों पर -शेष पृष्ठ दो पर

### चैतन्यानंद के कॉलेज से सेक्स टॉय व पोर्न सीडी मिली

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी जिस कॉलेज में पढ़ाता था। उसके कैंपस से पुलिस को एक सेक्स टाय और पांच पोर्न सीडी मिली हैं। दिल्ली पुलिस बुधवार को चैतन्यानंद को लेकर कैंपस में छापेमारी करने गई थी। तलाशी के दौरान पुलिस को अश्लील सामग्री के अलावा प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और ब्रिटेन के एक अन्य नेता के साथ कथित तौर पर स्वामी की जाली तस्वीरें भी मिलीं। एक दिन पहले पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की थी।

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 15.50 रुपये बढ़ गए हैं। वहीं 14.12 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले इस साल मार्च के बाद लगातार छह बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1,580 रुपये की बजाय 1,595.50 रुपये का मिलेगा।

### सितम्बर में GST संग्रह 9.1% बढ़कर 1,89,017 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** जीएसटी के तहत कुल राजस्व संग्रह सितम्बर 2025 में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1,89,017 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि सितम्बर 2024 में सकल जीएसटी राजस्व 1,73,240 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल से सितम्बर तक कुल जीएसटी राजस्व संग्रह पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही की तुलना में 9.8 फीसदी बढ़कर 11,93,431 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सितम्बर में कुल जीएसटी रिफंड 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया।

## केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले दिया तोहफा

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 % बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिवाली और दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा। यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया।

अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा। इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपये का भार आएगा। मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2 प्रतिशत की गई थी। महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है। डीए की दरें ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (एआईसीपीआई) के आधार पर तय होती हैं, और यह हर 6 महीने में अपडेट होती है। कैबिनेट बैठक में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी गई है। इसमें से 7 गृह मंत्रालय के अंतर्गत आएंगे। वहीं 50 विद्यालयों को राज्य सरकार संभालेगी। इनमें से 20 स्कूल उन जिलों में खोले जाएंगे जहां पहले से कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गेहूं की एमएसपी 160 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। वहीं रबी सीजन 2026-27 में सरकार 297 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का अनुमान लगा रही है। रबी सीजन 2026-27 के दौरान अनुमानित खरीद 297 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है और प्रस्तावित एमएसपी पर किसानों को भुगतान की जाने वाली राशि 84,263 करोड़ रुपये है। कैबिनेट ने एनएच-715 पर कालिबोर-नुमालिगढ़ के बीच 86 किलोमीटर लंबे रास्ते को फोर-लेन बनाने की मंजूरी दी। ये हाईवे तेजपुर और झांजी को जोड़ता है। फिलहाल, इस पर कुछ दूरी दो लेन की है। इस पर 6,967 करोड़ रुपये खर्च आएगा। बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिली है, जिसपर 1,500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले दो फेज पूरे हो चुके। जिस पर सरकार ने कुल 2,388 करोड़ रुपये खर्च किए थे और 721 अनुदान जारी किए थे। थर्ड फेज के तहत 401 रिसर्चर को 6 साल तक सपोर्ट। इसमें 192 रिसर्च फेलोशिप, 106 अनुदान और 103 रिसर्च मैनेजमेंट शामिल है।




■ 49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा, एक जुलाई से लागू, तीन महीने का एरियर मिलेगा

■ 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की भी मिली मंजूरी, गेहूं का एमएसपी 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

# जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई

## आरबीआई ने रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी।

तमाम बाजार विश्लेषकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के दावों के बीच अनुमान जताया गया था कि आरबीआई एमपीसी इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखेगी। आरबीआई के इस फैसले से जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई। आरबीआई गवर्नर ने बुधवार को नीतिगत दरों को बरकरार रखने का ऐलान करते हुए बताया कि अनुकूल मानसून, कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक नरमी से आर्थिक वृद्धि की संभावना मजबूत बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसलों का एलान करते हुए कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से महंगाई पर मजबूत असर पड़ेगा। इसके साथ ही उपभोग और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया।

■ जीएसटी में सुधारों से महंगाई पर पड़ेगा असर

### यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का प्रस्ताव नहीं

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से लेनदेन पर शुल्क लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि फिलहाल यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव आरबीआई की ओर से नहीं है। लोन पर स्मार्टफोन खरीदने के बाद उसकी किस्त न भर पाने की स्थिति में बैंक को फोन लॉक करने का अधिकार देने के बारे में पूछे जाने पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह अभी परीक्षणाधीन है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# एनसीआरबी रिपोर्ट: देश में सात प्रतिशत बढ़ा क्राइम

**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने मंगलवार को देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट सार्वजनिक की। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में देश में कुल 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए। ए 2022 की तुलना में 7.2 फीसदी ज्यादा हैं।

देशभर में महिलाओं पर 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान (5,078 केस)का पहला स्थान है। हत्या के मामले में यूपी (3,206 केस) सबसे आगे है। वहीं, देशभर में बड़े क्राइम जैसे हत्या, दुष्कर्म और लूट के मामलों में कमी देखी गई है। हालांकि इनमें दुष्कर्म के केस सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। दूसरे नंबर पर हत्या और तीसरे पर लूट के केस दर्ज हुए। इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में हत्या और अपहरण के मामलों में उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे ऊपर हैं। यानी गंभीर अपराधों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में इन दोनों राज्यों में सबसे अधिक है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी यूपी टॉप पर है, जो राज्य में बढ़ती ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं को दर्शाता है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में कुल 86,420 केस दर्द किए गए। साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। देश में सबसे कम साइबर क्राइम सिक्किम में दर्ज किए गए। 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराधों की दर 39.9 प्रति एक लाख बाल जनसंख्या रही, जो 2022 में 36.6 थी। इन मामलों में अपहरण (79,884, 45 फीसदी) और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध (67,694, 38.2 फीसदी) सबसे प्रमुख रहे।




अतिशय क्षेत्र वहलना के जैन मन्दिर की रथ यात्रा में सम्मिलित होने वाले सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक अभिनंदन
PARAS TMT
Leaders in TMT Bars
विपिन कुमार जैन चेयरमैन ★ संजय कुमार जैन डायरेक्टर ★ राजीव कुमार जैन डायरेक्टर

## संक्षिप्त समाचार

### अतीक का बेटा अली अहमद झांसी जेल में स्थानांतरित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कारागार नैनी में पिछले 38 महीने से बंद अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को बुधवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जेल में ट्रांसफर कर दिया गया। प्रयागराज के प्रॉपर्टी डीलर से पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में अली अहमद 30 जुलाई 2022 से नैनी जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में बंद था। उसका नाम उमेश पाल हत्याकांड में भी आया है। बुधवार को नैनी जेल प्रशासन को देर रात शासन से ट्रांसफर का आदेश मिला, जिसके बाद सुबह करीब आठ बजे भारी पुलिस बल के साथ अली को झांसी के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सख्त सुरक्षा प्रबंध किए गए। बताया जा रहा है कि 17 जून को डीआईजी जेल के औचक निरीक्षण में अली के बैरक में 1100 रुपये नकद मिले थे, जिसके बाद जेलकर्मियों पर कार्रवाई हुई थी। इसी के चलते अली को अन्य जेल में शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया तेज हुई थी।

### जुबीन गर्ग मौत में नामजद आरोपियों को हिरासत में भेजा

**गुवाहाटी।** विश्व विख्यात गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद दो आरोपियों श्यामक. ानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा को बुधवार को एक अदालत ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया । एसआईटी ने दोनों आरोपियों को मंगलवार देर रात दिल्ली में गिरफ्तार किया गया और आज सुबह गुवाहाटी स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए उन्हें 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया।

# कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपाः मुफ्ती

## कहाः लोगों को जबरन राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो




- पीडीपी प्रमुख ने 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की
- पुलिस स्कूल की जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में राष्ट्रगान के दौरान खड़े न होने के आरोप में 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष मुफ्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है। जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है। यह सरकार की विफलता है। दरअसल, 30 सितम्बर की शाम श्रीनगर के टीआरसी फुटबक्क्ल मैदान राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान वहां मौजूद 15 युवक खड़े नहीं हुए। मामला सामने आने पर पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया था। महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को श्रीनगर में मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट (एमईटी) स्कूल का दौरा किया। मुफ्ती ने मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट स्कूल के मैदान का दौरा करने के बाद कहा कि पुलिस इस जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही है, जिससे स्थानीय लोगों और युवाओं को खेल का मैदान खोना पड़ सकता है। हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं डीजीपी से आग्रह करती हूं कि इस मैदान को बचाया जाए। इसके अलावा उन्होंने चटाबल इलाके के डेयरी फार्म मैदान का भी दौरा किया। यहां स्थानीय लोग लंबे समय से इसे सार्वजनिक खेल मैदान के रूप में बचाए रखने की मांग कर रहे हैं। यह मैदान दशकों से खेलों के लिए इस्तेमाल हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मन की बात में पुलवामा की नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की थी। इसलिए सेना को भी चाहिए कि यह मैदान युवाओं से न छीना जाए।

# उप्र में मृतक आश्रित कोटे में अब उच्च पद पर नहीं मिलेगी नौकरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समूह ग और घ के पद पर कार्यरत कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मौत होने पर उसके आश्रित को उसी श्रेणी से उच्च पदों पर नौकरी नहीं दी जाएगी।

प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (चौदहवां संशोधन) नियमावली-2025 जारी कर दी है। नियमावली के नियम 5 (1) में इसका प्रावधान कर दिया गया है। अब मृतक सरकारी सेवक जिस समूह में मृत्यु के समय कार्यरत था, उसके आश्रित को उस समूह से उच्चतर वर्ग में नौकरी नहीं दी जाएगी। नौकरी पाने के दौरान यदि उसे टाइपिंग नहीं आती है, तो उसे एक साल में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट करना सीखना होगा। अनुकंपा पर नौकरी पाने वाला यदि एक साल में टाइपिंग नहीं सीख पाता है तो उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर कर दिया जाएगा और वह तय समय में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है, तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि में आने वाले पदों या पूर्व में इसमें आने वाले या फिर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से भर्ती होने वाले पदों पर आश्रितों को अनु. कंपा पर नौकरी नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल प्रेमलता बनाम राज्य सरकार व अन्य में 5 अक्तूबर 2021 में पारित आदेश के आधार पर यह फैसला किया गया है।

# योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में सिख समाज ने दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** महाराष्ट्र के मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को प्रदेश के 45 जिलों से आए सिख समाज के प्रतिनिधियों ने लखनऊ में धरना देकर विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया भी साथ मे थी। परिवर्तन चौक पर धरना दे रहे सिख समाज ने मौलाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गुरु गोविन्द सिंह सेवा समिति उप्र के महामंत्री सरदार परवीन्दर सिंह एडवोकेट ने कहा की सिख समाज सभी धर्मो का सम्मान करता है एवं राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहता है। महाराष्ट्र के मौलाना के द्वारा जिस प्रकार से मुख्यमंत्री के विषय में निष्कृष्ट शब्दों का उपयोग किया गया है, वह अत्यन्त निन्दनीय है व असहनीय है। उन्होंने कहा कि उप्र का सिख समाज एकत्र होकर आज यहां यह संदेश देना चाहता है कि मुख्यमंत्री जो कि सिख गुरुओ के प्रति गहरी श्रद्धा एवं आस्था रखते है एवं संत प्रवृत्ति के है। ऐसे कर्म योगी के विषय में कोई भी अनैतिक कार्य सिख समाज बर्दाश्त नही करेगा एवं स्वयं ढाल बनकर खड़ा होगा। कानपुर से आए हुए उत्तर प्रदेश सिख फाउण्डेशन के अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा एवं सरदार खीन्दर सिंह रिन्कू तथा गुरुविन्दर वासू एवं राजेन्द्र सिंह नीटा ने मुख्यमंत्री के द्वारा सिख समाज के लिए किए गए कार्यो के विषय में विस्तार से बताया। बहराइच गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने मुख्यमंत्री को सनातन धर्म रक्षक बताया एवं उनके लिए सदैव खड़े रहने की बात कही।

## आरएसएस ने देश को फायदा पहुंचाने वाला कोई काम नहीं किया

# संघ के सौ साल पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो




- कहाः इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) 100 साल का हो चुका है, लेकिन अपनी स्थापना से अब तक उसने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे देश को फायदा हुआ है।

कांग्रेस ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर एक बयान में संघ पर अंग्रेजों का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया है। पार्टी ने कहा कि संघ का आज शताब्दी वर्ष है लेकिन इन सौ वर्षों में इस संगठन ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिससे देश को नुकसान छोड़ कोई फायदा पहुंचाया हो। पार्टी ने संघ को देश को बांटने वाला संगठन बताया और कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान उसके नेता न जेल गए और न ही अंग्रेजों ने उस पर कभी प्रतिबंध लगाया था। कांग्रेस ने तीखा हमला करते हुए कहा कि 1942 में अंग्रेजों के खिलाफ शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन में जब पूरा देश जेल जा रहा था, तब संघ इस आंदोलन को दबाने में अंग्रेजों की मदद कर रहा था। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस संगठन का एक भी नेता आजादी की लड़ाई में जेल नहीं गया और महात्मा गांधी, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे देशभक्तों और क्रांतिकारियों को अराजक कहकर ब्रिटिश शासन के पक्ष में काम करता रहा। पार्टी ने संघ पर यह भी आरोप लगाया कि उसने संविधान निर्माण के लिए अपने एक भी प्रतिनिधि को संविधान सभा में नहीं भेजा था इसलिए शुरु से ही वह (संघ) संविधान को नकारता रहा है।

### संघ बताए, सौ साल में दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं किया : संजय सिंह

**लखनऊ।** आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि आरएसएस में राष्ट्रीय शब्द लगा होने के बावजूद, यह संगठन देश की 85 प्रतिशत आबादी (दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों) का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं करता है। बुधवार को सांसद संजय सिंह ने पूछा कि 100 सालों के इतिहास में एक भी दलित, पिछड़ा या आदिवासी आरएसएस का प्रमुख क्यों नहीं बना। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि आज तक एक भी महिला को भी संघ का प्रमुख क्यों नहीं बनाया गया। उन्होंने आरएसएस पर मनुवादी व्यवस्था और जातीय भेदभाव तथा छुआछूत की व्यवस्था में विश्वास रखने का आरोप लगाया और कहा कि यह संगठन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और उनके संविधान के खिलाफ है। उन्होंने जनता से ऐसे संगठनों से सावधान रहने की अपील की। संजय सिंह ने आरएसएस के आजादी के आंदोलन में योगदान पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सच्चाई को देश की जनता को जानना बहुत जरूरी है।

सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70

सोना रु. 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 145120
प्रति किलो



# झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स भी उछला



**मुंबई।** मौद्रिक नीति और सुधारों पर रिजर्व बैंक के बयान के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और लगातार आठ कारोबारी सत्रों की गिरावट से उबरता हुआ बीएसई का सेंसेक्स लगभग 716 अंक उछल गया।

केंद्रीय बैंक ने आज बैंकिंग में सुधार और ऋण उठाव को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्तावों की घोषणा की। इससे निजी बैंकों के शेयरों में अच्छी खासी तेजी देखी गई। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक और यात्री वाहनों के कारोबार को अलग करने के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा के बाद उसके शेयरों में 5.54 प्रतिशत का उछाल देखा गया। सेंसेक्स 715.69 अंक (0.89 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.20 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी इसी तरह की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत बढ़ गया। एनएसई में निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक 1.97 प्रतिशत और फार्मा का 1.30 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। स्वास्थ्य समूह, रियलिटी, ऑटो, आईटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर को छोड़कर अन्य सभी में तेजी रही। एनएसई की जिन 3,159 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,199 में बढ़त में और 875 गिरावट में बंद हुए जबकि अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 5.54 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक में 3.45 प्रतिशत, ट्रेंट में 3.31 प्रतिशत, सनफार्मा में 2.58 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.43 फीसदी की तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.77 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.48 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.33 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.26 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.20 प्रतिशत, इटनरनल का 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 1.04 प्रतिशत और आईटीसी का 1.01 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। टीसीएस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। सबसे अधिक 1.10 फीसदी की गिरावट बजाज फाइनेंस में देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.97 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.86 फीसदी और टाटा स्टील का 0.71 फीसदी टूट गया।

# सोना-चांदी के दाम ऑलटाइम हाई पर

**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम एक अक्टूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,983 रुपये बढ़कर 1,17,332 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले ये 1,15,349 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 2,686 रुपये महंगी होकर 1,45,120 पर पहुंच गई। कल ये 1,42,434 रुपये पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 41,170 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,17,332 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 59,103 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,45,120 रुपये प्रति किलो हो गई है। 1.55 लाख रुपये तक जा सकता है सोना गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डालर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपये में यह लगभग 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम होगा।

# बुनियादी बचत खातों पर भी मिलेगी डिजिटल बैंकिंग की सुविधा

**मुंबई।** बुनियादी बचत बैंक खातों पर भी अब न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के बिना डिजिटल बैंकिंग की सुविधा मिलेगी।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में कहा किबुनियादी बचत बैंक खाताधारकों को न्यूनतम बैलेंस न रखने के लिए कोई शुल्क लगाए बिना दी जाने वाली सेवाओं में डिजिटल बैंकिंग (मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग) को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया है कि बुनियादी बचत खातों पर कुछ बुनियादी सुविधाएं बिना किसी शुल्क के मिलती हैं। मौजूदा परिस्थितियों में लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका विस्तार करने की योजना है ताकि वित्तीय समावेशन बढ़ सके।

इसके अलावा, आम लोगों की सुविधा के लिए बैंकों में दो आंतरिक ओम्बुड्समैन की प्रणाली को मजबूती प्रदान कर शिकायत निवारण को ज्यादा प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, रिजर्व बैंक ओम्बुड्समैन योजना में भी बदलाव किए जाएंगे और इसमें ग्रामीण सहकारी बैंकों को भी शामिल किया जाएगा।

### चौहान ने बढ़े एमएसपी पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि दलहन मिशन और रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए इजाफे से खेती और किसानों के कल्याण पर खासा असर पड़ेगा। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि वह देश के किसानों की ओर से इन निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। ये फैसले देश की खाद्य, पोषण सुरक्षा और किसान कल्याण और कृषि पैदावार के क्षेत्र में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए संसाधनों एवं योजनाओं को समग्र रुप से जोड़ने की दिशा बनाई है और यह किसानों के प्रति मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता को दर्शाता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर...**जीजा और ड्राइवर की मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। हादसा बुधवार सुबह 6 बजे के करीब पानीपत-खटीमा हाईवे 709 एडी पर जयत्रिदेव फेमिली ढाबा (तितावी) के सामने हुआ। हादसा इतना भीषण था कि अर्टिगा कार संख्या एचआर 97ए-4097 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अर्टिगा का अगला हिस्सा ट्रक में फंस गया। मो. हिनी, पीयूष, राजेंद्र, विम्मी और ड्राइवर शिवा की मौके पर मौत हो चुकी थी। अंजू और हार्दिक गंभीर रूप से घायल थे। मृतक करनाल के फरीदपुर और पानीपत के रहने वाले थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। एम्बुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को तुरंत बघरा सीएचसी ले जाया गया। यहां से अंजू को मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया जहां अस्पताल में अंजू ने भी दम तोड़ दिया। हार्दिक की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे पानीपत के लिए निजी अस्पताल में लेकर आए हैं। दूसरी गाड़ी ब्रेजा को ड्राइवर संदीप चला रहा था। इस गाड़ी में महेंद्र का भाई आत्मप्रकाश, सुरेंद्र, बहन मंजू और उसका साला बाबू था। हादसे के बाद इन लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। महेंद्र की सेनेटरी की दुकान थी-महेंन्द्र के भाई राजेंद्र ने बताया कि भाई महेंद्र जुनेजा की पिछले 7 साल से पानीपत में सेनेटरी स्टोर की दुकान है। उसके 2 बेटे- पीयूष और हार्दिक हैं। पीयूष ने 12वीं करने के बाद कॉलेज में एडमिशन लिया था। हादिक 10वीं क्लास में था। पिता के बीमार होने के बाद दोनों भाई दुकान संभालते थे। एसएसपी संजय वर्मा और जिलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। एसएसपी ने बताया की हादसे में हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले 6 लोगों की मौत हुई है।

**घुसपैठियों से..** आर्थिक निर्भरता, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र जैसी चुनौतियों से हमारी सरकार तेजी से निपट रही है। स्वयंसेवक होने के नाते मुझे खुशी है कि संघ ने इसके लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रही है। हमें इससे सतर्क रहना है। पीएम ने कहा कि विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर किया। स्वयं सेवक सबसे आगे खड़े थे। यह केवल राहत नहीं राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का काम था। 1956 में अंजार के भूकंप में भी स्वयं सेवक राहत बचाव में जुटे थे। गुरुजी ने लिखा था कि किसी दूसरे के दुख को दूर करने खुद कष्ट उठाना निस्वार्थ हृदय का परिचायक है। उन्होंने कहा, 1962 के युद्ध के समय स्वयं सेवकों ने सीमा पर जवानों की मदद की। 1971 के युद्ध के बाद में देश में आए लोगों को सहायता दी। 1984 के दौरान सिख दंगों के पीड़ितों की मदद की।

# खेत में काम करने से मना किया, तो किसान ने दो किशोरों को मार डाला फिर पत्नी और बच्चियों संग दी जान

- बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में दिल दहला देने वाली घटना

**बहराइच।** बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में बुधवार सुबह एक ग्रामीण ने दो किशोरों को खेत में लहसुन की बोवाई के लिए बुलवाया, सभी ने लहसुन की बोवाई से इन्कार किया, तो धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद को परिवार सहित कमरे में बंद कर आग के हवाले कर दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इस अग्निकांड में दंपती व दो बेटियां समेत चार लोग जिंदा जल गए, चार मवेशियों की भी झुलसकर मौत हुई है। गांव निवासी विजय कुमार खेती बाड़ी और पशुपालन का काम करता था। बुधवार सुबह खेत में लहसुन की बोवाई के लिए विजय ने गांव निवासी सूरज यादव (14)पुत्र लच्छी राम और सनी वर्मा (13) पुत्र ओमप्रकाश को घर बुलवाया। दोनों ने नवरात्र का अंतिम दिन होने के चलते घर पर काम अधिक होने की बात कह कर खेत में काम करने से इन्कार कर दिया। इसी बात से गुस्साए विजय ने अपने घर के आंगन में धारदार हथियार से दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद विजय ने खुद को पत्नी व बेटियों सहित कमरे के अंदर बंद कर घर में आग लगा ली। आग लगने पर कमरे में बंद लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया।

गांव के लोग दौड़े, लेकिन आंगन में लहूलुहान दो लाशों को देखकर सभी के होश उड़ गए। उधर कमरे के अंदर आग की लपटों से घिरे लोग चीख चिल्ला रहे थे। सूचना पर फायर ब्रिगेड और रामगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। रामगांव थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूरज यादव और सनी वर्मा की धारदार हथियार से हत्या की गई है। कमरे के अंदर से विजय यादव उसकी पत्नी और दो बेटियों के शव निकाले गए हैं। उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकार महसी मौके पर पहुंचे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भगवा लव ट्रैप : सीओ सिविल लाइन ने एसएसपी को सौंपी जांच रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वर्ष 2019 में हुए दंगे-बलवे के बाद युवा सेवा समिति के अध्यक्ष रहे बदर अली द्वारा कई ऐसे काम किए जा रहे हैं जिससे समाज में द्वेष फैलाने के आरोप लग रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि संस्था की ओर से अनैतिक और असमाजिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। गौरतलब है कि 5 माह पूर्व फायजा नामक छात्रा ने थाना मेडिकल में एक मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें उसकी छवि खराब करते हुए भगवा लव ट्रैप के नाम का विवादित कैंपेन के माध्यम से देश और समाज का सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया गया था। मामले में चली जांच पड़ताल के बाद पिछले हफ्ते थाना मैडिकल पुलिस ने दो आरोपियों फिरोज और कासिम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया लेकिन इसी बीच मामले में सीओ सिविल लाइन के यहां चल रही जांच में एक बड़ा खुलासा सामने आया है। जांच अनुसार युवा सेवा समिति के अध्यक्ष थाना देहलीगेट निवासी बदर अली और उनके भाई शादाब अली पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर समाज में द्वेष फैलाने और भगवा लव ट्रैप के नाम पर हिंदू और मुसलमान के बीच नफरत फैलाने जैसे आरोप के साथ इस काम का मास्टरमाइंड बताया गया है। आरोप है कि बदर अली के सोशल मीडिया के पेज पर अपलोड पोस्ट अनुसार, हिन्दू लड़कों के साथ चली गई या रह रही मुस्लिम युवतियों को लोभ लालच देकर या उनका माइंड वॉश करके इस्लाम में उनका धर्म संपरिवर्तन कराया जाने के लिए एक मिशन चल रहा है। मिशन से जुड़ी पोस्ट को भगवा लव ट्रैप जैसा विवादित नाम दिया गया है जिसको आगामी चुनाव से जोड़ते हुए शहर सहित बाहर के शहरों के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया जाता है। सूत्रों की माने तो जांच के दौरान पूछताछ में बदर अली और शादाब अली ने भगवा लव ट्रैप कैंपेन चलाना और उससे पोस्ट को सोशल मीडिया पर वायरल और शेयर करना कुबूल किया है। मामले में सीओ ने एसएसपी विपिन टाडा को रिपोर्ट सौंप दी है जिसमे बदर अली और शादाब अली के भगवा लव ट्रैप के अपराध को थाना मेडिकल वाले मुकदमे में समायोजित करके दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्यवही करने की बात कही गई है।

**बदर अली सहित कई पर लगे हैं साम्प्रदायिकता फैलाने के आरोप**

आरोप है कि इसी प्रकार की अनैतिक व अवैध गतिविधयों की आड़ में एकत्रित किए गए संस्था कोष में करोड़ों रुपये का गबन और फ्रॉड करने के मामले में अधिवक्ता शमीम चौधरी द्वारा बदर अली व उनके साथियों के विरुद्ध दर्ज कराए गए लगभग आधा दर्जन मुकदमे मेरठ न्यायालय में चल रहे हैं। दर्ज मुकदमों में से एक में अपने खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर बदर अली हाईकोर्ट से तीन हफ्तों का स्टे लेकर आए हैं। स्टे लाने के बाद से शमीम चौधरी को मुकदमे वापस करने के लिए धमकी मिल रही। धमकियां से संबंधित एक रिकॉर्डिंग के आधार पर बदर अली





























# चांदसमंद में देर रात चली गोली, युवक गंभीर

## दोस्तों की कहासुनी और कमेंटबाजी में बिगड़ा मामला, पुलिस ने जांच शुरू की

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** क्षेत्र के गांव चांदसमंद में मंगलवार देर रात चली गोली से गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि दोस्तों के बीच कहासुनी और कमेंटबाजी इतना बढ़ गई कि मामला गोलीबारी तक पहुंच गया। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।ग्रामवासियों के अनुसार, रितिक पुत्र षिपाल, सचिन पुत्र नामालूम और एक अज्ञात युवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान अभिषेक व विनीत पुत्र प्रमोद पर तमंचा तान दिया गया और फायर कर दिया। छर्रे लगने से विनीत लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।ग्रामीणों ने बताया कि विवाद में शामिल युवक आपस में दोस्त हैं और पहले भी लूटपाट के मामले में जेल जा चुके हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान घटनास्थल से 12 बोर का खोखा बरामद किया गया।

चौकी प्रभारी विनय शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर छानबीन शुरू कर दी। घायल विनीत को सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।घायल के पिता ने आरोपियों रितिक और सचिन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम सक्रिय कर दी गई है और जल्द ही गिरफ्तारी कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सफेदा कट पर कार-बाइक की टक्कर

**खतौली।** खतौली। मंगलवार को सफेदा कट पर कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सफेदा कट पर एक सा लेटी कलर की स्विफ्ट डिजायर DL1CiQ4144 जो सुरेंद्र सिंह पुत्र रंजीत सिंह रावत चला रहे थे, की टक्कर सामने से आ रही पैशन प्रो मोटरसाइकिल UK07BK1862 से हो गई। बाइक पर अंकित पुत्र राम अवतार और उसकी पत्नी रानी निवासी केलिकप्साड, जिला मेरठ सवार थे।हादसे में दोनों घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया।

## टंढ़ेड़ा में सरकारी मंडी की भूमि कब्जाने का आरोप

**मोरना।** टंढ़ेड़ा गांव की कृषि मंडी भूमि को कब्जाने का आरोप दबंग पर लगाते हुए।समाज सेवी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मंडी को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। थाना ककरौली क्षेत्र के टंढ़ेड़ा गांव निवासी प्रवीण कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र देते हुए बताया कि करीब 15 वर्ष पहले फसलों के संरक्षण व बाजार के लिए गांव में सरकारी कृषि मंडी बनी थी। गांव का ही एक व्यक्ति सीमेंट व सैटरिंग आदि की दुकान करता है। आरोप है कि उसने कृषि मंडी स्थल में कुछ समय बाद ही अपना सीमेंट व ढूले आदि का सामान रखकर कृषि मंडी पर अपना कब्जा स्थापित कर लिया है। जिससे इस मंडी में किसानों के लिए खाली जगह नहीं बची है। जिसमें वे अपनी फसलें सुरक्षित रख सकें। पीड़ित का आरोप है कि कृषि मंडी खाली करने को कहने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसके घर आकर धमकी दे रहा है कि तू मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# लंका दहन को देखकर बच्चों ने लगाए जय श्रीराम के नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वॉ श्री रामलीला महोत्सव मे श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुराग सिंघल निदेशक दून वैली पब्लिक स्कूल एवं अमित कुमार गोराँगी मोटर्स द्वारा प्रभु श्री राम की की आरती व दीप प्रज्वलित कर किया गया कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल मंत्री अशोक गर्ग कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने अपनी पूरी कमेटी के साथ अतिथियों का पटके पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुराग सिंघल ने कहा कि श्री रामलीला मंचन के माध्यम से बच्चों में संस्कार आते हैं

इसलिए अपने बच्चों को जरूर रामलीला मंचन दिखाएं तत्पश्चात मथुरा से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा सीता खोज व लंका दहन की लीला का भव्य मंचन किया गया जिसमे माता



सीता की खोज के लिए जामवंत जी हनुमान जी को समुद्र पार करने के लिए उनकी शक्तियां याद दिलाते हैं हनुमान जी ने समुद्र पार कर रावण की लंका में प्रवेश करते हैं और देखते हैं कि अशोक वाटिका में माता सीता को प्रभु श्री राम के वियोग दुखी देख माता सीता को प्रभु श्री राम की मुद्रिका भेंट कर अपने आप को प्रभु श्री राम का दूत बताया वही हनुमान जी अशोक वाटिका को उजाड़ने लगे तो राक्षसो ने हनुमान जी को बंदी बनाकर रावण के समक्ष पेश किया रावण ने हनुमान जी को दंडित करने के लिए उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश दिया हनुमान जी ने अपनी आग लगी पूँछ से पूरी लंका का दहन कर दिया इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, विदित गुप्ता, संजय जिंदल काका, राजेंद्र सिंघल, विनोद संगल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल, अचिन सागर, कुलदीप शर्मा डॉ प्रदीप जैन, शरद गोयल, विनय अग्रवाल, राजेश गोयल, रवि गोयल, आदि उपस्थित रहे।

# लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** मात्र पांच रूपये के मासिक वेतन पर ग्राम बिरालसी के शिक्षक व जय जवान व जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने एकता और देशभक्ति का जो पाठ पढ़ाया था उसे भुला दिया गया पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जीवन की बहुमूल्य यादे जिले की माटी से जुडी हुई है उन्माद की साजिश से गाँव देहात के सद्भाव की जो क्षति हुई है ऐसे में उनके आदर्शो एवं श्रेष्ठ शिक्षा का याद आना स्वभाविक है । मात्र पांच रूपये के मासिक वेतन पर बिरालसी के महर्षि गुरुकुल में उनकी शिक्षक पद पर नियुक्ति हुई संस्कृत पढ़ाने की इच्छा उन्हें खींच लाई थी तब ब्रह्मचारीद्धछात्रऋउनकी पढ़ाई की दक्षता,सादगी और अनुशासन के कायल हो गए थे 55 ब्रह्मचारी उस समय गुरुकुल में थे अध्यापन के बाद वह गुरुकुल की गाय चराने जंगल में सोंटा लेकर जाते थे धीरे धीरे उनकी पहचान चोटा और सोंटा वाले मास्टर जी की हो गयी थी वह सदैव स्वदेशी,खादी और एकता की प्रेरणा देते थे जय जवान,जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री ने 1921-1923 के बीच अपने व्यक्तित्व की गरीमा से ग्रामीण आँचल की स्वाधीनता की अलख जगाई थी। स्वतन्त्रता संग्राम आंदोलन से जुड़ने के बाद उन्होंने शिक्षक के दायित्व को छोड़ दिया मालवीय और लाला लाजपत राय द्वारा लोक सेवक संघ कार्यकर्ता के रूप में उन्हें जिले की जिम्मेदारी सौपी गयी बेमिसाल शास्त्री के आदर्शो को नेता भूल गए है लेकिन आज के दौर में शिक्षक से पीएम के पद तक पहुंचे शास्त्री जी एकता का सन्देश आज बिखर गया है तथा लोगो की एकता अब टूटने लगी है।

## 1905 में पड़ी गुरुकुल की नींव

**चरथावल।** स्वामी दर्शानानंद सरस्वती ने सन् 1905 में बिरालसी में गुरुकुल की नींव रखी थी काशी विधापीठ में दर्शनशास्त्र में हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर शास्त्री बिरालसी पढ़ाने आये थे बंटवारे के बाद झेलम स्थित गुरुकुल के ब्रह्मचारियों को भी यहां पढ़ने के लिए भेजा गया था हालांकि 1951 में अपेक्षित मदद न मिलने के कारण गुरुकुल बन्द हो गया था वर्तमान में इसी नाम से यहां इंटर कॉलिज संचालित है वर्तमान में यहां पर गुरूकुल के नाम से गुरुकुल इंटर कॉलिज चल रहा है जिसमे शास्त्री का जन्म दिवस सादगी के साथ मनाया है 5 रूपये के मासिक वेतन पर बिरालसी गुरुकल के शिक्षक रहे शास्त्री जी ने लोगो को एकता का पाठ पढ़ाया था बिरालसी में शिक्षक रहते उन्होंने लोगो को जो एकता पर बल देने को कहा था लेकिन आज के दौर में लोगो ने एकता के पाठ को भुला दिया है और लोग एकता को छोड़ चुके है ।

## चोटा और सोंटा वाले मास्टर के नाम से जाने जाते थे शास्त्री

**चरथावल।** बिरालसी गुरुकुल के बाद लाल बहादुर शास्त्री अध्यापन के बाद वह गुरुकुल की गाय चराने जंगल में सोंटा लेकर जाते थे जिस कारण उनकी धीरे धीरे पहचान ष्चोटा और सोंटा वाले मास्टर जी की हो गयी थी ओर लोग उन्हें चोटा और सोंटा वाले मास्टर कहते थे ।

बेमिसाल शास्त्री के आदर्शो को नेता भूल गए है लेकिन आज के दौर में शिक्षक से पीएम के पद तक पहुंचे शास्त्री जी एकता का सन्देश आज बिखर गया है तथा लोगो की एकता अब टूटने लगी है

**कपिल राणा,ग्रामवासी**

दयानंद गुरुकुल इंटर बिरालसी से शास्त्री जी की यादे जुड़ी है देशभक्त लाल बहादुर शास्त्री ने बिरालसी बतौर शिक्षक अपनी अमिट छाप छोड़ी थी

**मास्टर लोकेश पुण्डीर**
**ग्राम प्रधान बिरालसी**

# सरकारी अस्पताल में सैंट जेवियर्स के बच्चों ने चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान की पहल में छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम ने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सामुदायिक सेवा का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए सरकारी अस्पताल, मीरापुर का दौरा किया और वहां सफाई अभियान चलाया।

अस्पताल में सफाई अभियान के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद नदीम ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई नहीं है, बल्कि यह अच्छे स्वास्थ्य और अनुशासित जीवन की नींव है।

उनके प्रेरणादायी शब्दों ने छात्रों के मन पर गहरी छाप छोड़ी और उन्हें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता की आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सजी वर्गीस ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को विद्यालय के बाहर भी इस भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। प्रधानाचार्य ने बच्चों को स्वच्छता का राजदूत बनने और अपने घरों व समुदाय में जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के बाद जब छात्र विद्यालय लौटे, तो उन्होंने अपने अनुभवों को साथियों के साथ साझा किया। इससे न केवल उनमें उत्साह और जिम्मेदारी की भावना बढ़ी, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी विकसित हुई। इस पहल ने जहां अस्पताल परिसर की सफाई में योगदान दिया, वहीं दूसरी ओर छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और जीवन कौशल का विकास भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव सर, मुदस्सिर सर, राजपाल सर, हरीश सर, सीमा मैम और राहुल का विशेष योगदान रहा।

# आगरा में सम्मानित हुए अंतर्राष्ट्रीय शायर नज्म

**मुजफ्फरनगर।** विगत दिवस साहित्य और शायरी की गंगा-यमुनी परंपरा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने वाले अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर नज्म मुजफ्फरनगरी को आगरा में आयोजित भव्य साहित्यिक समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं साहित्य श्री सम्मान से अलंख्रत किया गया। यह अवसर आगरा के हरी पर्वत स्थित यूथ हॉस्टल, संजय पैलेस में आयोजित साहित्यिक महोत्सव का था, जिसे रूबरू फाउंडेशन आगरा इकाई ने भव्यता के साथ संपन्न किया।



गालिब और रामचंद्र शुक्ल को समर्पित था आयोजन

इस वर्ष का यह साहित्य उत्सव दो महान साहित्यिक विभूतियों, उर्दू के अमर शायर मिर्ज़ा गालिब और हिंदी आलोचना के पितामह आचार्य रामचंद्र शुक्ल को समर्पित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य उनकी साहित्यिक धरोहर को याद करते हुए नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ना था। आयोजन में श्रोताओं ने गालिब की शायरी और शुक्ल की आलोचना पर आधारित संस्मरणों के साथ-साथ समकालीन कवियों और शायरों की प्रस्तुतियों का भी आनंद लिया।

नज्म मुजफ्फरनगरी को विशेष सम्मान

मुख्य आकर्षण का केंद्र वह पल रहा जब मंच से नज्म मुजफ्फरनगरी को उनकी साहित्य साधना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शायरी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रशस्ति पत्र और साहित्य श्री सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान पाकर शायर भावुक हो उठे और कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है बल्कि उन सभी साहित्य प्रेमियों और श्रोताओं का है जिन्होंने मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया।

मंचासीन रहे अनेक साहित्यकार

कार्यक्रम की अध्यक्षता रूबरू फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इरशाद राही ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नज्म मुजफ्फरनगरी जैसे शायर साहित्य को नई दिशा देते हैं और समाज में भाईचारे व इंसानियत का संदेश फैलाते हैं। इस अवसर पर मंच पर मौजूद प्रमुख अतिथियों में डा. यकीन, आमिल हबीबी, मकसूद शाह, इकबाल, मोदी देवास, रामेंद्र शर्मा, अमित मालवीय, रूबरू फाउंडेशन के सचिव अजहर खान और साहित्यकार सोनिया अक्स शामिल रहे।

आगरा का यह साहित्यिक उत्सव इस बात का प्रमाण है कि आज भी कविता और शायरी लोगों के दिलों को छूने और समाज को जोड़ने का माध्यम बनी हुई है। नज्म मुजफ्फरनगरी का साहित्य श्री सम्मान पाना न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरी साहित्यिक बिरादरी के लिए गौरव की बात है।

# श्रीराम कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अंतरमहाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में जीते पदक



**मुजफ्फरनगर।** मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की अंतरमहाविद्यालय कुश्ती (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन गोचर महाविद्यालय रामपुर, मनिहारन, सहारनपुर में किया गया जिसमें कुश्ती की (फी स्टाईल/ग्रीको रोमन) पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रों ने 09 स्वर्ण पदक तथा 04 रजत पदक तथा महिला वर्ग में 03 स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि यह कुश्ती द्धपुरूष/महिलाऋ प्रतियोगिता गोचर महाविद्यालय रामपुर, मनिहारन, सहारनपुर में दिनांक 29.09.2025 को खेली गई। जिसमें मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से संबंद्ध लगभग 14 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। कुश्ती पुरूष वर्ग में श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर प्रथम स्थान तथा महिला वर्ग में श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर उपविजेता रहा। कुश्ती फी स्टाइल प्रतियोगिता में 57 किग्रा भारवर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष के छात्र जुबैर ने स्वर्ण पदक, 61 किग्रा भारवर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष के छात्र विशाल तोमर ने स्वर्णपदक, 65 किग्रा0 भारवर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष के छात्र हर्ष खातियान ने स्वर्ण पदक, 74 किग्रा0 भारवर्ग में बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र अस्तित्व चौधरी ने रजत पदक, 79 किग्रा0 भारवर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष के छात्र विवेक ने स्वर्णपदक, 86 किग्रा0 भारवर्ग में बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र विक्की ढांगर ने रजत पदक तथा 97 किग्रा0 भार वर्ग में बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र यशवंदर ने स्वर्ण पदक जीता।वहीं कुश्ती ग्रीको रोमन पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में 63 किग्रा भारवर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष के छात्र विशाल तोमर ने स्वर्णपदक, 67 किग्रा0 भारवर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष के छात्र हर्ष खातियान ने स्वर्ण पदक, 72 किग्रा0 भारवर्ग में बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र अस्तित्व चौधरी ने रजत पदक, 87 किग्रा0 भारवर्ग में बीपीएड द्वितीय वर्ष के छात्र सतीश ने रजतपदक, 97 किग्रा0 भार वर्ग में बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र यशवंदर ने स्वर्ण पदक तथा 130 किग्रा0 भारवर्ग में बीपीएड द्वितीय वर्ष के छात्र अभय बिष्ट ने स्वर्ण पदक जीता।कुश्ती फी स्टाईल महिला वर्ग में 50 किग्रा भारवर्ग में एमपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा आराध्य सिंह ने स्वर्ण पदक, 68 किग्रा भारवर्ग में बीपीईएस द्वितीय वर्ष की छात्रा अवंतिका ने स्वर्ण पदक तथा 76 किग्रा भारवर्ग में बीपीईएस तृतीय वर्ष की छात्रा तनु रानी ने स्वर्णपदक जीता। इस अवसर पर महाविद्यालय आगमन पर कुश्ती द्धपुरूष/महिलाऋ वर्ग के खिलाडियों को श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डा0 एससी कुलश्रेष्ठ द्वारा अंतरमहाविद्यालय कुश्ती द्धमहिला/पुरूषऋ प्रतियोगिता में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ0 प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ने अंतरमहाविद्यालय कुश्ती पुरूष तथा महिला वर्ग को पदक जीतने पर बधाई दी और कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालय कुश्ती( महिला/पुरूष) प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक तथा रजत पदक जीतकर कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अशोक कुमार ने विजयी विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए विजयी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी महाविद्यालय के खिलाडियों से इसी प्रकार के उम्दा प्रदर्शन को बनाये रखते हुये पूरी लगन एवं मेहनत से खेलने की आशा व्यक्त की। महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार तथा प्रवक्तागण भूपेन्द्र कुमार, डा0 अब्दुल अजीज खान, सन्दीप देशवाल, अमरदीप, प्रशान्त कुमार, विश्वदीप कौशिक, तथा तरूण वर्मा आदि उपस्थित रहें।

# मुस्लिम छात्रा मुस्कुराना ने भजन गाकर सभी को किया मंत्रमुग्ध




**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कॉलेज बुढाना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश चन्द्र शर्मा ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें स्पीच काम्पिटीशन, पोर्टेट काम्पिटीशन, स्लोगन काम्पिटीशन और पोस्टर काम्पिटीशन हुए। सब प्रतियोगिताओं में बीए, बी काम, बीएससी साइंस, बीएससी होम साइंस, बीएफए व एमए की 50 छात्राओं ने भाग लिया। स्पीच प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी मुस्कराना ने बताया कि गांधी के व्यक्तित्व और विचारों ने भारत सहित दुनिया भर के लोगों प्रभावित किया। जिसमें सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, सर्वोदय एवं स्वराज जैसे सिद्धांत प्रमुख हैं। छात्रा खुशी तोमर ने बताया कि गांधी के विचारों का आधार धार्मिक ग्रंथ, भारतीय दर्शन और व्यक्तिगत अनुभवों से प्रेरित था। इस शुभ अवसर पर बीएफए प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी रूही राठी ने गांधी का प्रोटेट बनाकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में बीएफए की तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सानिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा अनु शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी, होमसाईंस प्रथम वर्ष की छात्रा सुमायला ने प्रथम स्थान तथा सुहाना ने द्वितीय स्थान और वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुस्कुराना ने एक भजन प्रस्तुत किया। जिसमे उसने उपस्थित सैंकड़ों छात्राओं की वाहवाही लूटी। सभी छात्राओं ने रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम भजन की प्रस्तुति की तथा गांधी व शास्त्री के जीवन से कुछ सीखने की प्रतिज्ञा की। कार्यक्रम के अंत में कालेज प्राचार्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्राफी एवं मैडल और प्रतिभाग करने वाली छात्रों कोष सर्टिफिकेट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन राकेश कुमार शर्मा ने किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम FAREED AHMAD KHAN से बदलकर FARID AHMAD KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे FARID AHMAD KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**फरीद अहमद खान पुत्र सईद अहमद खान**
म0नं0-786, योगेन्द्रपुरी, मुजफ्फरनगर।

# भाईचारे को प्रगाढ़ करने में सफल रही श्री दुर्गा शोभा यात्रा

**शाहपुर।** श्री दुर्गा अष्टमी शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष गौरव शर्मा, बिट्टू राज वर्मा, दीपक गोयल, भाग्य शर्मा, दीपक गिरी, दीपक सक्सेना, टिंकू कोरी, मोनू कश्यप, गौरव नामदेव, सोनू कर्णवाल, रचित अग्रवाल, अभिषेक पाल, लव वर्मा, कुश वर्मा, निखिल सेनी, शुभम बंसल ने दो दिन पूर्व निकाली गई शोभायात्रा में मिले सर्व समाज के सहयोग का आभार जताते हुए कहा है कि कस्बे में यह आपसी भाईचारा सदैव बना रहना चाहिए। आगे भी मिलजुल कर सभी त्यौहार मनायें जायेंगे।



### महिला पुलिस पैदल सड़कों पर उतरी....

# मिशन शक्ति की किशोरियों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फाइव प्वाइंट जीरो अभियान के तहत मुजफ्फरनगर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर बुढ़ाना महिला पुलिस की मिशनष शक्ति टीम ने आज बुधवार के दिन एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। अभियान के अंतर्गत बुढ़ाना महिला थाना की मिशन शक्ति टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। इन टीमों ने स्कूल, कॉलेज, मंदिर, हस्पताल और पंडालों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। महिला थाना क्षेत्र में चौपालों का आयोजन किया गया जहां बालिकाओं को जागरूक किया गया और महिला संबंधी समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई। कस्बे के आस्था हास्पिटल और सागर नर्सिंग होम सहित कई स्थानों पर विशिष्ट गतिविधियां संचालित की कर शक्ति टीम ने जागरूकता फैलाई। चौराहे पर महिलाओं बालिकाओं को उनके सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया।



# रामनवमी पर आर्य समाज रोड पर व्यापारियों ने किया भण्डारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्राप्त समाचार के अनुसार आज आर्य समाज रोड के व्यापारियों ने श्री राम नवमी के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया व्यापारी अंबर सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि हर साल रामनवमी के अवसर पर सभी व्यापारी मिलकर विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं।

इस अवसर पर गांधी कॉलोनी गांधी वाटिका के सामने मेंन रोड मैजिक डांस एकेडमी डांस कोरियोग्राफर मोहन अरोरा की पूरी डांस टीम ने श्री राम नवमी के पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और आर्य समाज के सभी व्यापारियों का आभार व धन्यवाद भी दिया जिन्होंने विशाल भंडारे का आयोजन किया



**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र फाजिल व उसकी पत्नि यासमीन मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं और मुझे तंग व परेशान करते हैं। यासमीन व फाजिल मेरे व मेरे परिवार के साथ झगडा फसाद कर घर और जमीन अपने नाम करने का दबाव बनाने को प्रतिदिन मेरे व परिवार को आत्महत्या करने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। जिस कारण परेशान होकर मैने व परिवार ने फाजिल व यासमीन से अपने सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नाजमा पत्नि स्व. मो. आकिल**
**निवासी- ग्राम खुसरोपुर,**
**थाना चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# मृतक बदमाश नईम कुरैशी के शव को कब्जे में लेने के लिए भिड़े दो पक्ष

■ पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों पर किया केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे में उस समय तनाव का माहौल बन गया जब एक लाख रुपये के ईनामिया बदमाश नईम कुरैशी पुत्र युसुफ निवासी दक्षिणी खालापार थाना खालापार, मुजफ्फरनगर का शव सुपुर्द-ए-खाक किया जा रहा था। 29 सितम्बर 2025 को शव दफनाने के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ गए। बताया गया कि दोनों पक्षों के करीब 30-30 लोग शव को अपने-अपने कब्जे में लेने को लेकर आपस में भिड़ गए और फसाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

इस दौरान दोनों ओर से गाली-गलौच के साथ-साथ हथियारों का भी प्रयोग किया गया। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कस्बा इंचार्ज ओमेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। मौहल्ला कोटला में पहुंचे पुलिस अधिकारियों को स्थानीय लोगों ने बताया कि अंतिम संस्कार के समय दोनों पक्षों के बीच शव पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ और देखते ही देखते मामला फायरिंग तक पहुँच गया। पुलिस को आता देख आरा. ेपी तितर-बितर होकर मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के करीब 30 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और बहुत जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# 7 अक्टूबर को होगा सद्भावना दौड़ प्रतियागिता का आयोजन

**मीरापुर।** खेल व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 7 अक्टूबर को सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता मीरापुर के एसएसएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रात: 9 बजे से शुरू होगी। आयोजन की जानकारी देते हुए प्रतियोगिता के आयोजक साकिब मेवाती ने बताया कि इस दौड़ में विभिन्न वर्गों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

प्रतियोगिता में 1500 मीटर व 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 2100 रुपये नकद पुरस्कार, द्वितीय स्थान पर आने वाले को 1100 रुपये तथा तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ी को 500 रुपये नकद पुरस्कार के साथ मेडल और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार 400 मीटर व 800 मीटर दौड़ में विज. ेताओं को क्रमश: 1100, 700 और 500 रुपये नकद राशि दी जाएगी। वहीं बालिकाओं के लिए 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता रखी गई है, जिसमें विजेता बालिका को 1100 रुपये, द्वितीय स्थान पर आने वाली को 700 रुपये और तृतीय स्थान पाने वाली को 500 रुपये के साथ मेडल व ट्रॉफी दी जाएगी। प्रतियोगिता में 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालकों के लिए विशेष रूप से 400 मीटर दौड़ का भी आयोजन होगा। इस वर्ग में भी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और उचित सम्मान देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। सभी दौड प्रतियोगिताओं में एन्ट्री फीस एसएसएस स्कूल में 7 अक्टूबर को प्रात: 8:30 तक जमा होगी। आयोजक साकिब मेवाती ने बताया कि इस सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना, उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना और आपसी सद्भावना को मजबूत करना है। उन्होंने खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की।

# मोबाइल नेटवर्क की समस्या से दुखी उपभोक्ता

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** मोबाइल में बार बार नेटवर्क की समस्या से हर कोई व्यक्ति जूझ रहा है। जिसे लेकर उपभोक्ता अच्छे खासे परेशान हैं। अगर उपभोक्ता किसी भी परिचित को फोन मिलाते हैं तो वह किसी अपरिचित के पास लग जाता है तो फोन करने वाले को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है।

कभी कभार बात करते करते आवाज गायब हो जाती है और फोन दोबारा तिबारा मिलाना पड़ता है। किसी अंजान युवती पर नंबर लग जाए तो वारे के न्यारे भी हो जाते हैं और मुसीबत भी गले पड़ जाती है। मिली जानकारी के अनुसार मोबाइल में नेटवर्क की समस्या से लोग परेशान हैं। बुढ़ाना कस्बा और आसपास का क्षेत्र मोबाइल नेटवर्क की समस्या होने से काफी परेशान है। मोबाइल में नेटवर्क नहीं होने की वजह से अब लोग बीएसएनएल की मिसाल देने लगे हैं। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क के स्लो नेटवर्क को लेकर उपभोक्ता आक्रोशित हैं। बड़े बड़े सब्जबाग दिखाने वाली नेटवर्क निजी कंपनियों के द्वारा उपभोक्ताओं को उचित सेवा प्रदान नहीं की जा रही है। नामी कंपनियों के टावर क्षेत्र में लगे हुए हैं। नेटवर्क स्लो रहने के साथ कुछ देर के लिए भी बंद हो जाता है जिस वजह से शासकीय, अद्र्घशासकीय बैंक, अखबार, प्रेस और कम्प्यूटर से संबंधित सभी कार्य ठप्प हो रहे हैं। बैंकों का लेन देन और राशन वितरण प्रभावित हो रहा है। सेंटर की सेवा व साधारण बातचीत भी लोगों को नसीब नहीं हो रही है। ऐसी जानकारी उपभोक्ताओं द्वारा समय समय पर एक दूसरे से साझा की जा रही है। भारी भरकम कीमत देने के बाद भी सही तरह की सेवा नहीं मिलना आक्रोश का कारण बन रहा है। मोबाइल नेटवर्क की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। इससे बीएसएनएल ही नहीं निजी कंपनियां भी अछूती नहीं हैं। जहां लोग अपनों से बात करने के लिए परेशान हो रहे हैं।

खराब नेटवर्क के कारण उपभोक्ताओं ने निजी कंपनियों का नेटवर्क चुना था लेकिन अब लोग निजी मोबाइल कंपनियों की सेवा से भी तंग आ रहे हैं। खराब नेटवर्क की वजह से अपनों से बात करने के लिए लोगों को कभी घर से बाहर तो कभी मकान की छत पर जाना पड़ता है। कई बार जहां लोगों को अपनी ही आवाज सुनाई पड़ती है। वहीं एच प्लस स्पीड दिखाने के बावजूद भी छोटी सी तस्वीर को डाउनलोड होने में काफी समय लग जाता है। इस समस्या से आमजन ही नहीं अधिक. ारी भी जूझ रहे हैं। इसके बावजूद समस्या का समाधान न होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है। क्या कंपनियां उपभोक्ताओं की इस समस्या की और भी ध्यान देगी?

# राजपूत सभा ने विजयदशमी पर किया सामूहिक अस्त्र शस्त्र पूजन

**मुजफ्फरनगर।** महासभा (रजि) मुजफ्फरनगर द्वारा विजय दशमी (दशहरा) महापर्व के उपलक्ष में किरण फार्म रूडकी रोड पर प्रात: 08:00 बजे हवन यज्ञ एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया जिसमें राजपूत सभा के बडी संख्या में सम्मानित बन्धुवर उपस्थित रहे जिसमें सर्व प्रथम भगवान श्रीराम जी व महान वीर क्षत्रिय सपूत महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हवन यज्ञ किया गया तदोउपरान्त भगवान श्री रामजी व महाराणा प्रताप जी के चित्र के समक्ष राजपूत समाज ने शस्त्र पूजन किया जिसमें समाज के विभिन्न लोगो ने अपने विचार व्यक्त किये, जिसमें राजपूत महासभा (रजि) के जिलाध्यक्ष ठा. राजेन्द्र सिंह पुन्डीर जी ने समाज को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज का दिन अद्यर्म पर धर्म की विजय का पर्व है तथा भगवान श्री रामजी व महारणा प्रताप जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुये उनके शौर्य व प्राक्रम को क्षत्रिय समाज के लिए आज का दिन त्याग एवं बलिदान तथा राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आहवान किया गया तथा क्षत्रिय समाज के युवा को अपने महापुरूषो का अनुशरण करते हुये बुराईयो से दूर रहकर अपना चरित्र उत्तम रखना चाहिये कार्यक्रम में उपस्थित राजपूत समाज के गणमान्य व्यक्ति ठा. रामभूल सिंह (जडौदा जट) गजराज सिंह, डा. राजपाल सिंह, अनिल पुण्डीर, डाद्व. सत्यपाल सिंह पुन्डीर एडवोकेट, ठा0 भूपेन्द्र सिंह एडवोकेट, ठा0 नीरज सिंह एडवोकेट, दिनेश पुन्डीर, निरजन पुन्डीर, योगेश कुशवाह संजीव तोमर एडवोकेट, प्रवीण पुन्डीर, राजन सिंह, नीरज चौहान, सजय चौहान, कुलदीप पुन्डीर प्रधान कल्लरपुर, राजवीर सिंह जादौन, माद्व विजय सिंह, मा. कल्याण सिंह, भूपेन्द्र चौहान, सुबोध पुन्डीर, चरणपाल तोमर, चरण सिंह पुन्डीर, अभिषेक पुन्डीर, सूरजपाल सिंह, बिजेन्द्र सिंह, जीत सिंह, दुष्यन्त सिंह,



रामभूल सिंह पुन्डीर, रामबोल सिंह, राजवीर सिंह, अजय सिसौदिया, नीरज कुमार कुशवाह, तेज सिंह पुन्डीर, सुरेश राघव, राजन सिंह, ब्रहमपाल सिंह, मनोज पुन्डीर, शिवकुमार, पुरूषोत्तम पुन्डीर, बारूसिंह चौयरमेन, शेरपाल सिंह, विनोद प्रधान, नकली सिंह, सुशील पुण्डीर, दिलबाग पुन्डीर, मुक. ेश प्रधान कोलाहेडी, नरेन्द्र चौहान एडवोकेट, मुकुट राज , राहुल पुन्डीर, चेतन पुन्डीर, मोहित पुन्डीर, यतेन्द्र पुन्डीर, राकेश सिसौदिया कंवरपाल सिंह, अमरीश पुन्डीर, रणवीर सिंह, शेरपाल मास्टर, राजू चौहान, अजय पुन्डीर, संदीप पुन्डीर, सर्वेश राणा, राजकुमार, मनोज पुन्डीर कसौली, अनिल कुमार, विजय प्रताप सिंह, विजय चौहान, रिषीप्रताप, धीरसिंह पुन्डीर, अनिरूद्ध सिंह पुन्डीर आदि सैकडो लोग उपस्थित रहे।

# खबर का हुआ असर : चरथावल कुटेसरा मार्ग के गड्ढे भरने हुए शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल से कुटेसरा मार्ग पूरी तरह गद्ढायुक्त हो चूका था इस मार्ग पर जहाँ काफ़ी ट्रैफिक चलता हे और यह मार्ग कुटेसरा से होकर अम्बेहता शेखा वाया देवबन्द जाता हे वही सहारनपुर हाइवे से जुड़ जाता हे जिस कारण इस चरथावल कुटेसरा मार्ग पर काफ़ी आवगमन रहता हे और सर्दियों मे तो क्षेत्र के किसान जोकि ज्यादातर देवबन्द चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करते हे जिस कारण इस मार्ग पर भारी संख्या मे किसान अपने गन्ने के कार्य के लिए भी देवबन्द मिल मे जाना पड़ता हे और इस मार्ग पर बड़ी संख्या मे राहगीर गुजरते हेस और इस मार्ग की हालत दयनीय हो चुकी थी स क्षेत्रवासियो की समस्या को देखते हुए शाहटाइम्स ने कुटेसरा चरथावल मार्ग के गढ़ढो की खबर को प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद खबर का असर हुआ और चरथावल कुटेसरा मार्ग के गढ़ढो के भरने का कार्य शुरू हो गया इस मार्ग पर आवगमन अधिक होने के कारण मार्ग के गढ़ढ़े भरने से क्षेत्रवासियो को भारी लाभ मिलेगा और कुटेसरा, देवबन्द, सहारनपुर आने जाने मे आसानी होंगी क्षेत्रवासियो ने जहाँ शाहटाइम्स का आभार जताया हे वही जिला पंचायत सदस्य अमरकांत मलिक उर्फ़ चीकू, प्रमुख समाजसेवी डॉक्टर नौशाद, किसान नेता शाहबाज त्यागी सहित मार्ग की मरम्मत का मुद्दा प्रमुखता से उठाने पर क्षेत्रवासियो ने आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुमारी आशा सिंह को बनाया एकदिवसीय सीएचसी प्रभारी

**जानसठ।** महिला सशक्तिकरण के तहत सीएचसी जानसठ में नीट की तैयारी कर रही होनहार छात्रा आशा सिंह को एक दिन का चिकित्सा प्रभारी बनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ अर्जुन सिंह ने बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों मे महिला शक्ति को सम्मान देते हुए एक दिवसीय प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कुमारी आशा सिंह इंटर मीडियेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद राजस्थान के सीकर से नीट परीक्षा की तैयारी कर रही है। महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने और महिलासशक्तकरण के वास्तविक उद्देश्य को सार्थक करने के सरकार के प्रयासों को यथार्थ के धरातल पर उतारा जा रहा है।

### यज्ञ में पूर्ण आहुति देकर नवरात्र पूजा सम्पन्न

**मोरना।** नवरात्र के पूर्ण होने पर शुकतीर्थ मे विशेष पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी द्वारा हवन यज्ञ मे आहुति प्रदान की गयी।तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे स्थित दुर्गा माता मंदिर की संचालिका मां शाकुम्भरी देवी संस्थान की अध्यक्ष साध्वी राधा माता द्वारा नवरात्र के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजन किया गया। अंतिम दिवस बुधवार को आयोजित हवन यज्ञ मे मंत्रोच्चार के बीच आहुति दी गयी। प्रसिद्ध कथा आचार्य अजय ख्रष्ण ने कहा की मां के नौ रूप की पूजा की गयी अंतिम दिवस हवन यज्ञ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे देवयानी शर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

### पैथोलॉजी लैब एसो. ने लगाया चिकित्सा शिविर

**मीरापुर।** डाक्टर्स एण्ड पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन द्वारा एक भव्य फ्री चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन मीरापुर थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा द्वारा किया गया। यह शिविर पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया, जिसमें मरीजों की जांच की गई, दवाइयाँ वितरित की गई और कुछ गंभीर मरीजों को बड़ी जांच कराने की सलाह भी दी गई।इस चिकित्सा शिविर में शुगर टेस्ट, हढी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, महिला रोग विशेषज्ञ सहित विभिन्न क्षेत्रों के चिकित्सा विशेषज्ञ मौजूद रहे। उन्होंने न केवल रोगियों का इलाज किया, बल्कि स्वास्थ्य से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ भी दीं। मीरापुर थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने कहा कि आज के समय में किसी भी बीमारी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। छोटी सी लापरवाही भी बड़ी बीमारी का रूप ले सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि शरीर में कोई परेशानी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। थाना प्रभारी ने कहा कि इस तरह के शि. विर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। स्थानीय डॉक्टरों के साथ-साथ बाहर से आए विशेषज्ञों ने जिस प्रकार इस नि:शुल्क सेवा का आयोजन किया है, वह वास्तव में सराहनीय और पुण्य का कार्य है।चिकित्सा शिविर में शामिल हुए मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि इस तरह के कैंप से गरीब और जरूरतमंद लोगों को काफी सहूलियत मिलती है। सामान्यत: महंगी जांच और दवाइयों का खर्च वहन करना कठिन होता है, लेकिन यहां नि:शुल्क उपचार और जांच मिलने से लोगों को बहुत राहत मिली। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही, ताकि अधिक से अधिक लोग नि:शुल्क इलाज का लाभ उठा सकें और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ा सकें। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. ताहिर कुरैशी, डॉ. शाहनवाज मेवाती, डॉ. रियासत कुरैशी, डॉ. आबिद रिजवी, डॉ. समीर राजपूत, डा. कमल बिश्वास, डा. इस्लाम कुरैशी, डा. राजवीर, डा. मनोज पाल, डा. शारिक, डा. निरंजन बक्शी, डा. नासिर, डा. आरिफ, डा. अजीम, डा. सुनील कुमार, डा. साकिब कुरेशी, डा. रियासत अब्बासी, डा. फरमान, डा. मनोज, डा. जाकिर, डा. तारिक नवाज, डा. नासिर, डा. उनेन्द्र गोयल, डा. नौशाद मलिक आदि मौजूद रहे।

### सपा नेता सत्येंद्र पाल ने केके को मुलायम सिंह का चित्र किया भैंट

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के सक्रिय सपा नेता सत्येंद्र पाल ने समा. जवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल को विगत दिवस लखनऊ पहुंचकर समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का चित्र अपने कर कमलों द्वारा भैंट किया। मिली जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के पीडीए योद्धा के रूप मे कार्य कर रहे 11 बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से सत्येंद्र पाल प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक सभा ने स्वर्गीय धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव की छाया चित्र कृष्ण कन्हैया पाल केके पाल उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के निवास पर जाकर पीडीए की बुलन्द आवाज के लिए दी और शानदार मुलाकात कर 11 विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र की कई समस्याओं से भी अवगत कराया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र प्रधान और सपा नेता सत्येंद्र पाल के बहुत करीबी एवं छात्र सभा के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्रके अध्यक्ष साहिब अंसारी सहित अन्य कई समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### त्यौहारों को लेकर जिले से आई टीम ने की सघन चैकिंग

**बुढ़ाना।** गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती और दशहरा सहित आने वाले त्यौहारों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर के नेतृत्व में एलआईयू, बम निरोधक दस्ता, डाग स्क्वायड और पुलिस ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के कई गांवों और कस्बे मे विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्रधिकारी गजेंद्र पाल ने भी पुलिस बल के साथ मिलकर हर महत्वपूर्ण और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। सुरक्षा जांच के दौरान पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के बाजार, मुख्य चौराहे और सार्वजनिक स्थलों पर पैदल गश्त की। अस्थाई बस स्टैंडों पर भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। यात्रियों और स्थानीय लोगों की आवाजाही पर नजर रखते हुए पुलिस ने हर कोने की तलाशी ली ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक न हो। इस विशेष अभियान में डाग स्क्वाड की भी मदद ली गई।

# वरिष्ठ लिपिक का विदाई समारोह हुआ आयोजित

**जानसठ।** नगर पंचायत के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में मंगलवार दोपहर बाद चेयरमैन डॉ. आबिद हुसैन एवं अधिशासी अधिकारी नीलम पाण्डे सहित समस्त सभासदों ने वरिष्ठ लिपिक मौ. इरफान की सेवा. निवृत्ति पर उनकी कार्यशैली की सराहना की गई। वक्ताओं ने वरिष्ठ लिपिक के कार्यो की सराहना कर उनकी दीर्घायु की कामना की। वरिष्ठ लिपिक मौ.इरफान के परिवार के सदस्यों सहित मौजूद लोगों ने वरिष्ठ लिपिक को माल्यार्पण कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर विदाई दी। इस दौरान चेयरमैन डॉ. आबिद हुसैन, ईओ नीलम पाण्डे, निवर्तमान चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना, भाजपा नेता बृजेश रस्तौगी, सभासद विशाल सैनी, अब्दुल्ला कुरैशी, विकास गुप्ता, मौ. अहसान, बाबर अंसारी , राजन कुमार, धर्मेश सैनी, गुलफाम मलिक सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अभिषेक बंसल को युवा शक्ति संगठन ने किया सम्मानित

**चरथावल।** कस्बे में युवा शक्ति संगठन के सौजन्य से निकाली गई दुर्गाष्टमी शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पर कस्बे के वरिष्ठ समाजसेवी अभिषेक बंसल को संगठन के द्वारा पटका पहनाकर एवं मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। चरथावल कस्बे में दुर्गाष्टमी के अवसर पर आकर्षक झांकियां के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली है। जब हो गए शोभायात्रा युवा शक्ति संगठन के सौजन्य से निकाली। शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे चरथावल कस्बे के वरिष्ठ समाजसेवी अभिषेक बंसल का युवा शक्ति संगठन के द्वारा पटका पहनाकर एवं मूर्ति देकर सम्मानित किया गया।वही अभिषेक बंसल ने भी युवा शक्ति संगठन का आभार जताया

# रामलीला में कुंभकरण और अतिकाय का वध, सलोचना हुई सती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** कस्बे की मोहल्ला मिश्रान स्थित प्राचीन रामलीला में स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामल. ीला का 125 वा मंचन किया जा रहा है। रामलीला में मंगलवार को कुंभकरण व अतिकाय वध वह सलोचना सती की लीला का मंचन हुआ।

मंगलवार को कस्बे की प्राचीन रामलीला में मंचन के दौरान दिखाया गया कि जैसे ही लक्ष्मण की मूर्छा टूटने का समाचार दरबार में आया, रावण क्रोधित हो उठता है। श्रीराम-लक्ष्मण से युद्ध के लिए वह भाई कुंभकरण को भेजने का निर्णय लेता है। कुंभकर्ण को नींद से उठाया जाता है। रावण-कुंभकर्ण के बीच मार्मिक संवाद होता है। बाद में कुंभकर्ण युद्ध के लिए रवाना होता है। युद्ध में वह भगवान राम के हाथों वीरगति को प्राप्त होता है। इसके बाद रावण अपने पुत्र अतिकाय को युद्ध के लिए भेजता है। परंतु वह भी युद्ध में लक्ष्मण के हाथों मारा जाता है। इसके बाद रावण, मेघनाद को युद्ध के लिए भेजता है।

युद्ध से पहले मेघनाद कुल देवी की पूजा करने के लिए जाता है। यह सूचना जब भगवान राम के पास पहुंचती है तो वह लक्ष्मण-हनुमान को वहां भेजता है। दोनों मेघनाद के हवन को सफल नहीं होने देते। मेघनाद-लक्ष्मण के बीच भयंकर युद्ध होता है। मेघनाद मारा जाता है। मेघनाद की मृत्यु की सूचना पर सुलोचना श्रीराम के पास अपने पति का शीश मांगने जाती हैं। भगवान राम उन्हें ससम्मान मेघनाद का शीश दे देते हैं। इसके बाद सुलोचना सती का मंचन होता है। यहीं पर लीला को विराम दिया जाता है। अध्यक्ष



निशांत कांबोज ने बताया कि गुरुवार को दशहरा मेला मैदान में रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाएगा। रामलीला मंचन में राम का अभिनय सुमित सैनी, लक्ष्मण का अभिनय श्याम बाबू सैनी, सीता का अभिनय अनिल कुमार, हनुमान का लवी सैनी, सुग्रीव का विशांत, रावण का अभिनय प्रमोद प्रजापति, विभीषण का राजन शर्मा, मेघनाथ का अंशुल के द्वारा किया जा रहा है।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर में स्थित शिक्षण संस्था आरती मैमोरियल पघ्बिलक स्कूल में आज बुधवार के दिन देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर दोनों महापुरूषों को संयुक्त रूप से याद किया गया। विद्यार्घर्थियों ने दोनों महापुरूषों की तस्वीर पर बारी बारी से पुष्प अर्पित किए। विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में रघुपति राघव राजा राम गाया और अहिंसा परमो धर्म का भावार्थ कर दिन का शुभारंभ किया। स्कूल के छोटे बच्चों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की पोशाक पहनकर नाटिका प्रस्तुत की। मंच पर गांधी के तीन बंदर बनकर बुरा मत



देखो, बुरा मत बोलो और बुरा मत सुनो का भी संदेश दिया। यहां इस मौके पर इस विद्यालय के चेयरमैन अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि महापुरूषों को हमेशा याद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा हमें विशेष पर्व और महापुरूषों की भी याद दिलाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक आदित्य राणा और विनीत राणा ने भी संयुक्त रूप से दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता सिंह तोमर सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा। राष्ट्रगान पर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# बाइक सवार लुटेरे मोबाइल छीनकर हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात लुटेरों ने एक युवक से उसका मोबाइल रात में उस समय छीन लिया जब वह अकेला ही पैदल घूम रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार आयुष गोयल पुत्र योगेश निवासी मौहल्ला बड़ा बाजार बुढाना बीती 28 सितम्बर की देर रात कुछ देर टहलने के उद्देश्य से अपने घर के पास से पैदल ही पारसी बस स्टैंड की तरफ अकेला ही जा रहा था। वह अपने हाथ में मोबाइल लिए हुआ था। तभी पीछे से आए अज्ञात मोटर साइकिल सवार दो युवकों के द्वारा उसका मोबा. इल झपटा मारकर छीन लिया गया। इस घटना को अंजाम देते हुए आरोपी युवक चंधेडी रोड की तरफ को फरार होने में कामयाब हो गये। उसने शोर मचाया लेकिन रात होने की वजह से उसके पास एक दो ही लोग आ पाए लेकिन तब तक मोबाइल छीनने वाले दोनों युवक आंखों से ओझल हो चुके थे।

आयुष ने किसी के माध्यम से घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर पीडित आयुष से घटना की पूरी जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरों के आधार पर दोनों लुटेरों की तलाश शुरु कर दी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मोबाइल छीनने का मामला दर्ज कर लिया है।

# निशिका सैनी ने ईओ बन किया जन शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** मिशन शक्ति के अंतर्गत नगर पंचायत पुरकाजी में लाला सुख लाल सनातन धर्म इन्टर कालेज की इस 12वी की छात्र निशिका सैनी एक दिन के लिए अधिशासी अधिकारी बनी ए अधिशासी अधिकारी बनकर निशिका सैनी ने कई अहम आदेश दिए, इनमे नगर में अतिकरमण हटाने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने हेतु सुझाव दिए अधिशासी अधिकारी बनकर छात्र ने जनशिकायतें भी सुनी तथा कर्मचारियों को शिकायतों पर शीघ्र कर्यवाही करने के आदेश दिए ए पेयजल व्यवस्था हेतु पटल कर्मचारियों को कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। छात्र निकिशा सैनी ने दशेहरा स्थल की साफ सफाई का निरिक्षण भी




किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज़हीर अहमद फारूकी, अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, लिपिक समर काज़मी, समस्त महिला कर्मचारी कुसुम, रीना, सुमन, बबली, सोनिया, शबाना काज़मी, शाहीन ज़बीं, सफाई नायक रविकांत, कर्येवाहक सफाई नायक मैनपाल कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद हुजैफा, आदिल फरीदी, सदर आलम, मोहसिन आदि उपस्थित रहे।

## तिसंग में लगाए 400 पौधे

**जानसठ।** विकास खंड जानसठ की ग्राम पंचायत तिसंग ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत एक अनूठी और सार्थक पहल की। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत गाँव तिसंग तथा मज़ुरा नया गाँव फैजाबाद में 400 पौधे रोपित किए गए। एडीओ पंचायत धर्मसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 50 रेड अमलतास सहित कुल 400 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान संपर्क मार्गों के किनारे से गंदगी हटवाकर पर्यावरण को स्वच्छ किया गया। भविष्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रोपित सभी पौधों के लिए जालियाँ (ट्री-गार्ड) भी लगाई गईं।

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरित अर्थव्यवस्था और टिकाऊ जीवन शैली के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पंचायती राज विभाग ने इसे वृक्षारोपण उत्सव बताया।

# देश के किसान-जवान के प्रति युवा रखें सम्मान: मनीष चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय सामा. जिक संस्था द्वारा बुधवार को सुबह मदीना चौक पर आयोजित सामूहिक मासिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर राष्ट्रप्रेम की अनूठी मिसाल पेश की। इस दौरान विद्यार्थियों और युवाओं के साथ ही सभी धर्म और सम्प्रदाय के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी पेश की और देश के लिए अपना अपना योगदान करने का संकल्प भी लिया। इस आयोजन का उद्देश्य संस्था द्वारा नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और युवाओं को राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देना था।

राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के तत्वावधान में बझेडी रोड पर मदीना चौक पर सामूहिक मासिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक. ों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रगान के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह मासिक आयोजन संस्था द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने गणमान्य लोगों के साथ किया। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने मदीना चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद एक स्वर में राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। इसमें गॉड ग्रेस इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भी अपनी भूमिका निभाई। मनीष चौधरी ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में बताया कि हम पांच साल से लगातार किसान और जवान के सम्मान में ये सामूहिक मासिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अक्टूबर माह के कार्यक्रम का आयोजन बझेडी रोड पर मदीना चौक पर किया गया है। इस कार्यक्रम में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के फैजुर रहमान ने बोलते कहा इस आयोजन के सहारे हम देश की नई पीढ़ी को राष्ट्रवाद से जोड़ रहे हैं। हमारा संदेश यही है कि सबसे पहले देश को रखें। इसके सहारे हम समाज को सर्वधर्म सम्भाव का संद. ेश देकर जोड़ भी रहे हैं। इसके सहारे सभी जाति और धर्म को भूलकर केवल इंसानियत का फर्ज निभाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों में राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और सामूहिकता की भावना को जागृत करना है। यह कार्यक्रम हर महीने की पहली तारीख को आयोजित किया जाता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## मिशन शक्ति के तहत सर्किलवार महिला परामर्श केंद्रों की स्थापना



**शामली।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा हेतु सर्किलवार महिला परामर्श केन्द्रों की स्थापना की गई। पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह के आदेशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शामली में सर्किलवार महिला परामर्श केंद्रों की स्थापना की गई। इन मिशन शक्ति केंद्रों का उद्देश्य जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। स्थापित किए गए केंद्रों में कोतवाली सर्किल थाना कोतवाली शामली परिसर में महिला परामर्श केन्द्र की स्थानापना की गई है, थानाभवन सर्किल-थाना थानाभवन परिसर में महिला परामर्श केन्द्र की स्थापना की गई है, कैराना सर्किल-थाना कैराना परिसर में महिला परामर्श केन्द्र की स्थापना की गई है, परामर्श केंद्र-कार्यालय पुलिस अधीक्षक शामली में महिला परामर्श केन्द्र की स्थापना की गई है, इन केंद्रों में महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती की गई है, जो पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को न केवल सुनेंगी, बल्कि उन्हें संवेदनशीलता, सम्मान एवं सुरक्षा के साथ उचित सहयोग प्रदान करेंगी।

# रामलीला मेला महोत्सव में एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के कैराना मार्ग पर इन दिनों रामलीला मेला महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ मेले में झूले, दुकानों और विभिन्न आकर्षणों को देखने के लिए रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु व आमजन पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए पुलिस व प्रशासन चौकसी बरते हुए है और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर बनाए हुए है।देर रात एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज स्वयं मेले में पहुंचीं। उन्होंने मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को मुस्तैद रहने और पुलिस बल को भी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहकर डड्यूटी करने के



निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, किसी भी दशा में मेले में कोई गड़बड़ी न होने पाए।एसडीएम ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले हर व्यक्ति पर पैनी नजर रखी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।रामलीला मेला महोत्सव के दौरान देर रात तक श्रद्धालु व दर्शक उपस्थित रहते हैं, ऐसे में प्रशासन ने सुरक्षा हेतु अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया है। वहीं मेला परिसर में आने वाले लोगों को शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है।

## बरेली कूच की आशंका के चलते कांग्रेस युवा प्रदेश महासचिव अशवनी होम अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आई लव मोहम्मद मामले मे बरेली कूच की आशंका के चलते सींगरा निवासी कांग्रेस पार्टी के युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा को देर रात उनके आवास पर ही पुलिस द्वारा हाऊस ऐरेस्ट कर लिया गया। पुलिसिया कार्यवाही को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के द्वारा पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ बरेली पहुंच कर मामले की वास्तविक स्थिति का पता कर गंभीरता से जांच कराए जाने की बात कही गई थी। जिसके चलते जनपद शामली में अशवनी शर्मा को अहमदगढ पुलिस चौंकी प्रभारी अजय पाल सिंह के द्वारा अपनी टीम के साथ देर रात बाहर न जाने की हिदायत देते हुए उनके घर ही नजरबंद कर दिया गया था।

## युवती को अश्लील मैसेज भेजने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को अश्लील मैसेज भेजने और इंटरनेट मीडिया पर प्रसा. रित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के मोबाइल पर बीते कई दिनों से अज्ञात युवक अश्लील व अभद्र मैसेज भेज रहा था। शुरूआत में युवती ने इसे नजर अंदाज किया, लेकिन जब संदेशों की संख्या लगातार बढ़ती गई, तो पीड़िता ने इसका विरोध किया।

आरोप है कि विरोध करने से आक्रोशित युवक ने उन अश्लील संदेशों को इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे युवती व उसके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा पर आंच आ गई।इस प्रकरण से आहत पीड़ित युवती पिता ने थाने पहुंचीं और अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है की अभियोग दर्ज कर लिया है जल्दी आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अश्लील फब्तियां कसने वाला युवक एंटीरोमियो टीम के हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** महिलाओं और युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसने वाले युवकों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस की एंटीरोमियो टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे महिला सुरक्षा अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा बताया गया कि बुधवार को एंटीरोमियो टीम वैष्णो मंदिर कैराना.कांधला रोड पर चेकिंग और गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को पता चला कि एक युवक राह चलती युवतियों और



महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस रहा है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।गिरफ्तार युवक की पहचान आमिर पुत्र साजिद उर्फ प्रभु निवासी ग्राम गढ़ी दौलत, थाना कांधला, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। आरोपी युवक मनचले को गिरफ्तार करने में उपनि. रीक्षक सुनील दत्त, महिला कांस्टेबल श्वेता और महिला कांस्टेबल बबीता शामिल रहे।पुलिस के अनुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और समाज में सुरक्षा का माहौल बनाया जा सके।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला मासूम, पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए एक गुमशुदा बच्चे को सकुशल उसके परि. जनों से मिलवाया। 30 सितंबर को धीमानपुरा फाटक डड्यूटी प्वाइंट पर तैनात कांस्टेबल मनोज कुमार व होमगार्डों ने करीब एक वर्षीय मासूम को रेलवे ट्रैक के पास भटकते हुए देखा। बच्चे को तत्काल सुरक्षित संरक्षण में लेकर खोजबीन की गई।

करीब दो घंटे बाद पुलिस ने बच्चे को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेश, एएसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देशन और सीओ यातायात अपेक्षा निम्बाड़िया के पर्यवेक्षण में हुई इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।



## एक नजर

### छात्राओं ने बनाई सुंदर रंगोली



**शामली।** पुलिस कोतवाली कैराना में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत परामर्श केंद्र के उद्घाटन के अवसर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं मुस्कान, सानिया, अन्नू,आंचल, नूर शोबिया और महक द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर रंगोली बनाई गई।

### जैन धर्मशाला में मुनि विव्रत सागर जी का प्रवचन, धर्म ही मोक्ष का विश्वसनीय मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में बुधवार को विव्रत सागर महाराज ने अपने प्रवचन में जीव के तीन भाव-पाप, पुण्य और धर्म-पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म ही मोक्ष या उच्च गति का एकमात्र निश्चित मार्ग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाप जीव को अधोगति की ओर ले जाता है, पुण्य का फल अनिश्चित होता है, जबकि धर्म निश्चित रूप से आत्मा को शुद्धि और मुक्ति की ओर अग्रसर करता है। मुनिराज ने कहा कि पुण्य दोषी नहीं है, बल्कि उसका दुरूपयोग करने वाला जीव दोषी होता है। जैसे माता-पिता द्वारा बच्चे की शिक्षा के लिए दिया गया धन अगर बच्चा भोग-विलास में खर्च कर दे तो दोष धन का नहीं, बल्कि बच्चे का होता है। उन्होंने बताया कि पुण्य के बिना साधना का वातावरण संभव नहीं है, यहां तक कि भरत चक्रवर्ती जैसे क्षायिक सम्यग.ष्टि भी मुनिराजों को आहार दान देने के लिए प्रतीक्षा करते थे। इस अवसर पर लतिका जैन, रिया जैन, विपिन जैन, दीपा जैन, विदित जैन, मयंक, सिद्धान्त, सम्यक जैन, प्रवीण जैन, ऋषभ जैन आदि मौजूद रहे।

### स्पेक्टम क्लासेज में विचार गोष्ठी संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन थानाभवन के स्पेक्टम क्लासेस में किया गया। वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम जिला शामली के तत्वाधान में एक विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में मोहित व मुख्य वक्ता हिमांशु गौतम रहे। वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम में जिला सहसंयोजक हिमांशु गौतम ने बताया कि चुनाव से लागू होने वाली आचार संहिता के कारण विकास कार्यो और सरकारी योजनाओं में देरी होती है। जो एक साथ चुनाव से कम होगी। साथ ही नागरिको को अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही प्रशासन और सुरक्षा बलों को चुनावी डयूटी से हटकर किसी अन्य महत्वपूर्ण कार्य के लिए लगाएं जा सकते है। इस लिए देश में वन नेशन वन इलेक्शन होना बहुत जरूरी है।

### जिला स्तरीय जुनियर कबड्डी टीम के चयन के लिए होगा ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव ओम सिंह वर्मा ने बताया की 3 अक्टूबर को 3 बजे जिला स्तरीय ट्रायल शहीद उधमसिंह स्टेडियम शामली में कराई जाएगी। जिसमें जनपद शामली की जुनियर बालक कबड्डी टीम का चयन किया जाएगा। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकते है जिनकी उम्र 20 वर्ष से कम हा। चयन ट्रायल के लिए सभी खिलाड़ी अपना आधार कार्ड व उसकी छाया प्रति साथ लाना जरूरी है।

### गुम हुआ बालक पुलिस ने किया बरामद

**झिझाना।** मोहल्ला ताडवाला निवासी पप्पन कश्यप पुत्र रतीराम ने अपने 8 वर्षीय पुत्र सूरज के लापता होने की तहरीर थाना झिंझाना में दी थी। परिजनों के अनुसार सूरज 25 सितम्बर को सैमसंग चौक पर रामल. ीला देखने गया था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार को सौंपी थी। पुलिस द्वारा प्रयास करते हुए सूरज को जनपद सहारनपुर से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



## बीमार बुआ की सेवा करने आई किशोरी गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी युवती गुलशन की शादी मोहल्ला मिर्दगान निवासी आरिफ के साथ हुई थी। कुछ दिन पूर्व गुलशन की तबीयत बिगड़ गई थी, जिस पर उसने अपनी भतीजी को घरेलू कामकाज में मदद के लिए बुला लिया।

आरोप है कि इसी दौरान आरिफ की नीयत अपनी साले की बेटी पर बिगड़ गई और वह उससे शादी करने की जिद करने लगा। जब गुलशन ने विरोध किया तो आरोप है कि आरिफ ने अपने परि. जनों रोशन, जीनत, नासिर, तालिब और इमरान के साथ मिलकर उसे तीन तलाक देने की धमकी दी।पीड़िता का कहना है कि करीब एक सप्ताह पूर्व सुबह जब उसकी आंख खुली तो भतीजी और पति दोनों घर से लापता मिले। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़िता ने अपने परिवार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद किशोरी के चाचा इकरार ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# रामसेतु निर्माण की लीला ने सभी का मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की पावन धरती पर धार्मिक उत्सव का अद्भुत .श्य तब देखने को मिला जब पंजाबी धर्मशाला में रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान राम की आरती से आरंभ हुआ यह आयोजन रामसेतु निर्माण, विभीषण शरणागत और रावण-अंगद संवाद जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों की भावनात्मक और भव्य प्रस्तुतियों के साथ श्रद्धालुओं को रामभक्ति में सराबोर कर गया। रामसेतु निर्माण का .श्य मंच पर इतनी खूबसूरती से उकेरा गया कि दर्शकों की आंखें नम हो उठीं। वहीं विभीषण का राम के चरणों में शरण लेना और प्रभु की करुणा से उन्हें स्वीकार करना, मानवता और धर्म की विजय का संद.



ेश देता रहा। रावण और अंगद के बीच हुआ संवाद भी दर्शकों को बांधे रखने में सफल रहा, जिसमें अंगद की वीरता और रावण की अहंकारपूर्ण मुद्रा को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की सजीव अदायगी और भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर एक संवाद और .श्य पर तालियों की गूंज से पूरा पंडाल गूंज उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई मंचन में डूबा नजर आया। इस भव्य आयोजन में डॉ। रणवीर सिंह, अनिल मित्तल, डॉ। जनेश्वर चौहान, सर्वेश वर्मा, अंकित, कन्हैया सैनी, जितेंद्र सैनी, प्रदीप कुमार सिंघल, राजीव अग्रवाल और सुरेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और लीला का आनंद लिया। रामभक्ति से सराबोर यह आयोजन सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने की दिशा में एक सशक्त प्रयास के रूप में सामने आया, जिसने कांधलावासियों को गौरवान्वित किया।

# भव्य शोभायात्रा निकाल किया महाराजा अग्रसैन का स्मरण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के अग्रसैन भवन से प्रारंभ होकर अनेकों स्थानों से गुजरी, जिसका विभिन्न संस्थाओं द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत भी किया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह विशाल भंडारे आयोजित किए गए थे।

बुधवार को दूसरे दिन शहर के अग्रसैन बारातघर में अष्टलक्ष्मी यंत्र महायज्ञ का समापन किया गया। जिसके मुख्य यजमान नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व मीनू संगल द्वारा पूर्णाहुति देकर किया गया। तत्पश्चात भव्य महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा हनुमान धाम स्थित महारा. जा अग्रसेन भवन से प्रारम्भ हुई। जिसमें विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने महाराजा अग्रसैन को तिलक किया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो और बाजारों में धूमधाम से निकाली गई।

शोभायात्रा में कई प्रसिद्ध बैंड, विभिन्न मनमोहक झांकिया, ढोल नगाड़े, सांस्कृतिक कार्यक्रम व लोकनृत्य शामिल रहे। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर अनेको सामाजिक व धार्मिक संस्थाओ द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर वीवी इंटर कॉलेज रोड, कबाड़ी बाजार, बड़ा बाजार, गांधी चौक, भिक्की मोड़, गांधी गंज मंडी, रेलवे रोड, बिजली घर रोड से होते हुए अग्रसेन पार्क पर सायं सम्पन्न होगी। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे महाराजा अग्रसेन की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर राजेंद्र गर्ग, वैभव प्रकाश गोयल, मनोज गर्ग, कृष्ण कुमार गोयल, अशोक गोयल, संदीप मित्तल, राकेश गर्ग, विशाल गुप्ता, सचिन मित्तल, विवेक बंसल, आकाश गोयल, रोबिन गर्ग, सभासद राजीव गोयल, अखिल तायल, राहुल कुच्छल, कपिल जिंदल, सक्षम संगल, राधेश्याम संगल, अनुराग गोयल, राकेश कुच्छल मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसैन जयंती पर नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर थानाभवन में रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अग्रवाल युवा समागम के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसने नगरवासियों का दिल जीत लिया। ढोल-नगाड़ों, वैण्डबाजों, पट्टेबाजी और आकर्षक झांकियों के बीच निकली इस शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

शोभायात्रा से पहले नगर स्थित मंदिर दयाल आश्रम में विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। यहां अग्रवाल युवा समागम की ओर से समाज के सभी अतिथियों को पटका पहनाकर



सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, व्यापारियों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।शोभायात्रा का शुभारंभ करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा पहुंचे। उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर तिलक कर और लक्ष्मी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाई।

अपने संबोधन में सुरेश राणा ने कहा कि हसनातन धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने में महाराजा अग्रसेन का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने समाज को एकजुट होकर चलने का संदेश दिया। आज जब भी सनातन संस्कृति पर आघात होता है, सनातनी एक मंच पर खड़े होकर उसका मुकाबला करते हैं। यदि हम सब एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे, लेकिन बंटे तो कमजोर हो जाएंगे। यही इतिहास की सच्चाई है। देश सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे।ह

शोभा यात्रा में निकली गई झांकियां आकर्षण के केंद्र बनी रही।शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन, लक्ष्मी-गणेश और हनुमान जी की भव्य झांकियां सजाई गईं। इन झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया। परंपरागत परिधानों में सजे युवा और महिलाएं भक्ति गीतों व जयघोषों के साथ चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों और वैण्डबाजों की गूंज से पूरा नगर गूंज उठा।पट्टेबाजी का शानदार प्रदर्शन शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहा। इसे देखने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की भीड़ उमड़ पड़ी।शोभायात्रा मंदिर दयाल आश्रम से प्रारंभ होकर चौक बाजार, मैन बाजार, शामली बस स्टैंड, मोहल्ला हकीमान आदि मार्गो से होते हुए अग्रवाल धर्मशाला तक निकाली गई।

नगर के विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों और व्यापारियों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। पुष्पवर्षा और जलपान की व्यवस्थाएं की गईं।पूरे आयोजन के दौरान नगर का वातावरण पूर्ण रूप से धार्मिक और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बना रहा। बुजुर्गों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल समाज को जोड़ते हैं बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराते हैं। बच्चे और युवा पूरे जोश और उमंग के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।समाज के गणमान्य लोग रहे मौजूदइस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए जिनमें नीरज गोयल द्धसभासदऋ, शिवम गोयल, सनी जिंदल, अमित मित्तल, आशीष गोयल, सोनू गोयल, अजय गुप्ता, राकेश गोयल, मोहित तायल, संगीत गोयल, सौरभ गोयल, संजय कश्यप आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा नगर के सैकड़ों व्यापारी, युवा और महिलाएं शोभायात्रा का हिस्सा बनीं।महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकली यह शोभायात्रा नगर की धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनी। पूरे आयोजन में जहां एक ओर सांस्कृतिक झलक देखने को मिली, वहीं दूसरी ओर समाज के लोगों ने एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया।

# दुष्कर्म का विरोध करने पर खिलाया जहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** विवाहिता के साथ देवर ने अपने अन्य साथियों के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया, जब पीड़िता ने अपने पति और ससुर से शिकायत की तो उल्टा विवाहिता को चुप रहने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं कार्यवाही करने की बात कहने पर विवाहिता को जहर खिला दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों और पुलिस ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है।

दरअसल, कोतवाली बेहट इलाके के गांव नगला झंडा निवासी युवती की शादी डेढ़ साल पूर्व कोतवाली बेहट इलाके के गांव चिम्माबांस में हुई थी। आरोप है कि विवाहिता अपनी ससुराल में घर पर अकेली थी, इसी दौरान उसका देवर, नंदोई और पति का फूफा उसके घर आए और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब उसका पति और ससुर घर आए तो उसने उन्हें पूरी घटना बताई। लेकिन पति और ससुर ने उसे चुप रहने की धमकी दी। जब पीड़िता ने कहा कि वह दुष्कर्म करने की कोशिश करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करेगी तो गुस्साए पति, ससुर, देवर, नंदोई और पति के फूफा ने उसे जबरदस्ती जहर खिला दिया। पीड़िता ने अपने मायके में फोन किया तो वे भी उसकी ससुराल पहुंचे और उसे लेकर कोतवाली आए। पुलिस ने विवाहिता को गंभीर हालत में बेहट सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया लेकिन चिकित्सकों ने जिला अस्पताल से भी हायर सैंटर रैफर कर दिया। इंस्पेक्टर सतपाल भाटी ने बताया कि घटना को लेकर पति उमैर पुत्र शहरोज, देवर यावर, ससुर शहरोज निवासी गांव चिम्माबांस, पति के फूफा रिजवान पुत्र दिलशाद निवासी गांव संसारपुर तथा झिंझाना निवासी पति के बहनोई के खिलाफ धारा बीएनएस 85, 76, 123, 109, 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## महिला से मारपीट

**चिलकाना।** ग्राम सौन्धेबांस निवासी एक महिला को पड़ोसी युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया, घायल अवस्था मे थाना पहुंची महिला को पुलिस ने मेडिकल के लिए भिजवाया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सौंधेबांस में कुछ दिन पूर्व दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी हो गई थी, जिसका जिम्मेदार लोंगो द्वारा दोनो पक्षों को समझा बुझाकर फैसला करवा दिया गया था। आज बुधवार को इन्हीं दो पक्षों में से एक पक्ष की महिला घायल अवस्था मे थाना पहुंची थी। घायल पीड़ित महिला का आरोप है कि पुरानी बात को लेकर उसके मोहल्ले निवासी विपक्षी युवक रात्रि के समय उसके घर मे घुस आए और सोते हुए ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया है कि घायल महिला को उपचार हेतु अस्पताल में भिजवाया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, तहरीर व मेडिकल के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# धरने में बढ़ रही किसानों की तादाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** शाकंभरी शुगर मिल, टोडरपुर के गेट के सामने चौथे दिन भी किसानों का धरना लगातार जारी है। यूनियन संगठनों के समर्थन से धरने में किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है।

ज्ञात हो कि पिछले दिन 4 दिनों से चिलकाना थाना क्षेत्र के ग्राम टोडरपुर स्थित शाकम्भरी शुगर मिल पर बकाया भुगतान को लेकर किसानों द्वारा मिल गेट के सामने धरना दिया जा रहा है। किसान अपनी मांग पर अड़े हुए है, जो कि कल तीसरे दिन अधिकारियों के समझाने बुझाने पर भी धरना स्थल से उठने को राजी नही हुए थे।

किसानों की दो टूक एक ही मांग है कि उनका गत वर्ष का रुका हुआ पूरा भुगतान मिल द्वारा किया जाए व आगे से उनके गन्ने का भुगतान सही समय सीमा पर किया जाए। आज धरना शुरू हुए चार दिन बीत गए हैं और किसान अपनी जगह और अपनी बात पर अडिग दिखाई दे रहे है तथा धरना समाप्त करने को कतई राजी नही है। धरना स्थल पर मौजूद सभी किसानों का कहना है कि जब तक मिल मालिक अथवा प्रशासन की ओर से उन्हें कोई निर्णायक उत्तर नहीं मिल जाता है तब अनिश्चितकालीन रूप से वह इस धरने को इसी प्रकार शांतिपूर्ण रूप से जारी रखेंगे।

किसानों का कहना है कि जब तक उनका बकाया भुगतान या मिल मालिकों की गिरफ्तारी सुनिश्चित नही हो जाती है तब तक वह इस धरने को समाप्त नही करेंगे। इस दौरान नरेश स्वामी, ताहिर चेयरमैन, चौ. जाबिर हसन, सतीश शर्मा, हाजी मुक्करम, चौ० हाशिम, कय्यूम प्रधान, अशरफ अली, श्याम कंबोज, ललित कंबोज, ऋतु सैनी एवं अन्य किसान मौजूद रहे।

# यमुना नदी में कराया सांझी माता का विसर्जन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** शारदीय नवरात्रों में स्थापित सांझी माता को नगर पालिका द्वारा एकत्र कर यमुना नदी में सामूहिक रूप से विसर्जित किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से माता को विदा किया। मंगलवार को नगर में विभिन्न स्थानों पर ट्रैक्टर ट्रॉली लगाकर सांझी माताओं का एकत्रीकरण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि सांझी माता हमारी आस्था तथा लोक संस्कृति का प्रतीक हैं। श्रद्धालु आठ दिन तक अपने घर में माता की पूजा करते हैं इसलिए नगर पालिका द्वारा वार्षिक विसर्जन की व्यवस्था की गई। कोतवाल संतोष कुमार त्यागी ने कहा कि नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है। सांझी माता के विसर्जन के दौरान कोई समस्या न हो, इसके लिए पुलिस बल तैनात किया गया। नगर से एकत्रित सभी सांझी माताओं को पुष्प वर्षा के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर ईओ विजय प्रताप, व्यापारी नेता मनोज गोयल, पंकज जैन, हरीश गर्ग, विजय त्यागी, और पालिका कर्मचारी सुशील सैनी, सुरेश चौधरी, पंकज रोहिला, आशीष शर्मा, सुलेमान खान समेत अन्य उपस्थित रहे।

## सौ मीटर में विकास को तीसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** इंडियन गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ग्वालियर में हुए एथलेटिक्स नेशनल गेम्स में गांव पटनी निवासी छात्र विकास ने 100 मीटर रेस में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बताते चलें कि एक लगभग माह पहले इंडियन गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में ग्वालियर में ही स्टेट स्तरीय के एथलेटिक्स गेम हुए थे। जिसमें विकास सैनी ने उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए 100 मीटर रेस में पहला स्थान प्राप्त किया था।

अब राष्ट्रीय स्तर पर हुई रेस प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस तीसरा स्थान मिला है। फेडरेशन की सचिव मीनू सिंह ने विकास को कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया।

# वृद्धजन योजनाओं का उठाएं लाभः अर्चना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** बृद्धाश्रम-कतेहपुर, भादों, में आज अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज कल्याण अधिकारी सुश्री अर्चना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथियों में बिजेंदर कश्यप, महामंत्री पिछड़ा वर्ग, जिला स्तरीय भरण-पोषण एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण नियमावली की जिला स्तरीय कमेटी के सदस्य रमेश चंद्र शर्मा, आर.के. चैन, पी.एन. छोकरा, शिवराज सिंह, दुमलपुर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती कविता अरोड़ा, सुलह अधिकारी संदीप तथा समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ लिपिक श्री पंकज कुमार उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने विचार साझा किए और वृद्धजनों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम में बृद्धाश्रम के निवासियों रमेश चंद्र शर्मा, सत्य कुमार, और मेधपाल ने सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं, आश्रम प्रबंधन, भोजन-पान की व्यवस्था, और कर्मचारियों के सेवा भाव की जमकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर 32 महिलाओं और 21 पुरुषों को कपड़े, मिठाई, फल, और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बृद्धाश्रम प्रबंधक श्री डी.डी. रिखारी, आर.एन. पाण्डेय, शमनमोहन, प्रवीण कुमार, विनय सिंह, मन्नू सैनी, श्रीमती प्रेमलता, श्रीमती राजेश्वरी, श्रीमती पूनम, श्रीमती रेखा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। यह आयोजन वृद्धजनों के प्रति समाज की जिम्मेदारी को रेखांकित करने और उनकी सेवा में समर्पित बृद्धाश्रम के प्रयासों को सम्मानित करने का एक सार्थक प्रयास रहा।

# गुमटी में डिग्री कॉलेज की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम गुमटी, मलकपुर, संगमौर, डिंडोली, खेड़ा मेवात, बहादरा, बडगांव, माहेश्वरी कलां व फिरोजाबाद आदि के ग्रामीणों व ग्राम प्रधानों द्वारा कैराना लोकसभा सांसद को पत्र लिखकर गांव गुमटी में डिग्री कॉलेज बनवाये जाने की मांग की गई है।

ग्राम पंचायतों के प्रधानों व सैकड़ों ग्रामीणों ने कैराना लोकसभा सांसद इकरा हसन को पत्र लिखकर बताया है कि गांव गुमटी में गोवर्धन दास इंटर कॉलेज है, जहां पर क्षेत्र के अनेक छात्र छात्राओं द्वारा कक्षा बारहवीं तक की शिक्षा पूर्ण की जाती है। जिसके बाद स्नातक व स्नातकोत्तर की शिक्षा गृहण करने के लिए छात्र छात्राओं को सहारनपुर जाना पड़ता है। क्षेत्र में आवागमन की उचित सुविधा न होने के कारण अधिकतर शिक्षार्थियों को मजबूरी वश बीच मे ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। सहारनपुर जाने वाले छात्रों को कंई कंई किमी. तक पैदल ही दूरी तय करनी पड़ती है। सहारनपुर तक के इस लम्बे सफर को तय करने में क्षेत्र की छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह बताते हुए जाबिर हसन गुमटी, रामकुमार सैनी ग्राम प्रधान रावणपुर बुजुर्ग, महताब ग्राम प्रधान फिरोजाबाद, सुमन ग्राम प्रधान बडगांव, जाकिर ग्राम प्रधान माहेश्वरी कला, मोहम्मद उस्मान ग्राम प्रधान दबकौरा, सुरेश कुमार ग्राम प्रधान भोजपुर तगा, शबाना ग्राम प्रधान मलकपुर, अनीता ग्राम प्रधान डिंडोली, अब्बासी ग्राम प्रधान गुमटी, ग्राम प्रधान दास्सा माजरा व ग्राम प्रधान खेडा मेवात सहित सैंकड़ों ग्रामीणों ने ग्राम गुमटी में डिग्री कॉलेज बनवाये जाने की मांग की है।

# प्रेस क्लब ने की कथित पत्रकारों पर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** प्रेस क्लब ने पत्रकारिता के नाम पर अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग करने वाले कथित पत्रकारों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

अलावलपुर रोड स्थित प्रेस कार्यालय में आयोजित एक बैठक में क्लब के सभी सदस्यों ने इस गंभीर मुद्दे पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।बैठक में सामने आया कि कुछ लोग यूट्यूब चैनलों या समाचार पत्रों की फर्जी आईडी बनाकर नगर, तहसील और गांवों में घूम रहे हैं। ये कथित पत्रकार ग्राम प्रधानों, सचिवों, शिक्षकों, छोटे व्यवसायियों और यहां तक कि मिट्टी भराव जैसे छोटे कार्य करने वाले बुग्गी चालकों को खबर प्रकाशित करने की धमकी देकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इस तरह की हरकतों से पत्रकारिता के सम्मानित पेशे की गरिमा को गहरा आघात पहुंच रहा है। सदस्यों ने चिंता जताई कि कुछ ऐसे व्यक्ति, जो पहले चोरी, धोखाधड़ी जैसे संगीन मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं, अब फर्जी पत्रकार बनकर अधिकारियों के सामने डींगे हांक रहे हैं। ये लोग वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों जैसे एसपी, डीआईजी की तस्वीरें दिखाकर प्रभाव जमाने की कोशिश करते हैं, जबकि इनकी कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं है। फिर भी, ये खुद को वरिष्ठ पत्रकार कहलवाने से नहीं चूकते। प्रेस क्लब ने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकारिता एक जिम्मेदार और सम्मानजनक पेशा है, जिसका उद्देश्य समाज में सच्चाई और जागरूकता फैलाना है। लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इस पेशे का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ऐसे फर्जी पत्रकारों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। साथ ही, स्टेशन क्षेत्र के बाहर से आने वाले व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे अवैध कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक में अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, अरविंद कुमार, दिनेश सैनी, मोहित कुमार, राव शमीम, सोनू राणा, राजकुमार सैनी, रामकुमार गौतम, सुनील सैनी, सावन सैनी, अजय सैनी, सुधीर सैनी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# चैकिंग में पुलिस ने अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अवैध खनन रोकने के लिए चलाये गए वाहन चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने अवैध खनन से भरा एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा है। वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम ने चोरी के एक मामला का खुलासा करते हुए फरार आरोपी चोर को भी गिरफ्तार किया है।

एसएसपी आशीष तिवारी एंव सीओ सदर प्रियंका यादव के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा बिना नम्बर प्लेट के अवैध खनन से भरे एक टैक्ट्रर ट्राली को मंगलवार देर रात्रि के समय बाईपास तिराहा से कब्जे में लेकर थाना लाया गया है।

प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया है कि उपरोक्त सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु आरटीओ, खनन विभाग एंव राज्य कर विभाग को जानकारी दी गई है। कार्यवाही उपरोक्त में एसआई राजेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल अंकित कुमार व अरविन्द कुमार शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए फरार आरोपी चोर जय किरण उर्फ सन्नी पुत्र सुभाष निवासी ग्राम चोरी मण्डी थाना चिलकाना को ग्राम दुमझेडी कब्रिस्तान की ओर जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, गिरफ्तारी टीम में एसआई हरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अमित तोमर व अनुज राणा शामिल रहे।

# सड़क निर्माण का कार्य हुआ शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मुख्य सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह सड़क उत्तराखंड के खेड़ी शिकोहपुर गांव तक जाएगी, जिससे क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और ग्रामीण संपर्क को बढ़ावा मिलेगा।

सभासद रजत राणा ने बताया कि इस सड़क को स्वीकृत कराने के लिए उन्होंने और अन्य प्रतिनिधियों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह से कई बार मुलाकात की। उनके अथक प्रयासों से यह परियोजना मंजूर हुई। पत्रकार राव शमीम, पत्रकार सोनू राणा और सभासद रजत राणा सभासद आदिल अल्वी ने जेई को बुलाकर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता, समयबद्धता और सुरक्षा मानकों पर जोर दिया, ताकि जनता को जल्द से जल्द बेहतर सड़क मिल सके। कुछ लोग बिना आधार के सोशल मीडिया पर फोटो खींचकर दावा कर रहे हैं कि यह कार्य उनके प्रयासों से शुरू हुआ। रजत राणा ने स्पष्ट किया कि ऐसे लोगों को पीडब्ल्यूडी कार्यालय की जानकारी तक नहीं है। यह केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें पीडब्ल्यूडी और स्थानीय प्रतिनिधियों की मेहनत शामिल है। उत्तराखंड में च्डळैल के चौथे चरण के तहत ग्रामीण सड़कों का विकास तेजी से हो रहा है।

स्थानीय लोग इस कार्य से उत्साहित हैं और उम्मीद करते हैं कि यह सड़क उनके दैनिक जीवन को आसान बनाएगी।

# गड्ढों के कारण हो रही दुघर्टनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण सड़कें गड्ढा मुक्त नहीं हो पा रही हैं।

फतेहपुर-कलसिया मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रदेश सरकार ने भले ही सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा किया हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते यह दावा खोखला साबित हो रहा है।फतेहपुर तिराहे से कलसिया तक सड़क पर गहरे गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि बरसात के बाद सड़क की हालत और खराब हो गई है। गड्ढों से बचने के प्रयास में वाहन चालक अक्सर आपस में टकरा जाते हैं, जिससे चोटिल होने की घटनाएं आम हो गई हैं। कई लोग इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।यह मार्ग माता शाकंभरी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। साथ ही, मांडूवाला के शाकंभरी स्कूल और प्राइमरी स्कूल के सामने भी गड्ढों की भरमार है। इन गड्ढों के कारण स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

खुजनवार गांव और मुजफ्फराबाद में भी सड़कें जर्जर हालत में हैं, जहां गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।स्थानीय लोग विभाग से बार-बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। विभाग की लापरवाही से न केवल जनता परेशान है, बल्कि सरकार की साख भी दांव पर लग रही है।

# प्रेम-एकता का संदेश देते हैं धर्मः जमील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ समाजसेवी जमील फोरमैन ने कहा कि सभी धर्म आपसी प्रेम, एकता और एक दूसरे की खुशियों में शामिल होने का संदेश देते हैं। यही हमारी परंपरा है। वहीं एंटी रोमियो टीम ने बेटियों को महत्त्वपूर्ण जानकारी दी।

वरिष्ठ समाजसेवी जमील फोरमैन ने नवरात्रों पर विगत वर्षो की भांति इस बार भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर 21 कन्याओं को उपहार भेंट किए। जमील फोरमैन ने कहा कि सभी धर्म आपसी प्रेम,एकता और एक दूसरे की खुशियों में शामिल होने का संदेश देते हैं क्योंकि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं।उन्होंने कहा कि हमें सभी को सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए और मिलजुल कर एक परिवार की तरह रहना चाहिए।

जमील फोरमैन ने कहा कि हमें बेटियों महिलाओं का सम्मान करना चाहिए।उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के मानने वालों से मिलकर ही एक खूबसूरत हिंदुस्तान बना है। जो हमें पूरी दुनिया मे खास बना देता है।

कोतवाली की एंटी रोमियो टीम के एसआई देवेन्द्र सिंह व एसआई नेहा चौधरी ने बेटियों की सुरक्षा ,गुड़ टच बेड टच सहित अन्य महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान जोगेंद्र, सविता, शिवम आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत ष्स्वस्थ नारी, सशक्त नारीष अभियान चलाया गया। महिला उप निरीक्षक मिथलेश राठौर और होमगार्ड सुमित कुमार ने कस्बे में व सीएचसी फतेहपुर में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए जागरूक किया।

इस अभियान में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाओं और बाल मजदूरी रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं और बालिकाओं को गुड टच और बैड टच की पहचान के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वूमेन पावर), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध), 108 (एंबुलेंस सेवा) और 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं की समस्याएं सुनी गईं और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

साथ ही, सीएचसी में आने-जाने वाले पुरुषों और बच्चों से पूछताछ की गई और उन्हें आवश्यक चेतावनी देकर जागरूक किया गया। यह अभियान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करने और समाज में उनकी सुरक्षा व सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस प्रशासन का यह प्रयास न केवल जागरूकता फैलाने में सहायक है, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करता है।

**गंगोह।** महिला सशक्ति करण के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत हिन्दू राष्ट्रीय इंटर कालेज व राम कृष्ण मेहता इंटर कालेज में छात्राओं को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। इन छात्राओं ने कार्यशैली को जांचा व परख कर कार्य किया।

हिंदू राष्ट्रीय इंटर कालेज में कक्षा 12 की छात्रा उम्मुल हुसैन को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य पद का दायित्व सौंपा गया। इस योजना का मकसद हर वर्ग की बालिकाओं को महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश देना है। प्रधानाचार्य विजय कुमार व समस्त स्टाफ ने छात्रा का स्वागत किया। उम्मुल हुसैन ने पद ग्रहण कर पहले कक्षाओं में घूमकर पठन-पाठन एवं अनुशासन संबंधी निर्देश दिये तथा स्टाफ को छात्र हित मे कुछ आवश्यक सुझाव दिये। इस अवसर पर ऋषीश कुमार डा केके वर्मा, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव राजेंद्र अग्रवाल, अनुपम गोयल, प्रतिभा पाण्डेय, पुष्पेद्रीका सैनी आदि उपस्थित रहे।

राम कृष्ण मेहता इण्टर कालेज में दुर्गा अष्टमी पर प्रधानाचार्य रोहिताश कुमार और अध्यापकों द्वारा कन्या पूजन किया गया और बालिका सुरक्षा के तहत छात्रा सारा अंसारी को प्रधानाचार्या बनाया गया। प्रधानाचार्या बनते ही छात्राओं ने विद्यालय की दैनिक क्रियाओं का निरीक्षण किया और कार्यकारी आदेश जारी किये।

छात्रा प्रधानाचार्या सारा अंसारी ने भी सभी बालिकाओं को निडरता के साथ पढाई करने तथा भविष्य की चुनौतियों के लिये अपने को तैयार करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कालेज का स्टाफ मौजूद रहा।

# नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंः इकरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** सांसद इकरा हसन ने सपा कार्यकर्ताओं से सपा के पीडीए पोलिसी को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

नानौता क्षेत्र के गांव माधोपुर में सपा जिला उपाध्यक्ष अरशद चौधरी के आवास पर सपा सांसद इकरा हसन का स्वागत किया गया। सांसद इकरा हसन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में आमजन कि कोई सुनवाई नहीं है जनता ने मन बना लिया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बनाकर उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाएंगे। सपा नगराध्यक्ष अब्बास चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता दिन रात सपा को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं सपा कार्यकर्ताओं का एक ही लक्ष्य है 2027 मे अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बने। कार्यक्रम को पूर्व प्रधान अशोक सहरावत, अजब सिंह, विश्वास राणा, ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर विजय शर्मा ने किया कार्यक्रम संयोजक अरसद चौधरी ने सभी अतिथियो व कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शाहजेब को गलत संगत में पडने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अल्ताफ अहमद पुत्र श्री मौ. युनुस निवासी मौहल्ला भंवा सराय, माली गेट चौकी, पुल खुमरान, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र प्रवेज व पुत्रवधू श्रीमति शुमाईला को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नईमा पत्नि इलयास निवासी मकान नम्बर 13/2055 मौहल्ला चौक बाजदारान, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर।**

# मनचलों पर नकेल कसने के लिए चले अभियान के दौरान दबोचे मनचले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत मनचलो के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान के दौरान पुलिस ने चार मनचलों को हिरासत में लिया। हालांकि आरोपितों द्वारा माफी मांगने पर उन्हें छोड़ दिया गया।

पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने विभिन्न स्थानों से चार मनचलों को हिरासत में लिया और कोतवाली ले आई। आरोपित सार्वजनिक स्थानों पर सडक पर आती जाती महिलाओं पर अशलील फब्तियां कस रहे थे। पुलिस की सीख के बाद चारों आरो. पित हाथ जोडकर माफी मांगते दिखे। कहा कि वह आइंदा कभी किसी महिला के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे और सभी को अपनी माता बहनें समझेंगे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि माफी मांगने के बाद सभी आरोपितों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को स्र्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। कहा कि महिलाओं व युवतियों के साथ अभद्रता करने वाले किसी भी शोहदे को बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी अभियान जारी रहेगा।



# कार की चपेट में आने से भेड़ों की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तेज रफ्तार कार ने जंगल से घांस चरकर आ रहे भेड़ों के झुंड को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे 14 भेड़ों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि साथ चल रहा उनका मालिक बाल बाल बच गया। एकत्रित लोगों ने मौके से भागने का प्रयास कर रहे कार चालक को दबोच लिया, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया।

**मौके पर एकत्रित लोगो ने कार चालक को दबोच पुलिस के किया हवाले**

नूरपुर निवासी जगन्नाथ अपने भेड़ों के झुंड को जंगल से घांस चराकर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह अपने घर के निकट अम्बेहटा रोड पर पहुंचा तो देवबंद की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने भेड़ों के झुंड को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे कुचल जाने के करण 14 भेड़ों की दर्दनाक मौत हो गई। गनीमत रही कि तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से ग्रामीण जगन्नाथ बाल बाल बच गया। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने कार चालक को दबोच लिया और दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित ग्रामीण के मुताबिक हादसे में भेड़ मरने से उसे करीब 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कोतवाल नरेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना के संबंध में तहरीर मिल गई है। जिसके आधार पर मुक. दमा पंजीकृत कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपी कार चालक को विधिक कार्रवाई हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# संगठन सर्जन अभियान के तहत बसपाइयों ने की कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में संगठन सर्जन अभियान के तहत बसपाईयों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस दौरान नए सदस्यों से संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संदीप राना और प्रदेश सचिव राहत खलील ने बसपाईयों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष ने नए सदस्यों को ब्लाक कमेटी में जिम्मेदारी भी सौंपी, उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है, क्योंकि देश की जनता वर्तमान सरकार की करनी और कथनी का अंतर समझ चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर मनीष सहगल, मधु सहगल, रिहान अहमद कुरैशी, शाजिया नाज, अफजाल कुरैशी, राजपाल कर्णवाल, शहजाद उस्मानी, अजय राणा, अरविंद्र सिंह, बबीता, पिंटू कुमार, नबील, अकरम, वरयाम खां, शहजाद कुरैशी मुन्ना आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



# छात्राओं ने विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए मॉडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पब्लिक गर्ल्स इण्टर कॉलेज में आयोजित विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 12 तक कि छात्राओं ने विज्ञान, कंप्यूटर, होम साइंस आदि विषयों पर बनाए गए विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए।

ईदगाह रोड स्थित पब्लिक गर्ल्स इण्टर कॉलेज प्रांगण में आयोजित हुए प्रदर्शन का उदघाटन महिला चौकी प्रभारी सविता चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में छात्राओं नें प्रोजेक्ट व पोस्ट ड्राइंग के माध्यम से रचनात्मक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक जागरूकता का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने सौर ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, आदिमानव का जीवन, गांव का परिदृश्य, प्रदूषण नियंत्रण तथा ज्वालामुखी पर्वत आदि के संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी ने छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल्स की सराहना करते हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुस्लिम फंड के महाप्रबंधक सुहैल सिद्दीकी, सचिव अनस सिद्दीकी, नजम उस्मानी, शाइस्ता उमेस, शबाना सफी, रूबीना शहजाद, जेबा, शाकरा प्रवीन, खुजैमा आदि छात्राओं समेत कालेज का समस्त स्टाफ शामिल रहा।





## सीओ ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मिशन शक्ति फेज के विशेष अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत रामलीला मैदान में लगने वाले दशहरा मेले के मद्देनजर भ्रमण व निरीक्षण कर मिशन शक्ति और साइबर सुरक्षा गोष्ठी के सम्बन्ध में छात्राओं व महिलाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय, महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों 1930-साइबर क्राइम, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# मदरसा छात्रो को उपलब्ध कराई जाएगी चिकित्सा सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मदरसा छात्रों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए एक नई पहल की गई है, अब छात्रों को 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी, जिससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा।

**संस्था के अजमत अस्पताल में चिकित्सक 24 घंटे देंगे अपनी सेवाएं**

दारुल उलूम के छात्रावास प्रभारी मौलाना अशरफ अब्बास ने बताया कि प्रबंधतंत्र ने छात्रों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संस्था के अजमत अस्पताल में चिकित्सकों की 24 घंटे तैनाती की व्यवस्था की है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उनकी चिकित्सा आवश्यकताओं को समय पर पूरा करना है. नई व्यवस्था के तहत एक एमबीबीएस चिकित्सक हमेशा अस्पताल में उपस्थित रहेगा ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित उपचार किया जा सके। इसके लिए छात्रों को एक कोड दिया जाएगा, जिसका इस्तेमाल कर बीमार छात्र केवल दस रुपये देकर उपचार करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों की सेहत हमारे लिए प्राथमिकता है, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण कई बार छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ता था।

## चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच



**नगीना।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे स्वास्थ्य शि. विर का उद्घघाटन एक भव्य समारोह में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, मण्डल अध्यक्ष अंजलि मित्तल ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक विशाल दिवाकर, डॉ. आशीष अहलावत, डॉ. माज, डॉ. विशाल, डॉ. मीनाक्षी रस्तोगी, डॉ. विशेष सिंह, फार्मासिस्ट प्यारेलाल, फार्मासिस्ट मगन रावत, फार्मासिस्ट अभय चौहान, फार्मासिस्ट अनमोल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया। क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सरकार देश के गरीब और असहाय लोगों को समर्पित है। शिविर में कुल 1252 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, नीरज विश्नोई, सचिन शर्मा, सोहन सैनी, कृष्ण बल्देव सिंह, गर्वित चौधरी, जितेंद्र राठी, अरुण शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, अतुल भारती, शिवा मिगलानी, आदि राठौर, लवी मित्तल, दिनेश चौधरी, सरदार हरमीत सिंह, तिल. कराज मुठरेजा, ओमपाल आदि रहे।

# कलाकारों ने कुंभकरण व मेघनाद वध लीला का किया मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में मंगलवार रात कुंभकर्ण और मेघनाद वध लीला का मनोहारी मंचन हुआ।

श्रीराम लीला भवन के रंगमंच में श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में कलाकारों ने दिखाया कि लक्ष्मण की मूर्छा खुलने पर रावण कुंभकर्ण को युद्ध में भेजता है। कुंभकर्ण युद्ध में भयंकर विनाश करता है परंतु अंत में वह राम के हाथों मारा जाता है। उसके बाद मेघनाद आता है। जब मेघनाद स्वयं को कमजोर महसूस करता है तो वह देवी का यज्ञ करने चला जाता है। विभीषण लक्ष्मण को कहते है कि इसके यज्ञ पूरा करने से पहले मारना होगा। इस पर लक्ष्मण यज्ञ करते हुए मेघनाद का शीश काट लाते हैं। उधर, रेलवे रोड स्थित दुर्गा कॉलोनी में चल रही श्री जानकी लीला मंचन समिति की रामलीला में कलाकारों ने अहिरावण लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया।



# श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने मां भगवती के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा की। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन भी किया।

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में दोपहर तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि मां सिद्धिदात्री भगवान शिव को भी सिद्धि प्रदान करने वाली देवी मानी जाती हैं। यद देवी कमल पर विराजमान हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। इन्होंने एक हाथ में शंख, दूसरे में गदा, तीसरे में कमल और चौथे में चक्र धारण किया हुआ है। मां सिद्धिदात्री देवी दुर्गा के समान सिंह की सवारी करती है। यह भक्तों को सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं



# पुरानी पेंशन बहाली के लिए ट्विटर अभियान

## देश के शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर 25 नवम्बर को दिल्ली करेंगे कूच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय आह्वान पर टीईटी परीक्षा अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव एवं महिला विंग जिलाध्यक्ष वसीम बानो के नेतृत्व में ट्वीट अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्यता के आदेश के विरोध में स संपूर्ण भारत के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने ट्वीट अभियान चलाया। सरकार से मांग है कि इस काले कानून को वापस ले, क्योंकि उनकी नियुक्ति तत्कालीन नियमों के अनुसार हुई थी। संगठन ने हमेशा एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण का विरोध किया है और जब पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। संघर्ष के क्रम में 25 नवंबर को देश के शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर दिल्ली कूच करेंगे। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा ट्वीट अभियान सांकेतिक संघर्ष है। यदि सरकार टीईटी अनिवार्यता के आदेश को वापस व पुरानी पेंशन बहाल नहीं करेगी तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए तैयार है।



कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया जावेद, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद जावेद, जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, जिला प्रवक्ता लोकेंद्र चौधरी, जिला मंत्री जितेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री नवीन चौधरी, रीवा सिंह, कौशल गौतम, अलीमा परवीन, गीता रानी, नीशी वर्मा, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पाल उपाध्यक्ष संजीव कुमार, राजकीय वाहन चालक महासंघ के क्षेत्रीय मंत्री संजीव कुमार, जिलाध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, जिला मंत्री हेमराज सिंह, जिला संरक्षक राजपाल सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, संगठन मंत्री सुनील कुमार, जिला उपाध्यक्ष विकास पाठक, राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, कोषागार कर्मचारी संघ के जिला मंत्री ललित कुमार, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला संरक्षक देशराज सिंह, जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा, इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, भूपेंद्र चौधरी, कुलदीप कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब, मुज्जफर इस्लाम, रामनाथ सिंह, जितेंद्र कुमार गुर्जर, दुष्यंत कुमार, बिजेंद्र कुमार, सिकन्दर कुमार, पुनीत गहलोत, अमित कुमार, लोकेश शर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, योगेंद्र कुमार, जगदेव कुमार, संजय कुमार, विनोद कुमार, अबरार अहमद, नरेश कुमार, रविन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, मनोज कुमार, राकेश कुमार रवि, अशोक कुमार, प्रकाश सिंह, बृजेश खरवार, जयप्रकाश पटेल, तेजपाल सिंह, बालेश कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार रवि, अशोक कुमार, प्रकाश सिंह, तेजपाल सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मुंबई में शिक्षक सुरेंद्र सिंह को पूर्व सीएम ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** विकास खंड अफजलगढ़ क्षेत्र के संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात वरिष्ठ शिक्षक एवं शैक्षिक सामा. जिक व रचनात्मक कार्यो के लिए पूर्व में अनेकों बार विभूषित शिक्षक सुरेंद्र सिंह के सम्मान में एक और उपलब्धि दर्ज हुई। सुरेंद्र सिंह को मुंबई के मराठी पत्रकार मंडल सभागार में सनातन फाउंडेशन की ओर से योग के प्रचार प्रसार तथा भारतीय मूल्यों व भाषा के प्रति योगदान के लिए पतंजलि अंतर्राष्ट्रीय योग फाउंडेशन की ओर से उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने साहित्यिक निधि के रूप में सनातन साहित्य सम्मान से सम्मानित किया है। मुंबई में महर्षि पतंजलि अंतर्राष्ट्रीय योग फाउंडेशन व सनातन फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्ष सनातन साहित्य शिक्षा व संस्कृति सम्मान समारोह का नरीमन प्वाइंट स्थित मराठी पत्रकार भवन सभागार में भव्य आयोजन किया जाता है। जहां देश के प्रतिष्ठित विभूतियां को उनके योगदान के लिए सम्मान प्रदान किए जाते हैं। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद तीरथ सिंह रावत ने शिक्षक सुरेंद्र सिंह को सनातन साहित्य संस्कृति सम्मान से अलंकृत किया।

# छात्राओं व पुलिस प्रशासन ने मिशन शक्ति जागरूकता रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** छात्राओं, पुलिस प्रशासन ने मिशन शक्ति अभियान को परवान चढ़ाने के लिए गांव के गली मौहल्लों में जागरूकता रैली निकाली।

ट्रेनी सीओ कुलदीप सिंह यादव, राजा भरत सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य, कोषाध्यक्ष राघव प्रताप सिंह के नेतृत्व में छात्राओं और पुलिस प्रशासन ने नांगल के अनेकों मौहल्लों में मिशन शक्ति जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी सुनील पुनिया ने छात्राओं और महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सेल के बारे में जानकारी साझा की। महिला आरक्षी रविता चौहान, ललिता सिंह ने 1090,1098,1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए। वहीं पुलिस ने गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया।

# महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, मेडिकल में नहीं हुई पुष्टि

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पल्लावाला की एक गूंगी विधवा महिला से दुष्कर्म का आरोप सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने दोनों संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला का पति कई साल पहले गुजर चुका है और घर की जिम्मेदारी उसके कंधों पर है। तीन बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए वह घरों में चौका-बर्तन का काम करती है। बीती रात वह धामपुर के मौहल्ला बंदूकचियान में एक शादी समारोह में काम करने गई थी। कार्यक्रम खत्म होने पर देर रात जब वह घर लौट रही थी तो उसे छोड़ने के लिए दो युवक साथ गए। आरोप है कि गांव से पहले जंगल के पास दोनों युवकों ने महिला को रोक लिया और जबरन खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी महिला को उसके घर छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने इशारों के जरिए अपने परिजनों को घटना की जानक. ारी दी। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और शादी वाले घर में भी विरोध जताया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। महिला के शरीर पर चोट या खरोंच के निशान नहीं मिले। मेडिकल परीक्षण में भी दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस अब पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि महिला के पुत्र द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच में यह भी सामने आया है कि विवाद पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ था। शादी में काम के दौरान महिला ने ज्यादा मेहनताना मांगा था, इसी को लेकर कहासुनी हुई। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही सच्चाई सामने आ पाएगी। घटना के बाद धामपुर और आसपास के गांवों में तनाव का माहौल है और लोग इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# स्योहारा में मांस-मछली की सभी दुकानें बंद कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नवरात्रों के पावन अवसर पर जहां तमाम कस्बों और नगरों में सामान्य जीवन चलता रहा और मीट की दुकानें भी बिना किसी दिक्कत के खुली रही। वहीं थाना स्योहारा क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार स्योहारा नगर में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मांस-मछली की सभी दुकानें बंद करवा दी। यही हालात सहसपुर नगर पंचायत जो कि स्योहारा थाना क्षेत्र में ही आता है, वहां देखने को नहीं मिले। वहां खुलेआम मांस व मछली की बिक्री होती रही। एक ही थाना क्षेत्र में अलग-अलग नियम लागू होना। लोगों की समझ से परे है और इससे पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

**पुलिस की दोहरी नीति पर उठे सवाल**

स्थानीय नागरिकों में यह चर्चाओं का विषय बना हुआ है। यह कोई पहली बार नहीं है। कुछ वर्ष पहले सावन के महीने में भी सबसे पहले स्योहारा में मीट की दुकानों पर ताले डलवाए गए थे। अब तो हालात यह हैं कि हर छोटे-बड़े त्यौहार पर सबसे पहले स्योहारा में ही मीट बंद कराया जाता है और पुलिस पूरी कोशिश करती है कि नगर में किसी भी तरह से दुकानों को खोलने न दिया जाए। लोगों का कहना है कि यदि आस्था के नाम पर दुकानों को बंद कराना है तो यह नियम पूरे जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश में लागू होना चाहिए। पूरे बिजनौर जिले में नवरात्रों के दौरान कहीं भी मीट बिक्री पर रोक नहीं रही। धामपुर में कई बड़े मांसाहारी होटल खुले रहे हैं और किसी को कोई परेशानी नहीं हुई। लेकिन स्योहारा में हर बार सख्ती का शिकार मांस व्यापारी और आम जनता ही बनते हैं।

# सांसद इमरान व एमएलसी शाहनवाज हाउस अरेस्ट

## कहा–साम्प्रदायिक नफरत की आड़ में अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बरेली जाने से पहले ही कांग्रेस सांसद इमरान मसूद व सपा एमएलसी शाहनवाज खान को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इमरान ने कहा कि वह केवल बरेली के पुलिस अधिकारियों से मिलने के लिए ट्रेन से जा रहे थे।

सांसद इमरान मसूद को मंगलवार की देर शाम आज हाउस अरेस्ट कर लिया गया। उनके आवास के बाहर पुलिस का भारी पहरा तैनात रहा। इमरान मसूद ने इस कार्रवाई को व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला बताया। इमरान मसूद ने कहा कि पार्टी की ओर से वह एमएलसी शाहनवाज के साथ बरेली ट्रेन से जा रहे थे और हमें दो घंटे में ही ट्रेन से वापस लौटना था। उन्होंने हमें यह कहते हुए रोक दिया कि हालात ठीक नहीं हैं। हालात कैसे ठीक नहीं हैं? हम शांतिदूत हैं और हम हालात को शांत कर सकते हैं। वे हमसे नफरत की बात करने की उम्मीद नहीं कर सकते। उन्होने कहा कि आप सिर्फ पोस्टर दिखाने पर लोगों पर हमला कर रहे हैं, वे सांप्रदायिक नफरत की आड़ में अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें 2027 का चुनाव हारने का डर है, इसलिए मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि गुजरात, राजस्थान व अलीगढ में जुलूस निकाला गया, लेकिन कोई कार्यवाही नही की गयी। फतेहपुर में एक मजार को निशाना बनाया जाता है यहां तक कि पुलिस की बैरीगेटिंग भी तोड दी जाती है बावजूद इसके कोई कार्यवाही नही हुई। उन्होने कहा कि हुजुर मुहम्मद (स.अ.व.) से मौहब्बत हमारे ईमान का हिस्सा है यह कोई प्रदर्शन की चीज नही है। इस समय माहौल हमारे खिलाफ चल रहा है इसलिए मौलाना व उलेमा ए इकराम अपने लोगों को समझाने के लिए आगे आयें।



## अवैध खनन में लिप्त चार सिपाही लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अवैध खनन में लिप्त पुलिसकर्मियों का संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने चार सिपाहियों को लाईन हाजिर कर दिया है। जिसके चलते खनन क्षेत्र से लगते थानों में हडकंप मचा है।

एसएसपी द्वारा अवैध खनन में लिप्त लाईन हाजिर किये गये सिपाहियों में तीन हैड कांस्टेबल विनोद, संजीव, अरूण तथा एक कांस्टेबल सोनू तोमर शामिल है। बता दे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार में अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगी है। जिसके लिये जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक निरंतर शासन की गाइड लाइन पालन कराने के लिये दिशा निर्देश देते रहते है। इसके साथ ही गाइड लाइन का पालन कराने में निगरानी भी रखते है। यही कारण रहा कि अवैध खनन में लिप्त पाये जाने पर एसएसपी ने यह कार्रवाई की है।

# अधिवक्ताओं के प्रयासों से आई लव मुहम्मद का पोस्टर दिखाने वाले युवक की जमानत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जुमे की नमाज के बाद आई लव मौहम्मद का पोस्टर दिखाने के आरोपी बिलाल अहमद की नगर मजिस्ट्रेट ने जमानत स्वीकार कर पचास हजार के दो जमानतियों पर रिहा करने का आदेश पारित किया।

सीनियर एडवोकेट अनवार अहमद सिद्दीकी व मोहम्मद अली एडवोकेट, यासर सिद्दीकी एडवोकेट, एक्दास एडवोकेट, सूफियान अंसारी एडवोकेट के पेनल ने भरपूर कानूनी पैरवी की। अनवार सिद्दीकी एडवोकेट की दलीलो को सुन कर कानून की रोशनी में नगर मजिस्ट्रेट ने जमानत मंजूर की तो बिलाल के परिवार वालों मे खुशी की लहर दौड गई। विदित हो कि बिलाल को शांति भंग करने व उपद्रव फैलाने के आरोप मै निरुद्ध किया गया था। वकीलो के पेनल ने मात्र एक रुपए में केस की पैरवी की।

# महिला सुरक्षा सामुहिक जिम्मेदारी: बबीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आशा बनी डाडिया रास 5.0 कार्यक्रम में डांडिया की धुनों के बीच मिशन शक्ति अभियान का संदेश गूँज उठा।

महाराजा अग्रसेन अग्रवाल धर्मशाला में महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर, उ.नि. मोनिका यादव म.का कोमल म.का दिपिका और महिला थाना एंटी रोमियो टीम ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को पंपलेट वितरित कर सुरक्षा व जागरूकता का संदेश दिया। श्रीमति पुनम गेनेजा व डा. गुनिता जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ ,मिन्टी छाबरा अस्ट्रोलोजर व सीईओ ज्ञान कलेश कम्पनी, श्रीमति अल्पना तलवार श्रीमति अलका भटनागर, श्रीमति आरती गुप्ता वहीं महिला जिला प्रभारी व्यापार मंडल व समाज की अन्य प्रतिष्ठित महिला की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सरकार के दायित्व के साथ साथ, समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी बनती है। आज मिशन शक्ति इसी सामाजिक एकजुटता की पहचान बन रहा है। उन्होंने कहा डांडिया के उत्सव में महिला सशक्तिकरण का संदेश देखने को मिला है।



## मांगपत्र सौंपा

**गंगोह।** भाकियू की नगर इकाई ने सीओ को 9 सूत्री मांग पत्र दिया है। चेतावनी दी है कि यदि 13 अक्तूबर तक मांगे पूरी न हुई तो 14 से कोतवाली पर धरना दिया जाएगा।

ब्लाक कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला सचिव बृजपाल सैनी व नगर अध्यक्ष मेहरबान कुरैशी ने कहा कि इस समय हर आफिस में भ्रष्ट्राचार का बोलबाला है। किसी की भी कहीं भी फरियाद को सुना नहीं जा रहा है। 9 सुत्री मांग पत्र सीओ को देकर उन्हें पूरा करने को कहा है। मांग पत्र में कहा गया कि कोतवाली में दर्ज किए जा रहे फर्जी मुकदमों पर रोक लगाई जाए। मिट्टी खनन पर रोक के साथ ही गो कशी करने वालों को बख्शा न जाए। रेत के अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगे। नशे का धंधा विनाश का कारण बन रहा है इस पर पूरी तरह रोक लगा कर युवाओं को बर्बाद होने से रोका जाए। चेतावनी दी गई।

# सेवाओं के लिए डा.नैना मिगलानी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चिकित्सा के क्षेत्र में शहर की वरिष्ठ गायकनॉलिजिस्ट डा. नैना मिगलानी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं एसपी ट्रैफिक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

महिलाओं को स्वास्थ्य एवं जटिल बीमारियों के बारे में जागरूक किए जाने की मुहिम में डा. नैना मिगलानी को पुलिस लाइन में आयोजित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बुधवार को वरिष्ट पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी एवं एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा एवं अन्य महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है

डा. नैना मिगलानी द्वारा मलिन बस्तियों एवं विभिन्न स्कूलों में जाकर महिलाओं को उनकी जटिल बीमारियों एनीमिया, खून की कमी, अनियमित मासिक धर्म और महिलाओं को होनी वाली ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती लक्षणों को समय से उनकी पहचान कर उनकी जांच कराते हुए इलाज के लिए प्रेरित करते हुए जागरूक करने का कार्य कर रही है।उनके द्वारा अब तक 42 से भी अधिक निशुल्क कैंप विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के तहत लगाए गए है। उसी क्रम में आज पुलिस लाइन में उनको वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शहर की विभिन्न संस्थाओं ने उनके सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है।



## प्रतिमाओं का विसर्जन

**गंगोह।** दुर्गा प्रतिमाओं का पवित्र नदियों में विधि-विधान से विसर्जन कर दिया गया। आयोजक विश्व हिन्दू परिषद ने इस बार भी हाथ से बनी सांझी की प्रतियोगिता करा पुरस्कार दिए।

पहले नवरात्र से घरों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का मंगलवार को विसर्जन किया गया। शिव चौंक स्थित पंचायती धर्मशाला में पंडाल लगाकर प्रतिमाओं को इकट्ठा किया गया। शाम तक श्रद्धालु इन्हें लाकर जमा करते रहे। इस दौरान करीब तीन घंटे तक भजन का कार्यक्रम भी चला। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिन्दू परिषद द्वारा किया गया था। इस बार भी हाथ से बनी सांझी को बढ़ावा देने व संस्कृति को जीवित रखने के लिए प्रथम तीन स्थानों पर आने वाली सांझी को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई थी। प्रतियोगिता का पहला पुरस्कार तन्वी शर्मा व सुमित कुमार व तीसरा कोमल बारी को दिया गया।

# साजिद चौधरी साथियों समेत बसपा में शामिल

## प्रमुख मेहरबान मुखिया के प्रयासों से बेनीवाल, मेघराज व नरेश के समक्ष हुई घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी लगातार जिले में अपना वर्चस्व बढाने की तरफ चल रही है। इसकी परिपेक्ष में आज वरिष्ठ नेता साजिद चौधरी सपा छोडकर बसपा में शामिल हुए और उन्होंने आगामी 9 अक्टूबर को होने वाली लखनऊ रैली में भारी तादाद में भागेदारी करने का संकल्प लिया।

बलियाखेडी ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया के प्रयासों से साजिद चौधरी बसपा में शामिल हुए। ग्राम रजापुर कलालटी में आज आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते हुए राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि बहनजी ने अपने शासनकाल में बेहरतीन कानून व्यवस्था देने के साथ ही सर्वसमाज को साथ लेकर चलने का काम किया है। आज इस सरकार में हर वर्ग त्रस्त है। पूर्व एमएलसी मेघराज सिंह जरावरे व मुख्य मंडल प्रभारी नरेश गौतम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फिर से बहनजी को सत्ता में लाने की जरूरत है। तभी मजबूती के साथ यूपी का विकास हो सकता है। ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया ने कहा कि सत्ता में रहते हुए बसपा ने पूरे जनपद को जितना विकास किया है वह किसी भी पार्टी द्वारा आज तक नहीं किया गया। बहनजी के कार्यकाल में जनपद में मिली उपलब्धियां किसी भी सरकार के बूते की बात नहीं है।

इस दौरान साजिद चौधरी के नेतृत्व में बसपा में शामिल हुए और उन्होंने लखनऊ रैली में जाने का संकल्प लिया।



# पेंशन बहाली को पहुंचे दिल्ली:तरूण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय आह्वान पर ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेश प्रभारी तरूण भोला ने सभी कर्मचारियों व शिक्षकों से 9 नवंबर को पेंशन बहाली हेतु ध्यानाकर्षण कार्यक्रम में दिल्ली पहुंचने का आहवान किया।

तरूण भोला यहां लोक निर्माण विभाग के मिनिस्ट्रीयल संघ भवन में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत हैं। सरकार ने अभी हाल ही में यूनिफाइड पेंशन योजना लागू की है जिसको लेकर कर्मचारी पूरी तरह नाखुश है, कर्मचारियों ने इसे सिरे से नकारते हुए पुरानी पेंशन बहाली के लिए एकमत से संघर्षरत रहने की सहमति दी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, नीरू सिंह, राजकुमार चौधरी, धर्मेन्द्र धवलहार ने भी विचार रखे।

उक्त कार्यक्रम में रूपेश कुमार, आशुतोष शर्मा, मोती यादव, सचिन मित्तल, मनोज सैनी, संजय कुमार, सोनी कुमार, अनिल बाबरे, कृष्णा, अवनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।



# बसपा की मजबूती का संकल्प

**सहारनपुर।** सांप्रदायिकत ताकतों को उखाड़ फेंकने की खातिर बहुजन समाज पार्टी की लखनऊ में 9 अक्टूबर को आयोजित रैली को ऐतिहासिक बनाते हुए बसपा सुप्रीमो बहन मायावती को फिर से उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश में संविधान सम्मत शासन व्यवस्था देंगे और झूठे समाजवादियों, ढोंगी धरनि. रपेक्ष दलो को बेनकाब कर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व बहुजन नायक साहब काशीराम के मिशन और विजन को बहन मायावती के नेतृत्व मे मजबूत करेंगे।

यह संकल्प बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के आह्वान पर 9 अक्टूबर को काशीराम की पुण्यतिथि पर होने वाली रैली को सफल बनाने हेतु स्थानीय डिफेंस कॉलोनी स्थित एडवोकेट इन्तखाब आजाद के निवास पर आयोजित बैठक में बहुजन नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लिया। बैठक में इस रणनीति पर विचार मंथन किया गया कि 9 अक्टूबर की रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लखनऊ ले जाया जाए, ताकि रैली अब तक के अपने ही तमाम रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर सके। बसपा नेताओं ने बहुजन समाज पार्टी के गठन से लेकर और उत्तर प्रदेश में चार बार बहन मायावती जी के शासन काल तक के तमाम कार्यों और बातों को विस्तार से बताया।

बैठक में अनिल कुमार पप्पू पार्षद, लोधी कुमार, नगर प्रभारी अनिल कुमार धारिया, एस आलम, नगर सचिव संगीता रानी, एडवोकेट मलिका अख्तर, हसीन अहमद एडवोकेट, विक्की गौतम, बदर अमान सरफानी, नौशाद मुगलमाजरा, गुलफाम अंसारी, शाह हुसैन बिजा. पुरा, सरफराज अहमद, शाह नूर, नसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# सहारनपुर राइजिंग स्टार्स पांच रन से जीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित सहारनपुर प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में आज सहारनपुर थंडरबोल्ट्स और सहारनपुर राइजिंग स्टार्स के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

मैच की शुरुआत में सहारनपुर राइजिंग स्टार्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सहारनपुर थंडरबोल्ट्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट गंवाकर कुल 174 रन बनाए। टीम की ओर से राघव शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 रन बनाए जबकि असद और इंजमाम ने 28-28 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुँचाया। राइजिंग स्टार्स की ओर से गेंदबाजी में आयन ने दो विकेट झटके। जबकि सौरव, प्रशांत, उज्जवल और अमीश ने एक-एक विकेट हासिल किया। 175 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरी सहारनपुर राइजिंग स्टार्स की टीम ने कड़ा मुकाबला किया और युवी रोहिल्ला की बेहतरीन 68 रनों की पारी के दम पर जीत की उम्मीद भी जगाई, लेकिन टीम 19.2 ओवरों में 168 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और इस प्रकार सहारनपुर थंडरबोल्ट्स ने यह मुकाबला मात्र 6 रनों से अपने नाम कर लिया। गेंदबाजी में थंडरबोल्ट्स की ओर से युवराज ने घातक प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट चटकाए जबकि भानु, हम्माद और शोएब ने दो-दो विकेट झटके। उनके शानदार प्रदर्शन के चलते युवराज पंवार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर एसडीसीए के संरक्षक अमर गुप्ता, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, यूपीसीए सदस्य एपेक्स काउंसिल से साजिद उमर, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह और पाली कालरा, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, ज्वाइंट सेक्रेट्री महेश शर्मा, विनय जैन (बिन्नी), राहुल शर्मा, सूरज सचदेवा, कमल सचदेवा, जयराम गौतम, अवनीश सैनी, अमित सैनी, राहुल कालरा, मो. फरीद, फैयाज आलम, अवनीश मंडोलिया, राजीव गोयल, रणधीर कपूर, अर्जुन सिंह, आयुष चौधरी, राव मुजीब, तनवीर खान, रोहित और अक्षय चौहान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



# गांधी जंयती पर गोष्ठी का आयोजन

**सहारनपुर।** गांधी जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं स्नातक इण्डिया वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में जहां अनेक ज्ञान मनीषियों ने अपने विचारों के माध्यम से गांधी दर्शन को अपनाने का आहवान किया। वहीं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के साधारण व सरल जीवन की भी प्रासांगिकता पर प्रकाश डाला। यहां मिशन कम्पाउण्ड स्थित बीएचएस इण्टर कालेज में अमीर खान एडवोकेट के संयोजन में आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए स्नातक इण्डिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव जे.एम.गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व में शांति चाहते थे, जिस कारण आज पूरी दुनिया उन्हें शांति का पुजारी मानकर उनकी जयंती को अहिंसा दिवस के रूप में मना रही है। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरी दुनिया गांधी दर्शन को अपनाकर विश्व को अहिंसा का संदेश दे। ज्योतिषाचार्य गोतित राजेशपाल एडवोकेट एवं उ.प्र. श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि गांधी दर्शन दुनिया में अहिंसा का रास्ता दिखाने वाला एक दर्शन है, जिस पर चलकर विश्व कुटुम्ब को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा सकता है।

## मिलेनियम में दशहरा पर्व मनाया

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई कोतवाली देहात में दशहरा का कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने किया। छात्राओं ने सर्वप्रथम मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने दशहरा पर्व के महत्व के बारे में बताया। छात्र एवं छात्राओं में दशहरे के उपलक्ष में राम, सीता, रावण, हनुमान, दशरथ आदि बनकर महोत्सव में बढ़-कर कर भाग लिया। कार्यक्रम में एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम, सतेंद्र कुमार, कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, सतीश कुमार, बालेश कुमार मौजूद रहे।

## बालाजी मंदिर में माता की चौकी का आयोजन

**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार में मां शेरावाली की चौकी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वामित्व मंदिर के महंत डॉ. अमित गिरी ने मुख्य यजमान डॉ. आरके चौहान व उनकी पत्नी डॉ. अनीता चौहान (दयावती हॉस्पिटल) से गौरी गणेश कलश पूजन तथा नवग्रह पूजन कराकर व माता की जोत प्रज्वलित कर चौकी शुरू की गई। संगीता जोशी ने जंगल के राजा तानिया ने तूने मुझे बुलाया व रुक्मेश ने झूला झूल रही मां अंबा भजनों से मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया। छोटे महंत आदित्य गिरी ने तथा पूनम गिरी पुजारी ने मां शेरावाली की आरती मुख्य यजमान से कराई। मां शेरावाली को हलवे चने तथा फलों का प्रसाद का भोग लगाया गया। सभी महिला भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर में पूनम गिरी, स्नेहा गिरी, तान्या, रुक्मेश, सुधा, संगीता जोशी, पूर्वी जोशी, आशा देवी, सरिता अनीता, उर्मिला, रूपांशी शर्मा, आयुषी जोशी, वर्षा, आकाश जोशी, हर्ष चौहान, सुधा चौहान तथा अनेक महिला भक्ति मंदिर परिसर में उपस्थित रहे।

## तौल कांटों का विधिवत पूजन

**धामपुर।** शुगर मिल लिमिटेड धामपुर द्वारा क्रय केंद्रों के तौल कांटों का विधिवत पूजन किया गया। आज से बाह्य क्रय केंद्रों पर तोल कांटे लगाने का शुभारंभ किया गया है चीनी मिल द्वारा 178 क्रय केंद्रो पर तौल कांटों की स्थापना की जानी है। प्रतिदिन 9 तौल कांटे लगाए जाएंगे। इस प्रकार 20 अक्टूबर तक सभी 178 तौल कांटों की स्थापना कर दी जाएगी।

# राधा कृष्ण मंदिर में कन्याओं का पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुरानी अनाज मंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में धूमधाम के साथ रामनवमी पर्व मनाते हुए कन्याओं का पूजन किया गया।

आचार्य पंडित प्रगीत कौशिक जी महाराज के सानिध्य में रामनवमी के मौके पर पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद विधि विधान के साथ कन्याओं का पूजन किया गया। पंडित प्रगीत कौशिक जी महाराज ने नवरात्रों का महत्व बताते हुए कहा कि नवरात्र हमारे जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते है। इस दौरान पं. ललित कपिल, नितिन शांडिल्य, पं. प्रणयन कौशिक, गंगाराम, विपिन कश्यप, नितिन यादव, संकेत गोयल, दिनेश शर्मा, सीताराम वर्मा, जयप्रकाश सिरोही, हन्नी सिरोही, संकेत गोयल, अमित, अक्षय अग्रवाल, अक्षित शर्मा, विपिन कश्यप, अरुण शर्मा, गौतम शर्मा, सचिन गोयल, विशाल गोयल, प्रदीप शर्मा, रविन्द्र पंवार, हिमांशु शर्मा, सतेंद्र गुप्ता, रोहित मौजूद रहे।

## घाटों का निरीक्षण

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज निगम अधिकारियों के साथ छठ पूजा की तैयारियों के लिए शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया और आयोजकों से विचार विमर्श कर तैयारियों को अंतिम रुप देने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि छठ पूजा की तैयारियों के लिए आज अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह व जेडएसओ राजीव चौधरी आदि के साथ गंगोह रोड स्थित बड़ी नहर छठ पूजा घाट पहुंचे। उन्होंने छठ पूजा से पूर्व नहर व आसपास की साफ-सफाई तथा रंगाई पुताई कराने के निर्देश देते हुए कहा कि तैयारियों में कहीं कोई कोताही न बरती जाए। इसके बाद नगरायुक्त ने महाड़ी स्थित स्वच्छ कुण्ड का भी निरीक्षण किया।

# मेगा स्वास्थ्य शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर भादो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में श्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारश अभियान और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सैन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और सभी मरीजों को व्यापक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में सहारनपुर जिला चिकित्सालय से आए विशेषज्ञों, जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनुज, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आईसी गुप्ता, और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उर्मिला शामिल थे, ने मरीजों का इलाज किया। कुल 415 मरीजों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।शिविर में सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध थीं।

इस दौरान व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष राजेश राणा, अंकित वर्मा, दिनेश शर्मा, मनोज महेश्वरी, डॉ. शशि माला, डॉ. आफताब आजम, डॉ. वीर, फार्मासिस्ट नवनीत सैनी, शुभम कुमार, स्टाफ नर्स कुमारी मानसी, और संध्या सैनी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी दफ्तर में जमा कराई

● बीसीसीआई ने पद से हटाने की चेतावनी दी थी, बिना एशिया कप ट्रॉफी भारत लौटी थी भारतीय टीम

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी आफिस में जमा करा दी है।

रविवार, 28 सितम्बर को हुए एशिया कप फाइनल के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। इसके बाद एसीसी के किसी अन्य अधिकारी से टीम को ट्रॉफी देने की जगह नकवी इसे अपने साथ होटल ले गए थे। वे इस बात पे अड़ गए थे कि भारतीय टीम को वही ट्रॉफी देंगे। इसके दो दिन बाद मंगलवार को एसीसी की सालाना बैठक हुई। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है। इसके बाद नकवी ने ट्रॉफी ने जमा कराई है। अब यह ट्रॉफी भारत को कैसे दी जाएगी इस पर फैसला बाकी है। मंगलवार को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत ने चैंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। उन्होंने कहा- श्मैं तो वहां बिना वजह एक कार्टून की तरह खड़ा था। 29 सितम्बर को बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा था कि वह इस मामले को नवंबर में होने वाली आईसीसी मीटिंग में भी रखेंगे।



# सिनर ने जीता चाइना ओपन का खिताब

● जैनिक सिनर ने पुरुष एकल फाइनल में अमेरिका के लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरा चाइना ओपन खिताब जीता

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल फाइनल में अमे. रिकी युवा खिलाड़ी लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर अपना दूसरा चाइना ओपन खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने डायमंड कोर्ट पर शानदार शुरुआत की, दो बार सर्विस तोड़ी और पहला सेट सिर्फ़ 34 मिनट में जीत लिया। 19 वर्षीय टिएन, जो 52वें स्थान पर हैं और अपना पहला एटीपी फ़ाइनल खेल रहे थे, ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अपना स्तर बढ़ा दिया और पहले चार गेम तक अपनी पकड़ बनाए रखी।

लेकिन सिनर ने पांचवें और सातवें गेम में सर्विस तोड़कर मैच पर कब्ज़ा कर लिया। 5-2 के स्कोर पर चैंपियनशिप के लिए सर्विस करते हुए, 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने अपना तीसरा मैच पॉइंट हासिल करके एक घंटे 12 मिनट में सीधे सेटों में जीत हासिल की। यह सिनर का लगातार तीसरा बीजिंग फ़ाइनल था। उन्होंने 2023 में सेमीफ़ाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराने के बाद खिताबी मुकाबले में दानिल मेदवेदेव को हराकर जीत हासिल की थी।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान मिचेल मार्श (85 ) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। छठे ओवर में मैट हेनरी ने ट्रैविस हेड (18 गेंदों में 31 रन) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट 12वें ओवर की पहली गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (18 गेंदों में 29 रन) के रूप में गिरा। उन्हें जेमीसन ने पगबाधा आउट किया।

### बांग्लादेश के प्रमुख कोच को आया हल्का स्ट्रोक

**कोलंबो, वार्ता।** बांग्लादेश महिला टीम के प्रमुख कोच सरवर इमरान को सोमवार को कोलंबो में हल्का स्ट्रोक आया, जहां टीम पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले विश्व कप मैच की तैयारी कर रही है। टीम मैनेजर एसएम गोलाम फ़ैयाज ने ईएसपीएन क्रिकइंफो को यह खबर दी और बताया कि इमरान अब स्थिर हालत में हैं। फैयाज ने कहा कि (सरवर) इमरान सर को कुछ दिन पहले चक्कर आ रहे थे और सोमवार को यह जारी रहा। हम उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने हल्का ब्रेन स्ट्रोक पाया। मैनेजर ने बताया कि इमरान को मंगलवार को अस्पताल से छुटी मिल गई। वह अब टीम होटल में आराम कर रहे हैं। हालांकि वह मंगलवार के अभ्यास सत्र में शामिल होना चाहते थे। फैयाज ने कहा कि हमने सर से आज आराम करने को कहा। वह उम्मीद कर रहे हैं कि कल (बुधवार) हमारे साथ ग्राउंड पर जाएंगे।

### ग्रीव्स, रदरफोर्ड वारिकन को क्रिकेट वेस्टइंडीज का अनुबंध मिला

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने 2025-26 के लिए पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों की अपनी सूची में तीन बदलाव किए हैं, जिसमें पूर्व टेस्ट कप्तान क्रेग ब्रैथवेट, जोशुआ दा सिल्वा और कावेम हॉज शामिल नहीं हैं। उनकी जगह जस्टिन ग्रीव्स, शेरफेन रदरफोर्ड और जोमेल वारिकन को 15 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय रिटेनर्स की सूची में, तेज गेंदबाज जैनिलिया ग्लासगो और शॉनिशा हेक्टर को 13 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है, जबकि शमिलिया कॉनेल, चेरी एन फ्रेजर, चेडियन नेशन और रशदा विलियम्स इस सूची का हिस्सा नहीं हैं। कोर ग्रुप यथावत रहेगा।

# टी-20 रैंकिंग में अभिषेक का वर्ल्ड रिकॉर्ड

● 14 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा पाइंट्स वाले भारतीय बल्लेबाज, गेंदबाजी में वरुण नंबम्बर-1

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर सईम अयूब पुरुषों की टी20 रैंकिंग में नए नंबर 1 ऑलराउंडर बने हैं, जबकि भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रेटिंग प्वाइंट का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

उन्होंने पुरुषों की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी बढ़त को और बढ़ाया है। अयूब ऑलराउंडरों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर जाकर पहले स्थान पर पहुंचे और उन्होंने भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ा। अयूब ने एशिया कप की छह पारियों में आठ विकेट लिए थे। हालांकि उन्होंने सात पारियों में सिर्फ़ 37 रन बनाए और चार बार शून्य पर आउट हुए। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए हैं, जबकि नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ज़िम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। अभिषेक श्रीलंका के खिलाफ अर्द्धशतक लगाने के बाद 931 रेटिंग अंक तक पहुंचे हैं। उन्होंने अब डाविड मलान के 2020 में बनाए गए 919 अंकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अभिषेक ने पिछले साल ही डेब्यू किया था और उन्होंने एशिया कप में 44-85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड जीता।

अब उनके पास इंग्लैंड के फ़िल सॉल्ट से 82 अंकों की बढ़त है, जो दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि भारत के तिलक वर्मा तीसरे पर हैं। जॉस बटलर चौथे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि एशिया कप में 261 रन बनाने के बाद पथुम निसंका नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में वरूण चक्रवर्ती ने एशिया कप में सात विकेट लेकर पहला स्थान बरकरार रखा है। कुलदीप यादव 17 विकेट लेने के बाद नौ स्थान ऊपर बढ़कर 12वें पर पहुंच गए हैं। शाहीन शाह अफरीदी 12 स्थान ऊपर बढ़कर संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर हैं, जबकि बांग्लादेश के रिशाद हुसैन छह स्थान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



# जब किसी देश का नेतृत्व इस तरह के आयोजन में दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है: पार्सन्स

● हाल के वर्षों में भारतके पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स ने बुधवार को कहा कि जब किसी देश का नेतृत्व इस तरह के आयोजन में दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है।

हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की हैं और यहां आयोजित इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 इस प्रगति की आकांक्षाओं का जीवंत उदाहरण हैं। आज यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में वैश्विक पैरा खेल जगत की दो प्रमुख हस्तियों अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स और वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड ने मीडिया के समक्ष भारत की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की हैं।

हाल ही में तीसरी बार आईपीसी अध्यक्ष बने पार्सन्स ने कहा कि यहां विकास साफ दिखता है। सरकार का सहयोग स्पष्ट है और हम भारत में पैरा खेलों की पारिस्थितिकी को और बेहतर समझने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है लेकिन गति सकारात्मक है। जब किसी देश का नेतृत्व दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है। हमने यह अनुभव रियो 2016 में किया था। आज भारत भी वही वादा और संभावना दिखा रहा है। फिट्जगेराल्ड ने इस आयोजन को ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि हर विश्व चैम्पियनशिप एक अवसर होती है दुनिया को यह दिखाने का कि 1-2 अरब दिव्यांग लोगों के लिए क्या संभव है।

यह न सिर्फ उत्कृष्टता और उच्च प्रदर्शन दिखाने का मौका है, बल्कि एक समुदाय के रूप में जुड़ने का भी माध्यम है। 2015 में दोहा विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने सिर्फ दो पदक जीते थे। पिछले साल कोबे में भारत ने 17 पदक हासिल किए। यहां नई दिल्ली में पदक तालिका पहले से ही तेजी से बढ़ रही है। सरकार का समर्थन और खेल सुविधाओं का नवीनीकरण नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है।

# विंडीज ने नेपाल को हराकर सांत्वना जीत हासिल की

● विंडीज ने नेपाल को 122 रनों पर ऑलआउट किया फिर 13 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोए मैच जीता

**शारजाह, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने मंगलवार (30 सितम्बर) को शारजाह में खेले गए अंतिम टी-20 मैच में नेपाल को हराकर सांत्वना जीत हासिल की। श्रृंखला में चौंकाने वाले तरीके से हारने के बाद, वेस्टइंडीज ने जोरदार वापसी की और पहले नेपाल को केवल 122 रनों पर ऑल आउट कर दिया, फिर 13 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोये लक्ष्य हासिल कर लिया।

उत्साहित नेपाली टीम ने कुशल मल्ला द्वारा अकील हुसैन की गेंद पर चौका और कुशल भुर्टेल द्वारा दो छक्के लगाकर अच्छी शुरुआत की। हालांकि उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन नेपाल के सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 37 रन जोड़कर एक मजबूत आधार तैयार किया। लेकिन जैसे ही जेसन होल्डर और होसेन ने जम चुके बल्लेबाज़ों को आउट किया, नेपाल की पारी का अंत होने में समय नहीं लगा। रेमन सिमंड्स ने रोहित पौडेल का बड़ा विकेट लिया और गुलसन झा रन आउट हो गए, जिससे नेपाल का स्कोर 85/4 हो गया। एक साझेदारी की सख्त जरूरत के चलते, नेपाल ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सिमंड्स ने चार विकेट लिए और नेपाल पारी के आखिरी ओवर में ऑलआउट हो गया। जवाब में, वेस्टइंडीज को पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और आमिर जंगू ने इसका पूरा फ़ायदा उठाया। हालांकि, अकीम ऑगस्टे ने शुरुआत में ही अपना प्रभाव छोड़ा। एक छक्का जड़ने के बाद, जो छत पर जा लगा, उन्होंने लगातार बाउंड्री पार कराई और वेस्टइंडीज का स्कोर सिर्फ़ तीन ओवर में 30/0 हुई।

# विंडीज के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखने उतरेगा भारत

● इंग्लैंड में धमाकेदार वापसी करने वाले कप्तान गिल अनुभवी खिलाड़ियों का साथ पाकर टीम की कमान संभालेंगे



**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार से शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 23 साल से टेस्ट मैचों में अजेय भारत इस बार भी जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। इंग्लैंड में धमाकेदार वापसी करने वाले युवा कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का साथ पाकर टीम की कमान संभालेंगे। नए खिलाड़ी साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और नितीश रेड्डी टीम में शामिल हैं। भारत की बल्लेबाजी लाइनअप में गहराई और बहुमुखी प्रतिभा है। राहुल और यशस्वी जायसवाल ओप. निंग करेंगे, सुदर्शन तीसरे नंबर पर, गिल चौथे नंबर पर, रेड्डी, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और खतरनाक स्पिनर कुलदीप यादव निचले क्रम में हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का गेंदबाजी आक्रमण भी खतरनाक है। बुम. राह अपनी गेंदबाजी से, मोहम्मद सिराज अपनी आतिशी गेंदबाजी से और स्पिनर बीच के ओवरों में दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं जो कि वेस्टइंडीज के अनुभवी बल्लेबाजों को भी परेशान कर सकता है। वेस्टइंडीज की चुनौती इसलिए बहुत बड़ी है, क्योंकि टीम में शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ नहीं हैं। ऐसे में जेडन सील्स तेज गेंदबाजी का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि कप्तान रोस्टन चेज, शाई होप, ब्रैंडन किंग और जॉन कैंपबेल को किसी तरह टीम को संभालना होगा। टीम के अधिकांश खिलाड़ियों ने 15 से कम टेस्ट मैच खेले हैं। पिच की बात की जाये तो यहां शुरुआत में रन बनते हैं लेकिन धीरे-धीरे यह टर्न लेती है और बाद में बल्लेबाजों के लिए मुश्किल है।

# तमीम इकबाल ने बीसीबी चुनावों से नामांकन लिया वापस

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने छह अक्टूबर को होने वाले बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से अपनी बुधवार को उम्मीदवारी वापस ले ली है। बाए हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने आज औपचारिक रूप से अपना नामांकन पत्र वापस लेने के लिए बीसीबी मुख्यालय का दौरा किया। बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप जानते हैं कि आज हमने अपना नामांकन वापस ले लिया है। मुझे मिलाकर हममें से लगभग 14-15 लोगों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस वापसी का कारण सभी को पता है मुझे नहीं लगता कि आपको कोई विवरण या स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता है। तमीम ने शुरुआत में बीसीबी चुनाव में निदेशक पद के लिए चुनाव लड़ने में रुचि दिखाई थी, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने अपना मन बदल लिया। नामांकन दाखिल करने के बाद, उन्होंने खुले तौर पर इस प्रक्रिया में सरकारी हस्तक्षेप का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं शुरू से ही एक बात कहता रहा हूं और अब आप सभी इस बारे में स्पष्ट हैं। यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है या इसे कैसे संचा. लित किया जा रहा है। जो भी किसी भी समय सही लगता है, जो भी वे करना चाहते हैं, किया जा रहा है। वास्तव में चुनाव नहीं है और यह किसी भी तरह से क्रिकेट के अनुकूल नहीं है। मुझे यकीन है कि जब चुनाव आयोग आज नाम वापस लेने वालों की सूची देगा, तो आप उनके नाम



# कैथरीन ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की



● कैथरीन ने बुधवार सुबह 3:16:61 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मी. टी54 का खिताब अपने नाम किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 5000 मीटर टी54 और 800 मीटर टी53 स्पर्धाओं में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकीं कैथरीन डेब्रनर ने बुधवार सुबह 3:16:81 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मीटर टी54 का खिताब भी अपने नाम किया। इसी के साथ वह इस चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं।

गत चैंपियन झाउ झाओकियान (चीन) 800 मीटर के बाद दूसरी बार दूसरे स्थान पर खिसक गईं। चीनी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में 100 मीटर और 400 मीटर स्प्रिंट में डेब्रनर को मात देने की उम्मीद कर रही होंगी, लेकिन डेब्रनर के पास पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव है और वह इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

पुरुषों की शॉट पुट एफ36 स्पर्धा में व्लादिमीर स्विरिडोव (न्यूट्रल पैरा एथलीट) ने अपने अंतिम प्रयास में 17.01 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पिछली बार सर्कल में प्रवेश करने पर, रूस में जन्मे इस एथलीट ने 16-93 मीटर का थ्रो फेंककर गत चैंपियन यासीन गुएनिची से बढ़त हासिल की थी, लेकिन आखिरी प्रयास में गुएनिची उनसे आगे निकल गए।

गुएनिची पहले दो राउंड के बाद 16.57 मीटर और 16.74 मीटर के थ्रो के साथ आठ एथलीटों के समूह में सबसे आगे थे,

# बुमराह के दोनों टेस्ट में खेलने का फैसला पहले मैच के बाद: गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा है की तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वेस्ट इंडीज के खिलाफ दोनों टेस्ट में खेलने का फैसला पहले मैच के बाद किया जाएगा। गिल ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। इंग्लैंड में यह लगातार चर्चा का विषय रहा क्योंकि सीरीज से पहले ही ऐलान किया गया था कि बुमराह पांच में से सिर्फ़ तीन टेस्ट खेलेंगे ताकि उनकी फ़िटनेस मैनेज हो सके। अब क्या होगा? गिल ने कहा कि हम फ़ैसला मैच-दर-मैच लेंगे। हम यह भी देखेंगे कि टेस्ट मैच कितना लंबा गया और हमारे तेज गेंदबाज ने कितने ओवर डाले। कुछ भी पहले से तय नहीं है। हम फ़ैसला तब करेंगे जब टेस्ट खत्म होगा और देखेंगे कि हमारे तेज गेंदबाज कैसा महसूस कर रहे हैं और उनकी बॉडी कैसी है। वहीं एक बल्लेबाज के रूप में मुझे नहीं लगता कि यह शारीरिक थकान है, बल्कि यह ज़्डादा मानसिक है। गेंदबाजों के लिए यह थोड़ा अलग है। फ़िलहाल मैं तरोताजा महसूस कर रहा हूं और मेरा शरीर तैयार है। मैं सिर्फ़ इस हफ्ते और अगले हफ्ते पर ध्यान दे रहा हूं और उसी हिसाब से फ़ैसले लूंगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि बुमराह के दोनों टेस्ट में खेलने पर फ़ैसला पहले मैच के बाद ही होगा।

## हम ऐसी विकेट पर खेलना चाहते हैं, जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को कुछ दे: शुभमन गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि पिछली घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 3-0 के हार के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना बहुत ज़रूरी हो गया है। अहमदाबाद टेस्ट से एक दिन पहले पत्रकारों से बात करते हुए गिल ने कहा, षपिछले कुछ सालों में अगर आप टेस्ट मैच देखें तो वे पांच दिन तक नहीं चले हैं। इसलिए हमारा लक्ष्य हार्ड क्रिकेट खेलना है। इंग्लैंड में हमने जितने भी टेस्ट खेले, सभी पांचवे दिन तक गए,।

मेरा मानना है कि आप हमसे यही उम्मीद कर सकते हैं कि हम अच्छा, सख्त और धैर्य वाला क्रिकेट खेलेंगे और आसान विकल्प नहीं तलाशेंगे। हमारे पास किसी भी तरह की स्थिति में दबदबा बनाने की क़ाबिलियत है। हमारे पास जो प्रतिभा है, उससे हम किसी भी परिस्थिति से वापसी कर सकते हैं। पिछले कुछ सालों में जब भारत ने टेस्ट क्रिकेट के लिए टीमों की मेजबानी की है तो अक्सर टर्निंग पिचें तैयार की गई हैं। इस साल इंग्लैंड में भारत ने 2-2 की सीरीज में अच्छा मुक़ाबला किया, तो अब कैसी पिच की उम्मीद करनी चाहिए? गिल ने कहा कि मैं उन चर्चाओं पर कुछ नहीं कह सकता, जो मेरे आने से पहले हुई, लेकिन हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहेंगे जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को कुछ दे।लेकिन यह भी सच है कि जब भी कोई टीम भारत आती है तो असली चुनौती स्पिन और रिवर्स स्विंग होती है। अगर टीमें स्पिन को अच्छे से खेल पाती हैं और रिवर्स स्विंग को चुनौती दे पाती हैं तो उन्हें अच्छी क़ामयाबी मिल सकती है। तो इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आप ऐसी विकेट पर खेलना चाहेंगे, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद दे। इंग्लैंड में भारत ने तेज गेंदबाजी पर आधारित आक्रमण चुना था और सिर्फ रवींद्र जडेजा और वॉशिगंटन सुंदर जैसे ऑलराउंडर्स ही स्पिनर थे, जबकि कुलदीप यादव को पांचों टेस्ट में नहीं खिलाया गया।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट

नेशनल रिकॉर्ड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोट्र्स सार्वजनिक की है। रिपोर्ट के आंकड़े बता रहे हैं कि अपराधों पर इस तरह का नियंत्रण नहीं हो पा रहा है जिस तरह की सरकारें दावा करती हैं। 2023 में कुल अपराधों की बात करें, तो 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए हैं, जो 2022 की तुलना में 7 फीसदी ज्यादा हैं। यह देखना बेहद दुखद है कि इन अपराधों में सबसे बड़ी संख्या महिलाओं को लेकर है। महिलाओं पर 4 लाख 48 हजार अपराध दर्ज हुए हैं। जो दस साल में सबसे ज्यादा हैं। यह देखना भी बेहद दिलचस्प है कि उप्र समग्र अपराध हत्या अपहरण और सड़क दुर्घटनाओ में उच्च स्थान पर है। वहीं महिलाओं के खिलाफ अपराध और दुष्कर्म मामले में राजस्थान सबसे आगे है। रंगदारी में जरूर महाराष्ट्र सबसे आगे निकलता दिखाई दे रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार राज्यो में हत्या और अपहरण मामलों में उप्र व बिहार ऊपर हैं। इससे साफ है कि गंभीर अपराध इन दोनो राज्यो में अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि सड़क हादसों के मामले में भी उप्र टॉप पर है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इस संबंध में 86 हजार 420 केस दर्ज हुए। इनमें भी साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। साइबर के सबसे कम मामले सिक्किम में दर्ज किए गए। हत्या के मामले में यूपी, बिहार के बाद महाराष्ट्र और एमपी का नंबर आया है। केंद्रशासित प्रदेशों की बात करें, तो हत्याओं की सबसे अधिक वारदात देश की राजधानी दिल्ली में हुई। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह तब है जब तमाम सरकारें यह दावा करती हैं कि हमने अपराधों पर अंकुश पा लिया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट साफ संकेत दे रही है कि सरकारों के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। भले ही वह अपने बयानों के माध्यम से वहां के मुख्यमंत्री व अन्य नेतागण बड़ी बातें करते हों लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है। यूपी की ही बात करें तो सीएम योगी आदित्यनाथ अपराधों को लेकर बेहद सख्त दिखाई देते हैं, पुलिस ने बाकायदा अपराधियों के खिलाफ हॉफ एनकाउंटर भी चलाया हुआ है, लेकिन रिपोर्ट से साफ है कि यह कवायद जमीन पर कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, बल्कि सच्चाई यह है कि अपराध घटने के बजाए और बढ़ोतरी की तरफ इशारा कर रहे हैं। यूं तो यह रिपोर्ट 2023 के आंकड़ों पर आधारित है और 2024 के आने बाकी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जिस तरह के हालात हैं, उसको देखकर नहीं लगता कि यह आंकड़े 2023 से इतर होंगे। रोज हम देखते हैं कि किस तरह समाचार पत्रों में अपराधों की घटनाओं की बाढ़ सी आई हुई होती है, जो इशारा करती है कि अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है और पुलिस की सारी कवायद अपराधियो में वह खौफ पैदा नहीं कर पा रही है, जिस तरह का खौफ होना चाहिए। यह कहानी किसी एक राज्य की नहीं है। कमोबेश देश के मुख्य राज्यों का यही हाल है। निश्चित रूप से अपराधों का बढ़ता ग्राफ हमें गंभीर चिंतन की तरफ ले जाने के लिए मजबूर करता है, लेकिन क्या हमारी राज्य सरकारें इस पर गंभीरता से विचार करेंगी।

## कश्मीरियों को बंदूक का डर दिखा रही भाजपा



कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है, जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है, यह सरकार की विफलता है, हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं, अगर युवाओं से ये सार्वजनिक स्थान छीन लिए गए, तो असंतोष बढ़ेगा, पुलिस हमारी रक्षक हैं, शहीदों का स्मारक कहीं और भी बनाया जा सकता है, जम्मू-कश्मीर में ऐसी जगहों की कमी नहीं है।

**महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख**

# राष्ट्र साधना के सौ वर्ष



नरेंद्र मोदी



100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ए हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ए हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमई यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुद्द को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है।

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आजादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेना. नियों को संघ संरक्षण देता रहा। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुई, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है। समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना। यह हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया। स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है। जो दुर्गम हैं जहां पहुंचना सबसे कठिन है।

संघ दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है। अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती। विद्या भारती, एकल विद्यालय। वनवासी कल्याण आश्रम। आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं। समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, यह हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। यह एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर ह्न हिन्दू पतितो भवेत' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया।

वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है। जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ए खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण यह संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामा. जिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विक. सित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुन: प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सादगी और ईमानदारी का दूसरा नाम थे शास्त्री

**प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी जब पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री जी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए किसी भी सूरत में कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम 121वीं जयंती मना रहे हैं।**



श्वेता गोयल

भारत के प्रधानमंत्री बनने से पहले लाल बहादुर शास्त्री भारत सरकार में विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रेल मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके थे। एक बार वे रेल के एसी कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई। एक अन्य अवसर पर रेल में यात्रा करते वक्त शास्त्री जी उस समय भड़क गए थे, जब विशेष रूप से उनके लिए रेल कोच में कूलर लगाने की व्यवस्था की गई। शास्त्री जी उस समय रेल मंत्री थे और बम्बई जा रहे थे। गाड़ी चलने पर शास्त्री जी अपने पीए से बोले कि बाहर तो बहुत गर्मी है लेकिन डिब्बे में काफी ठंडक है। तब उनके पीए कैलाश बाबू ने कहा, सर, डिब्बे में कूलर लग गया है, इसीलिए डिब्बे में इतनी ठंडक है। शास्त्री जी को गुस्सा आया और उन्होंने अपने पीए से पूछा कि बगैर मुझसे पूछे कूलर कैसे लग गया? आप लोग कोई भी कार्य करने से पहले मुझसे पूछते क्यों नहीं? क्या इतने सारे लोग, जो इस गाड़ी में चल रहे हैं, उन्हें गर्मी नहीं लगती होगी? उन्होंने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि मुझे भी जनरल डिब्बे में ही सफर करना चाहिए था लेकिन वह संभव नहीं है किन्तु जितना हो सकता है, उतना तो किया ही जाना चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में पीए को निर्देश दिया कि अगले स्टेशन पर गाड़ी जहां भी रुके, वहां सबसे पहले इस कूलर को निकलवाइए। इस प्रकार मथुरा स्टेशन पर शास्त्री जी कूलर हटवाकर ही माने।

1964 में शास्त्री जी जब प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बहुत ही कम किया करते थे। वह गाड़ी किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही निकाली जाती थी। एक बार की बात है, जब शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे निकालकर ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चलाई गई? ड्राइवर ने बताया, चौदह किलोमीटर। उसके बाद शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज। शास्त्री जी इतने से ही शांत नहीं हुए, उन्होंने पत्नी ललिता को बुलाया और निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए उनके निजी सचिव से कहकर वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिता को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रूपए मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रूपए ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रूपए ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रूपए से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती




वीरेश तरार

भारत के इतिहास में महात्मा गांधी का नाम केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसे पथप्रदर्शक के रूप में दर्ज है जिन्होंने दुनिया को यह दिखाया कि बिना हथियार, बिना बारूद और बिना हिंसा के भी सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत को हराया जा सकता है। दो अक्टूबर को जब हम गांधी जयंती मनाते हैं, तो यह केवल उनके जन्म की स्मृति नहीं होती, बल्कि यह हमारे लिए एक अवसर होता है कि हम गांधी के विचारों को, उनके शास्त्रों को और उनके मूल्यों को आज की परिस्थितियों में परखें। यह सच है कि आजादी के संघर्ष के समय गांधी ने जिस अहिंसा के शस्त्र को चुना था, वही आगे चलकर दुनिया की अनेक लड़ाइयों और आंदोलनों का भी आधार बना। लेकिन यह भी सच है कि आज की नई पीढ़ी अहिंसा की ताकत को उतना नहीं समझती जितना उसे समझना चाहिए।

गांधी का अहिंसा का मार्ग अचानक पैदा नहीं हुआ। यह एक लंबे अनुभव, अध्ययन और आत्मचिंतन की प्रक्रिया का परिणाम था। बचपन से ही वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे। जैन साधुओं और वैष्णव भक्ति परंपरा का वातावरण उनके जीवन को प्रभावित करता रहा। अहिंसा उनके लिए केवल एक नीति नहीं थी, बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक अनुभूति थी। बाद में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में रहकर उन्होंने जब उपनिवेशवाद की क्रूरता और नस्लीय भेदभाव को देखा, तब उन्होंने यह ठान लिया कि लड़ाई का रास्ता तलवार और बंदूक से नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा से ही निकलेगा। सत्याग्रह का प्रयोग सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुआ। रंगभेद के खिलाफ भारतीयों की आवाज को संगठित करने के लिए गांधी ने न केवल जनजागरण किया, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी दिलाया कि बिना हिंसा के, शांतिपूर्ण ढंग से भी हम सत्ता को झुका सकते हैं। यह प्रयोग सफल रहा और गांधी को जीवनभर का मार्ग मिल गया। भारत लौटने के बाद चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा और अहमदाबाद मिल आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक हर जगह गांधी ने यही रास्ता अपनाया। परिणाम यह हुआ कि भारत के सामान्य किसान, मजदूर, स्त्री, पुरुष, शिक्षित और अशिक्षित सभी लोग इस अहिंसा की सेना के सिपाही बन गए। बंदूक के सामने निहत्थे खड़े हो जाना, डंडे खाने के बाद भी जवाब में पत्थर न उठाना, यह आसान नहीं था। लेकिन इसने ब्रिटिश हुकूमत को भीतर से हिला दिया।

यहां यह समझना जरूरी है कि अहिंसा का अर्थ कायरता नहीं है। गांधी कहते थे कि कायरता और हिंसा में से चुनाव करना पड़े तो मैं हिंसा को चुनूंगा, लेकिन अहिंसा कायरता नहीं है, यह वीरता का सर्वोच्च रूप है। हिंसा तो पलभर में प्रतिशोध की आग में भड़क जाती है, लेकिन अहिंसा के लिए धैर्य, साहस और सहनशीलता चाहिए। किसी का थप्पड़ खाकर मुस्कुराना कोई साधारण काम नहीं है, लेकिन जब हजारों लोग यह करने लगें, तो सत्ता की नींव हिल जाती है। यही गांधी का चमत्कार था। भारत ने इसी मार्ग से स्वतंत्रता पाई। दुनिया ने इसे देखा और माना। दक्षिण अफीका के नेल्सन मंडेला ने गांधी के अहिंसावादी सिद्धांत को अपनाया और रंगभेद की जंजीरों को तोड़ा। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने इसी सिद्धांत के सहारे नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया और श्वेत सत्ता को झुकाया। म्यांमार में आंग सान सू की ने गांधी का हवाला दिया। इस तरह गांधी का अहिंसा का शास्त्र केवल भारत की धरोहर नहीं रहा, बल्कि यह दुनिया की संपत्ति बन गया, लेकिन आज जब हम अपने देश को देखते हैं, तो गांधी की विरासत कहीं खोती हुई दिखाई देती है। आंदोलनों में पत्थरबाजी, आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा को सामान्य मान लिया गया है। नतीजा यह होता है कि सरकार दमन करती है, लाठीचार्ज होता है, गोलियां चलती हैं और जिनके लिए सहानुभूति पैदा होनी चाहिए, वही अपराधी घोषित कर दिए जाते हैं। हाल ही में किसानों का आंदोलन इसका एक उदाहरण था। चौदह महीने तक किसान शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली की सीमाओं पर बैठे रहे। न तो कोई हिंसा हुई, न ही कोई बड़ी तोड़फोड़। धीरे-धीरे पूरा देश उनकी आवाज के साथ खड़ा हो गया और आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा। इसी तरह लेह-लद्दाख का आंदोलन भी तब तक सफल रहा जब तक वह अहिंसक था। लेकिन जैसे ही हिंसा की एक चिंगारी उठी, सहानुभूति खत्म हो गई, आंदोलन कमजोर पड़ गया और नेता जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए।

यह बात हमारी समझ में आनी चाहिए कि अहिंसा केवल एक नैतिक मूल्य नहीं है, बल्कि यह एक रणनीति भी है। शांतिपूर्ण आंदोलन से सरकार और समाज को यह संदेश जाता है कि यह संघर्ष किसी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि न्याय के लिए है। हिंसा होते ही यह नैतिक ऊंचाई खो जाती है। गांधी का चमत्कार यही था कि उन्होंने आंदोलन को नैतिक ऊंचाई पर टिकाए रखा। विदेशी अखबारों से लेकर ब्रिटिश संसद तक में यह चर्चा होती थी कि भारत के लोग कितने अनुशासित और कितने शांतिप्रिय होकर संघर्ष कर रहे हैं। यह अनुशासन ही हमारी ताकत बना।



आज जरूरत है कि हम इस अनुशासन को फिर से जीवित करें। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि अहिंसा कोई पुरानी, बासी या अव्यावहारिक चीज नहीं है। बल्कि यह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी गांधी के समय थी। आज जब दुनिया में आतंकवाद, सांप्रदायिकता, पूंजीवाद और हिंसा का बोलबाला है, तब गांधी की यह सीख और भी जरूरी हो जाती है। एक गोली का जवाब दूसरी गोली से देने का परिणाम केवल मौत और तबाही है। लेकिन एक गोली का जवाब मौन रहकर, सीना तानकर खड़े होने से सरकार और समाज दोनों का चेहरा उजागर होता है।

गांधी ने कहा था कि अहिंसा परमो धर्म: केवल ग्रंथों की पंक्ति नहीं है, यह जीवन का मार्ग है। भारत में जैन धर्म, बौद्ध धर्म और वैष्णव परंपरा सबने इसे माना। गांधी ने इसे राजनीति का शस्त्र बना दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शटडाउन से अमेरिका बेहाल

## सरकारी कामकाज ठप, नौ लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर छाया संकट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से शटडाउन लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीनेट से फंडिंग बिल को पास नहीं करा पाए। इससे कई गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं, जिससे करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजने की नौबत आ गई है। दरअसल, मंगलवार देर रात बिल पर वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े। इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी।

ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। सीनेट में मंगलवार को फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई थी। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर था कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रोकने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। शटडाउन के दौरान, ट्रम्प प्रशासन आफिस आफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) के जरिए जरूरी और गैर-जरूरी सेवाओं का फैसला कर सकता है। इससे वे डेमोक्रेट समर्थित प्रोग्राम्स जैसे शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य सब्सिडी को गैर-जरूरी कर सकते हैं, जबकि डिफेंस और इमिग्रेशन को जरूरी का दर्जा दे सकते हैं। ट्रम्प ने खुद कहा है शटडाउन से कई अच्छी चीजें होंगी।




- ट्रम्प फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए, 60 वोटों की जरूरत थी, 55 ही मिले
- फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई

### छोटे शटडाउन से ट्रम्प को होगा ज्यादा फायदा

**छोटे** शटडाउन से ट्रम्प को ज्यादा फायदा होगा क्योंकि वे अपने एजेंडे को आगे बढ़ा सकते हैं, लेकिन लंबा खिंचने पर आर्थिक नुकसान से उनकी छवि खराब हो सकती है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका में सरकारी शटडाउन लगने के बाद अब सरकार के पास खर्च के लिए पैसा नहीं होगा। इससे सरक. ारी कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी से लेकर तमाम दूसरे खर्च रुक जाएंगे।

# फिलीपींस में 6.9 तीव्रता का भूकंप

## 69 की मौत, 150 से ज्यादा घायल, कई मकान और चर्च धराशाई हुए

**मनीला।** फिलीपींस के सेबू प्रांत में मंगलवार रात को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी वजह से 69 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 150 घायल है। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया है। रेस्क्यू टीमें मंगलवार रात से ही बचाव अभियान चला रही हैं।

अमेरिकी जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने पहले इसे 7.0 तीव्रता का बताया था, लेकिन बाद में कम करके 6.9 कर दिया। भूकंप का केंद्र सेबू आइलैंड के बोगो शहर के पास था। इस शहर की आबादी 90 हजार है। पहले झटके के बाद इलाके में 5 या उससे अधिक तीव्रता के चार और झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के तेज झटकों की वजह से एक चर्च का ऊपरी हिस्सा गिर गया। भूकंप के झटकों के दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए और एक दूसरे को पकड़कर खड़े रहे।



- मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया

भूकंप से एक होटल के फर्श की टाइल टूट गई और लोग भागने पर मजबूर हो गए। एक ब्लागर ने अपने कैमरे में भूकंप के झटकों को रिकॉर्ड किया। वह फिलीपींस के एक बार में बैठा हुआ था। रैम्प वाक शो के दौरान भूकंप के झटकों के बाद महिला माडल रैम्प से कूदकर भाग गईं। रैम्प वाक शो में मौजूद कई दूसरे लोग भी भूकंप के झटकों के दौरान भागते नजर आए। भूकंप में फूड चेन मैकडानल्ड्स के एक आउटलेट की दो मंजिला बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा। इस बिल्डिंग की दीवारें टूट गईं, जिससे वह एक तरफ झुक गई। राहतकर्मियों ने भूकंप में घायल हुए लोगों को रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पर्याप्त जगह नहीं होने से कई घायलों का बाहर ही इलाज करना पड़ा। फिलीपींस रिंग आफ फायर के पास मौजूद है, ऐसे में यहां भूकंप आना आम बात है। रिंग आफ फायर ऐसा इलाका है, जहां कई कान्टिनेंटल के साथ ही ओ. शियनिक टेक्टोनिक प्लेट्स भी हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है, सुनामी उठती है और ज्वालामुखी फटते हैं। दुनिया के 90 प्रतिशत भूकंप इसी रिंग आफ फायर क्षेत्र में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है। दुनिया में जितने सक्रिय ज्वालामुखी हैं, उनमें से 75 प्रतिशत इसी क्षेत्र में हैं। जापान, रूस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, अमेरिका, मेक्सिको, ग्वाटेमाला, कोस्टा रिका, पेरू, इक्वाडोर, चिली और बोलिविया रिंग आफ फायर के पास हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में भारतीय छात्रा का शव फंदे पर झूलता मिला

**ढाका।** बांग्लादेश की ढाका में भारत की मेडिकल छात्रा निंदा खान (19 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह राजस्थान के झालावाड़ की रहने वाली थीं। वह अड-डिन मोमिन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने के बाद कॉलेज प्रशासन ने उसे निष्कासित कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद रविवार तड़के उसका शव हास्टल के कमरे में फांसी से लटका मिला। ढाका पुलिस प्रमुख सैयद मोहम्मद अख्तर ने बताया कि उन्हें सुबह 4:15 बजे सूचना मिली और मौके पर पहुंचने पर छात्रा का शव बरामद किया गया।

### इंडोनेशिया में स्कूल की इमारत ढहने से कम से कम 91 लोग फंसे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बुधवार को कहा कि पूर्वी जावा प्रांत के सिदोअर्जो जिले में 29 सितम्बर को एक स्कूल की इमारत ढहने के बाद कम से कम 91 लोग फंस गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि कल शाम तक, इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी थी और 90 से जयादा घायल हो गए थे, जबकि 26 अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। विभिन्न एजेंसियों के सैकड़ों बचावकर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। भारी मशीनरी के इस्तेमाल से इमारत के ढहने की आशंका की वजह से बचावकर्मियों ने हाथ से खुदाई पर ध्यान केंद्रित किया है। वे मलबे में फंसे लोगों तक खाना और पानी पहुंचा रहे हैं।

### हमास से ट्रम्प की गाजा योजना स्वीकार करने का आग्रह

**मॉस्को।** कतर, मिस्र और तुर्की ने हमास से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने सोमवार को गाजा संघर्ष को हल करने के लिए 20-सूत्रीय योजना का प्रस्ताव सामने रखा। इस प्रस्ताव में अन्य बातों के साथ, तत्काल युद्धविराम और 72 घंटों के भीतर बंधकों की रिहाई की मांग की गई है। प्रस्तावित योजना में यह भी निर्धारित किया गया है कि हमास और 'अन्य समूहों' को गाजा शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी छोड़नी होगी। प्रस्ताव के मुता. बिक गाजा का शासन एक 'तकनीकी, गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समिति' द्वारा किया जाएगा।

# आतंकवाद की चुनौती से मिलकर निपटेंगे भारत-उज्बेकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत और उज्बेकिस्तान ने आतंकवाद की चुनौती का मिलकर मुकाबला करने तथा इस क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए सूचना साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम तौर तरीकों के आदान-प्रदान की जरूरत पर बल दिया है। दोनों देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद से संबंधित मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर भी चर्चा की।

भारत-उज्बेकिस्तान आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की नौवीं बैठक मंगलवार को ताशकंद में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद निरोधक) डॉ. विनोद जे. बहाडे और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका सहयोग विभाग के प्रमुख गुला. मजोन पिरिमकुलोव ने की। दोनों पक्षों ने वैश्विक स्तर पर और अपने-अपने क्षेत्रों में आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न खतरों पर चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिनमें उग्रवाद और कट्टरपंथ का मुक. ाबला, आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को रोकना, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच गठजोड़ और आतंकवादियों की वैश्विक आवाजाही जैसे मुद्दे शामिल हैं। दोनों पक्षों ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की निंदा की। उन्होंने सूचना साझा करने क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से आतंकवाद से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया।

# बेंजामिन नेतन्याहू ने 30 साल में तीन मुस्लिम देशों से मांगी माफी

## कतर से पहले जॉर्डन ने किया था मजबूर

**तेल अवीव।** हमास से जुड़े बड़े लीडर्स राजधानी के एक रिहाइशी काम्प्लेक्स में सीजफायर को लेकर चर्चा करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

मीटिंग चल ही रही थी कि इजरायली एयरफोर्स ने रेड सी से बैलिस्टिक मिसाइल से इमारत को निशाना बनाकर हमला कर दिया। हमले में हमास के 5 अधिकारी समेत कतर सेना के एक सैनिक की मौत हो गई। कतर पर हमला ट्रम्प की असफलता माना गया। हमले के 5 दिन बाद ही दोहा में 50 से ज्यादा मुस्लिम देशों के नेता इकट्ठा हुए और इजरायली हमले की निंदा की। दबाव इतना बढ़ा कि 20 दिन बाद नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस से कतर के पीएम को फोन कर माफी मांगी।



- तुर्की को इजरायल ने मुआवजा भी दिया था

उन्होंने साफ कहा कि इजरायल दोबारा कभी कतर पर हमला करने की गलती नहीं करेगा। कतर, अमेरिका का मित्र देश है। अमेरिका उसे 1992 से सुरक्षा गारंटी दे रहा है। बदले में कतर, अमेरिका को अरबों का निवेश देता है। इसी साल मई में कतर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को 3400 करोड़ का लग्जरी प्लेन गिफ्ट किया था। यह पहली बार नहीं है जब इजरायल को अपनी आक्रामक नीतियों की वजह से मुस्लिम देशों से माफी मांगनी पड़ी है। इससे पहले भी नेतन्याहू जार्डन और तुर्की से माफी मांग चुके हैं बेंजामिन नेतन्याहू जून 1996 में पहली बार इजरायल के प्रधानमंत्री बने थे। पद संभालने के बाद ही उन्होंने हमास को टारगेट करना शुरू किया। उन्होंने हमास में तेजी से उभर रहे नेता खालिद मेशाल को मारने के लिए खुद मोसाद के 6 एजेंट्स चुने। खालिद मेशाल उन दिनों हमास का प्रवक्ता था और जार्डन में रह रहा था। 25 सितम्बर 1997 का दिन चुना गया जब उसकी हत्या होनी थी।

# इजरायली हमलों से फिर दहला गाजा, 16 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी पर इजरायल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। बुधवार को कम से कम 16 फलस्तीनी नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। यह हमले ऐसे समय हो रहे हैं जब पूरी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शांति योजना पर हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है।

मृतकों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने गाजा सिटी के अल-फलाह स्कूल में शरण ली थी। अधिकारियों के मुताबिक स्कूल पर दो बार हमला हुआ। अस्पतालों ने बताया कि हमलों में राहतकर्मी भी मारे गए। सुबह एक और हमले में पांच लोगों की मौत तब हुई जब वे पीने के पानी की टंकी के पास खड़े थे। गाजा सिटी के शिफा अस्पताल ने एक व्यक्ति के शव को लिया, जिसकी मौत अपार्टमेंट पर हमले में हुई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में

- अस्पतालों ने बताया कि हमले में राहतकर्मी भी मारे गए

एक दंपति की मौत हुई, जबकि बुरेज शिविर में एक व्यक्ति मारा गया। मंगलवार को तुर्की चौनल टीआरटी के पत्रकार यहया बरजाक भी एक हमले में मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि अब तक इजरायली अभियान में 66000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है और करीब 1.70 लाख लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग आधी है। हालांकि मंत्रालय नागरिक और आतंकी में अंतर नहीं करता। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में एक 20 सूत्रीय शांति योजना पेश की है। इसमें हमास से बंधकों की रिहाई, गाजा छोड़ने और हथियार डालने की शर्त रखी गई है।

# शांति प्रस्ताव पर फैसले के लिए हमास के पास 3-4 दिन का समय

**वाशिंगटन।** हमास ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा शांति प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने से पहले इसपर विचार करेगा और अन्य फलस्तीनी गुटों के साथ भी चर्चा करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही ट्रम्प के प्रस्ताव का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि हमास इस पर तैयार है या नहीं।

प्रस्ताव में कहा गया है कि हमास प्रभावी रूप से आत्मसमर्पण करे और निशस्त्रीकरण करे, बदले में गाजा में लड़ाई समाप्त होगी। फलस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता और गाजा में पुनर्निर्माण का वादा किया गया है। ट्रम्प का कहना है कि हमास के पास प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के लिए 'तीन या चार दिन' का ही समय है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमास या तो प्रस्ताव पर सहमत होगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो इसका अंत बहुत दुखद होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नवीनतम शांति प्रस्ताव में हमास के लिए बातचीत की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। कतर और मिस्र के अधिकारियों ने हमास के वार्ताकारों के सामने यह ट्रम्प का प्रस्ताव रखा है, जो इसकी समीक्षा कर रहे हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि अगर हमास इस समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो इजरायल को हमास को तबाह करने के लिए उनकी सरकार का पूरा समर्थन होगा। ट्रम्प ने कहा कि मैं उन्हें जो करना है, करने दूंगा। वे इसे बहुत आसानी से कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वह जब भी संभव हो, वे गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है। ट्रम्प के प्रस्ताव में कहा गया है कि सहायता की आपूर्ति इजरायल या हमास के हस्तक्षेप के बिना होगी और सहायता आपूर्ति संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों, और रेड क्रिसेंट के माध्यम से की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र की जिनेवा प्रवक्ता एलेसेंड्रा वेलुची ने कहा कि यूएन शांति प्रयासों को लेकर विभिन्न पक्षों के संपर्क में है। हम सभी मध्यस्थता का स्वागत करते हैं। पोप लियो ने हमास से ट्रम्प के शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की और तत्काल युद्धविराम और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई का आह्वान दोहराया।

- डेडलाइन के बाद ट्रम्प की अंजाम भुगतने की धमकी

# नेपाल, भूटान व श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे भारतीय बैंक

**मुंबई।** रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्राधिकृत डीलर बैंक नेपाल, भूटान और श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही नियमों को अधिसूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेपाल, भूटान और श्रीलंका के नागरिकों के अलावा वहां के बैंकों को भी रुपये में कर्ज दिया जा सकेगा। इसके अलावा एक और बड़े बदलाव के तहत अब फाइनेंशल बेंचमार्क इंडिया लिमिटेड को अमेरिकी डॉलर, यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी येन के अलावा दूसरी मुद्राओं के लिए भी संदर्भ दर जारी करने के निर्देश दिये गए हैं।

# 3 मौतों के बाद POK में लोगों का गुस्सा चरम पर

## पाकिस्तान के सभी एंट्री पॉइंट बंद करने की धमकी दी

**जिनेवा।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में इन दिनों उबाल है और विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन प्रदर्शनकारियों की मौत से लोगों का गुस्सा और भड़क गया है। पीओके का विरोध प्रदर्शन इस कदर व्यापक हो गया है कि विदेशों में बसे पीओके के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं।

यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के अध्यक्ष शौकत अली कश्मीरी ने स्विट्जरलैंड में न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा कि यह विरोध प्रदर्शन लोगों की बुनियादी जरूरतों को लेकर है। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग बीते दो वर्षों से अपने बुनियादी अधिकारों के लिए विरा. ध प्रदर्शन कर रहे हैं। शौकत अली कश्मीरी ने कहा कि जॉइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले लोग बीते दो वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। यह



आंदोलन बुनियादी जरूरतों को लेकर है। बीते 77 वर्षों से पीओके के लोगों को बुनियादी अधिकारों और जरूरतों से दूर रखा गया। पहले राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने मंच से विरोध प्रदर्शन कर रहीं थीं। फिर सभी राजनीतिक पार्टियों और आम लोगों ने मिलकर एक जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का गठन किया। बीते दो वर्षों से ये कमेटी ही आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी के अध्यक्ष ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की सरकार को कठपुतली सरकार बताया और आरोप लगाया कि ये कठपुतली सरकार लोगों की वैध और सही मांगों को भी पूरा करने में नाकाम रही। लोग बिजली की किल्लत, बेरोजगारी और संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कठपुतली सरकार उनकी जायज मांगों को भी पूरा नहीं कर पा रही है। यूकेपीएनपी के नेताओं ने धमकी दी कि आने वाले समय में आंदोलन और तेज होगा क्योंकि लोग अब सोशल मीडिया के जरिए जुड़े हुए हैं।

# नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए छटपटा रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलता है तो यह उनके देश का अपमान होगा। उन्होंने अपने इस दावे को दो. हराया कि उन्होंने कम से कम सात अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है।

ट्रम्प का यह ताजा बयान ऐसे समय में सामने आया, जब एक दिन पहले उन्होंने गाजा में जारी युद्ध को खत्म करने के लिए शांति योजना की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अगर हमास इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो यह आठवां संघर्ष होगा, जिसे उन्होंने मध्यस्थता करके खत्म किया होगा। ट्रम्प ने कहा क्या आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा? बिल्कुल नहीं। यह पुरस्कार



किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जिसने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा यह हमारे देश का बड़ा अपमान होगा। मैं इसे (अपने लिए) नहीं चाहता, मैं चाहता हूं कि यह देश को मिले। उन्होंने आगे कहा, इसे देश को मिलना चाहिए क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति का यह दावा दस अक्टूबर से पहले आया है, जब इस साल नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की जाएगा। ट्रम्प लंबे समय से इस बात से परेशान हैं कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को 2009 में यह पुरस्कार मिला था, जो डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं। अपने ताजा संबोधन में ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उन्होंने इस साल जनवरी से सात संघर्षों को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि अगर गाजा शांति योजना सफल हो जाती है तो हमारे पास ऐसे आठ युद्ध होंगे, आठ महीनों में आठ युद्ध। यह बहुत अच्छा है। गाजा शांति योजना की पेशकश उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के दौरान की थी। पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सात महीने में सात संघर्ष खत्म किए हैं। उन्होंने कहा कहा जा रहा था कि ये संघर्ष खत्म नहीं होंगे। कुछ 31 साल से चल रहे थे। इनमें एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध खत्म किए और सभी मामलों में हजारों लोग मारे जा रहे थे।

- ट्रम्प ने दोहराया सात संघर्षों को रोकने का दावा

